✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



पीएम नरेन्द्र मोदी ने ब्रह्माकुमारी दीदी और छोटी-छोटी बहनों से बंधवाई राखी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 75 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 10 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# बिहार के नौ जिलों में बाढ़ से हाहाकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार और नेपाल के तराई इलाकों में लगातार हो रही बारिश से प्रदेश की प्रमुख नदियों के जलस्तर में वृद्धि हो गई है। गंगा और कोसी समेत कई नदियां अलग-अलग स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। जलस्तर में इस बढ़ोतरी के कारण बिहार के निचले क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। पटना, वैशाली, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, भोजपुर, मुंगेर, खगड़िया, पूर्णिया और कटिहार जिलों के कई इलाकों में पानी भर गया है। जल संसाधन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि गंगा नदी पटना के दीघा, गांधी घाट, हाथीदह के साथ ही मुंगेर, भागलपुर और कहलगांव में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं कोसी नदी खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान पार कर चुकी है। बागमती नदी सोनाखान और बेनीबाद में लाल निशान के ऊपर है जबकि बूढ़ी गंडक खगड़िया और पुनपुन श्रीपालपुर में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी से भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड के 13 पंचायतों की लगभग 33,400 आबादी प्रभावित है। प्रभावित लोगों के लिए जिला प्रशासन ने छह सामुदायिक रसोई केंद्र संचालित किए हैं जिनके माध्यम से अब तक करीब 61,500 लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही जरूरतमंद परिवारों को 2258 पॉलीथीन शीट्स बांटी गई हैं और 120 नावों की व्यवस्था कर आवागमन सुनिश्चित किया गया है। पटना जिले के अथमलगोला, मोकामा, बाढ़, दानापुर और पटना सदर प्रखंड के 14 पंचायतों में लगभग 90,500 लोग बाढ़ की चपेट में हैं। इन क्षेत्रों में भी जिला प्रशासन ने छह सामुदायिक रसोई केंद्र संचालित किए हैं, जहां अब तक 17,200 लोगों को भोजन दिया जा चुका है। इसके अलावा दो राहत शिविर चलाए जा रहे हैं, जिनमें 1130 लोगों के लिए आवास और भोजन की व्यवस्था की गई है।



## आने-जाने का रेल टिकट बुक करने पर मिलेगी 20 प्रतिशत की छूट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** त्योहारों के मौसम में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे मंत्रालय ने शनिवार को एक नई योजना की घोषणा की है। इसके तहत 13 से 26 अक्टूबर के बीच यात्रा करने और 17 नवंबर से 1 दिसंबर के बीच उसी ट्रेन से वापसी करने वाले यात्रियों को वापसी टिकट के किराए पर 20% की छूट दी जाएगी। यह छूट 14 अगस्त से बुक किए गए टिकटों पर लागू होगी। हालांकि यह छूट राजधानी, शताब्दी, दुरंतो जैसी फ्लेक्सी किराया वाली ट्रेनों पर लागू नहीं होगी। रेल मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बुकिंग की शुरुआत 14 अगस्त से होगी जो 13 अक्टूबर की एआरपी (एडवांस रिजर्वेशन पीरियड) तारीख के लिए होगी। इसके तहत पहले यात्रा का टिकट 13 से 26 अक्टूबर के बीच की तारीख के लिए बुक करना होगा। इसके बाद वापसी का टिकट 17 नवंबर से 1 दिसंबर के बीच की तारीख के लिए 'कनेक्टिंग जर्नी फीचर' के जरिए बुक किया जा सकेगा। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि एडवांस रिजर्वेशन पीरियड (13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर) वापसी यात्रा के लिए लागू नहीं होगा। इस योजना के तहत छूट केवल तब मिलेगी जब आगे और वापसी दोनों यात्राएं एक ही यात्रियों के लिए बुक की जाएंगी। वापसी यात्रा में यात्री विवरण आगे की यात्रा के समान होने चाहिए।

**औरंगाबाद में क्या आप अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहते हैं? इस प्रीमियम व्यावसायिक स्थान को किराया पर लें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।**

- संपत्ति का प्रकार : पूर्ण व्यावसायिक भवन
- स्थान : रावल बिगहा, कुंडा-सिमरा रोड पर, औरंगाबाद (बिहार)
- कुल मंजिलें : 2
- निर्मित क्षेत्रफल : 13000 वर्गफीट



उपयुक्त

- शोरूम
- कार्यालय
- कोचिंग संस्थान
- क्लिनिक/अस्पताल
- रेस्टोरेंट/कैफे
- सुपरमार्केट/खुदरा श्रृंखलाएं

सुविधाएं : पार्किंग स्थान उपलब्ध, प्रत्येक मंजिल पर अलग शौचालय, 24 X 7 पानी और बिजली

संपर्क करें : प्रमोद कुमार सिंह, मो.-9931820911

## संक्षिप्त समाचार

### रक्षाबंधन के दिन दो जवान शहीद

**श्रीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** रक्षाबंधन के दिन पंजाब के दो जवान देश के लिए बलिदान हो गए। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम के अखल इलाके में आतंकियों और जवानों के बीच मुठभेड़ चल रही है। मुठभेड़ में दो जवान बलिदान हो गए। दोनों जवान पंजाब के अलग-अलग जिलों के हैं। इनमें एक फतेहगढ़ साहिब के मंडी गोबिंदगढ़ का हरमिंदर सिंह और दूसरा खन्ना के समराला का लांस नायक प्रीतपाल सिंह है।

### सीआरपीएफ के बर्खास्त जवान ने की आत्महत्या

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** रिवीलगंज थाना क्षेत्र के जखुवा गांव में शनिवार को सीआरपीएफ के बर्खास्त जवान आनंद कुमार सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सुसाइड करने से पहले आनंद ने वीडियो बनाया और सुसाइड नोट लिखा है। वीडियो में आनंद कह रहे है कि मैं अपनी पत्नी से तंग आ गया हूं। सास के साथ मिलकर मेरी पत्नी काफी टॉर्चर करती है। मैं जो करने जा रहा हूं, इसकी जिम्मेदार सिर्फ मेरी पत्नी है।

### कांग्रेस के टिकट दावेदारों का साक्षात्कार 13 व 14 को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** विधानसभा चुनाव टिकट दावेदारों के साक्षात्कार के लिए कांग्रेस ने तिथि घोषित कर दी है। सदाकत आश्रम में पहले दिन 13 अगस्त को 21 सांगठनिक जिले और दूसरे दिन 14 अगस्त को 19 सांगठनिक जिलों के दावेदारों का साक्षात्कार होगा। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने दावेदारों से निर्धारित तिथि और समय पर ही संभावित प्रत्याशियों को आने को कहा है।

### सरपंच पुत्र की गोली मारकर हत्या

**सुपौल(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के लालगंज बाजार में शनिवार को अपराधियों ने मुरली पंचायत के सरपंच बिंदा देवी के पुत्र श्रीराम यादव की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि श्रीराम अपनी पत्नी नीलम देवी के साथ बाइक पर सवार होकर कोरियापट्टी गांव स्थित ससुराल पत्नी को राखी बंधवाने को लेकर जा रहे थे। लालगंज के पास अपराधियों ने उनकी बाइक रोककर दो से तीन राउंड गोली चलाई जिसमें गोली उनके सिर में दायीं कनपटी के पास जाकर लगी।

### बाढ़ के पानी में डूबने से बच्चे की मौत

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के बोचहा गांव में शनिवार को बाढ़ के पानी में डूब कर 4 साल के बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान बछवारा थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी प्रमोद राम के बेटे साहिल कुमार के रूप में की गई है। बताया गया है कि वह अपने ननिहाल में रहता था।

## घर में घुसकर विधवा की हत्या

**गयाजी(नबिटा)।** रौशनगंज थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव में देर रात अपराधियों ने घर में घुसकर विधवा महिला की हत्या कर दी। लोहे के रॉड से सिर और शरीर पर मारा जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान विपत्ति देवी के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक महिला घर में अकेले रहती थी। दो बेटे हैं, दोनों अपनी पत्नी और बच्चों के साथ दिल्ली में रहते हैं। वहां प्राइवेट नौकरी करते हैं। हत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। घर में लूटपाट भी नहीं हुई है। मामले की सूचना मिलते ही रौशनगंज थानाध्यक्ष अन्नू राजा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। बेटों को हत्या की सूचना दी गई है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है। इसमें लूट, आपसी रंजिश और अन्य वजहों को खंगाला जा रहा है। मृतका के परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ हुई है ताकि किसी संदिग्ध की पहचान हो सके। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। इस घटना के बाद गांव में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है।

## डूबने से दो लोगों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बछवाड़ा प्रखंड क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त चमथा दियारा इलाके में बाढ़ के पानी में डूबकर दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना विशनपुर पंचायत के बुझावन चौक चिरैयाटोक के समीप की है। जहां पानी भरे गड्ढे में गिरने से एक 12 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक की पहचान वार्ड नंबर-13 बुझावन चौक चिरैयाटोक के रहने वाले अमरजीत पासवान की बेटी 12 साल की रुचि कुमारी के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त बच्ची घुटने भर पानी में पैदल नाव पकड़ने के लिएजा रही थी। इसी दौरान तेज बहाव होने के कारण गहरे पानी में चली गई। जब तक उसे निकाला गया, मौत हो चुकी थी। मृतक चार बहन और एक भाई है। दूसरी घटना चमथा पंचायत-2 के वार्ड नंबर-एक की है जहां डेरा से वापस लौट के दौरान गंगा-बाया नदी के बढ़े जलस्तर में पैर फिसलने के कारण तेज बहाव में डूबने से एक किसान की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक की पहचान चमथा पंचायत-2, के मंत्रीजी टोल के रहने वाले रामाशीष राय के पुत्र शत्रुघ्न राय के रूप में की गई है। पंचायत के मुखिया मुखिया राकेश कुमार राय उर्फ बच्चा बाबू ने बताया कि डेरा से वापस अपने घर आ

## 37 हजार किमी से भी अधिक ग्रामीण सड़कों के अनुरक्षण का काम पूरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में ग्रामीण सड़कों की तस्वीर लगातार बदल रही है। बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति 2018 के तहत ग्रामीण कार्य विभाग ने 40 हजार 252 किलोमीटर सड़कों की मरम्मति और रखरखाव की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इसमें से 37 हजार 026.185 किलोमीटर से भी अधिक सड़कों का अनुरक्षण किया जा चुका है। इस योजना के तहत अबतक 16 हजार 167 ग्रामीण सड़कों की मरम्मति की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसकी कुल लंबाई 40 हजार 252.831 किलोमीटर से अधिक है। इस पर 20 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की धनराशि खर्च की जा रही है। इनमें से 15 हजार 404 सड़कों की प्रारंभिक मरम्मति का काम पूरा किया जा चुका है, जिनकी कुल लंबाई 36 हजार, 574 किलोमीटर से भी अधिक है। बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति 2018 के तहत पूर्वी चंपारण में 2370.42 किलोमीटर से अधिक लम्बाई की सड़कों के अनुरक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है। दूसरे स्थान पर पश्चिम चंपारण है, जहां अब तक 1979 किलोमीटर से अधिक सड़कों का रख-रखाव पूरा हो चुका है। इसके बाद मुजफ्फरपुर में 1644.85 किलोमीटर, सारण में 1570.11 किमी, समस्तीपुर में 1399.11 किलोमीटर, रोहतास में 1358.96 किलोमीटर, गया में 1364.88 किलोमीटर, वैशाली में 1351 किलोमीटर, पटना में 1335.81 किलोमीटर, मधुबनी में 1242.03 किलोमीटर सड़कों का रखरखाव किया गया है। बता दें कि बिहार ग्रामीण सड़क अनुरक्षण नीति 2018 के तहत राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क को मजबूत करना है। इस योजना के तहत ग्रामीण सड़कों, पुलों का रख-रखाव और मरम्मति का कार्य किया जाता है ताकि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में लम्बी अवधि तक संपर्कता प्रदान की जा सके।

### दुर्गावती नदी में डूबे युवक का शव बरामद

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले के रामपुर प्रखंड के सबार गांव में रक्षाबंधन के दिन दुर्गावती नदी में डूबे युवक का शव तीसरे दिन करीब 39 घंटे की तलाश के बाद बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम की तैयारी शुरू की। मृतक की पहचान सबार गांव निवासी नथुनी शर्मा के 24 वर्षीय पुत्र कृष्णा शर्मा के रूप में हुई है।




अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/esn पर विजिट करें
फ़ीडबैक देने के लिए, rbikehtahai@rbi.org.in को लिखें

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## सीएम नीतीश ने वृक्ष को बांधा रक्षा सूत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रक्षा बंधन एवं 'बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस' के पावन अवसर पर आज पटना स्थित राजधानी वाटिका में वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राजधानी वाटिका में पौधे का रोपण भी किया। ज्ञातव्य है कि 13 अगस्त 2012 को रक्षा-बंधन के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस' का शुभारंभ किया था। इसका उद्देश्य है कि पर्यावरण के प्रति लोग जागरूक हों, पौधों को संरक्षित करें और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। जलवायु परिवर्तन से पृथ्वी पर हो रहे नुकसान को कम करने के लिए वृक्षारोपण करना एवं इन्हें बचाना अति आवश्यक है। जल-जीवन-हरियाली एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। राज्य में इको टूरिज्म को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य सरकार की योजनाओं एवं प्रयासों से बिहार के लोग पर्यावरण, जीव-जंतुओं के संरक्षण तथा वृक्षारोपण के प्रति जागरूक हो रहे है।



इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रभात कुमार गुप्ता सहित अन्य वरीय अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# लोक शिकायत निवारण के तहत 21 मामलों का डीएम ने किया निस्तारण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** लोक शिकायत निवारण अंतर्गत प्राप्त 34 अपील आवेदनों पर शनिवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा सुनवाई की गई। परंतु 12 अपीलार्थी सुनवाई के क्रम में उपस्थित नहीं हुए। लोक प्राधिकार द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया। प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन के आलोक में सुनवाई की गई तथा उपस्थित पक्षों को विस्तार से सुना गया। सुनवाई के दौरान शिवम एंटरप्राइजेज, सरोजनी देवी, रंजन सिंह, सत्यनारायण प्रसाद, रवींद्र कुमार सिंह, लालजी सिंह, रीना देवी, राम प्रमोद सिंह, मिंटू प्रसाद एवं अन्य, मोतीलाल शाह, दीपक कुमार, कन्हैया भैया, पूर्णमासी राम, राज कुमार, चांद चौबे, कन्हैया प्रसाद, गांगो देवी, राघवेंद्र कुमार दुबे, केशव प्रसाद सिंह, इंद्रजीत कुमार के शिकायतों का निराकरण कर निष्पादित किया गया। शेष मामलों में लोक प्राधिकार को निर्देश दिया गया कि अगली निर्धारित तिथि को अनुपालन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहें। साथ ही लोक प्राधिकार के परिवारों को निस्तारण करने हेतु कई निर्देश दिए गए। सुनवाई के दौरान लोकप्रति प्राधिकार के रूप में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल सासाराम, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, अनुमंडल पदाधिकारी डिहरी, अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज, भूमि सुधार उप समाहर्ता डिहरी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता बिक्रमगंज, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल डिहरी इत्यादि उपस्थित रहे।

## जागरूकता रथ को डीएम ने किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** स्थानीय समाहरणालय परिसर में शनिवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा राजस्व महा अभियान के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य भूमि संबंधी विवरण को अद्यतन करना एवं आम रही है तो भूधारियों को भूमि संबंधी हो रही कठिनाइयों के निवारण हेतु परिमार्जन तथा उत्तराधिकारी नामांतरण बटवारा संबंधी आवेदनों को कैंप मोड में प्राप्त किया जाना है। बताया कि उक्त वाहन से प्रत्येक गांव में सभी ग्रामीणों को यह संदेश पहुंचाया जाएगा कि जमीन के कागज में कर सुधार राजस्व विभाग आपके द्वार। उन्होंने बताया कि जिले के सभी ग्रामीणों को डिजिटलाइज जमाबंदियों में त्रुटियों को सुधार करना, ऑनलाइन जमाबंदी में आ रही है तो नाम खाता खेसरा रकबा तथा लगन से संबंधित देवरानियों में अशुद्धियों को दूर करना इस पर चार रथ वहां के जरिए बताया जाएगा। ऐसी जमाबंदी जो ऑफलाइन में दर्ज थी, लेकिन भूलवश ऑनलाइन नहीं हो पाई है ऐसी स्थिति में डिजिटलाइज जमाबंदी पंजी में परीलक्षित त्रुटियों का निराकरण तथा उत्तराधिकारी नामांतरण एवं छुट्टी हुई जमाबंदियों के ऑनलाइन करने की करवाई हेतु लोगों में इसके प्रति जागरूकता फैलाने हेतु इस अभियान का प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

# सदियों से होती आ रही है नाव की पूजा : राजू चौधरी

**मदन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** सावन की पूर्णिमा के दिन नाव की पूजा की जाती है। इस पूजा की परम्परा सदियों से चली आ रही है। उक्त बातें सोन नदी के किनारे रहने वाले शिवगंज निवासी वीआईपी पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष राजू चौधरी ने डिहरी स्थित शिवगंज मुहल्ले में सोन नदी के किनारे हो रही नावों की पूजा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस दिन सोन नदी की पूजा के साथ-साथ कशीवां वीर बाबा की भी पूजा होती है। केवट, मल्लाह हों या अन्य किसी जाति के लोग जिनके पास नाव है, सभी पूर्णिमा के दिन अपनी नाव की पूजा करते हैं। उन्होंने बताया कि जब यातायात के साधन नहीं था तो नदी में नाव से ही सामग्री भेजी जाती थी। उस समय आवागमन का साधन नाव ही था। यहां सोन नदी में जब पुल नहीं था तो बड़े बड़े नावें चलतीं थी। बताया कि नाव की पूजा में चना, कचवनिया, लड्डू, फूलमाला, सिन्दुर, रोड़ी, अगरबत्ती घी आदि का प्रयोग किया जाता है। नाव की पूजा के लिए जब घर से दऊरा लेकर महिलाएं निकलतीं हैं तो बाजा बजाते घाट पर जाते हैं। पूजा महिलाएं पुरुष करते हैं।

वहीं बाबू चौधरी ने बताया कि जब मल्लाह, केवट अपनी नाव को लेकर बाढ़ तथा पानी से भरे हुए सोन में मछली मारने तथा सोन डीला पर खेती करने जाते हैं तो नाव ही उनकी रक्षा करती है। इसलिए ये परम्परा सदियों से चली आ रही है। इस मौके बालदेव चौधरी, धर्मेन्द्र चौधरी, किशोरी चौधरी, जगदीश चौधरी, धुरा चौधरी, रवीन्द्र कुमार चौधरी, बड़े चौधरी सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# सोन का जलस्तर घटा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** सोन नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में लगातार हो रही वर्षा के थमने के बाद से शनिवार को भी जलस्तर घटा है। इंद्रपुरी बराज पर आज 66 हजार 951 क्यूसेक पानी पहुंच रहा है जिसमें से 16 गेट खोल 54929 क्यूसेक पानी सोन में छोड़ा जा रहा है। जल संसाधन विभाग के अनुसार मध्य प्रदेश के बाणसागर जलाशय से 6099 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। वहीं उत्तर प्रदेश के रिहंद जलाशय से 17 हजार 969 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। सोन नगर कमांड एरिया के आठों जिले रोहतास, भोजपुर, बक्सर व कैमूर, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद व पटना जिले में हो रही वर्षा के बाद नहरों में पानी की आपूर्ति कम किया गया है। बराज से पश्चिमी संयोजक नहर में 7607 व पूर्वी संयोजक नहर में 4415क्यूसेक पानी की आपूर्ति किया जा रहा है।

**क्या कहती हैं कार्यपालक अभियंता अधिकारी**

जल संसाधन विभाग के मॉनिटरिंग के कार्यपालक अभियंता भारती रानी के अनुसार इंद्रपुरी बराज पर ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र से वर्षा होने के बावजूद सोन के जलस्तर घटने का सिलसिला आज भी जारी है। आज 66951 हजार क्यूसेक पानी ऊपरी जलग्रहण से आ रहा है जिसमें से बराज का लेवल मेनटेन करने के बाद 54929 हजार क्यूसेक पानी 16 गेट खोलकर सोन में छोड़ा जा रहा है। नहरों में पानी की आपूर्ति और कर दी गई है।

## प्रकाश गोस्वामी ने लिया पीपल वृक्ष में रक्षा सूत्र बांध प्रकृति संरक्षण का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** सावन पूर्णिमा व रक्षा बंधन के पावन अवसर पर शनिवार को बिहार विधानपरिषद सभापति के प्रतिनिधि व भाजपा के जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी ने डिहरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जीवन दायनी पीपल के वृक्षारोपण के साथ रक्षा सूत्र भी बांधा। यह कार्य जेजेजेएफ के सचिव आचार्य अनुज मिश्र के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना व वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ किया गया। इस अवसर पर गोस्वामी ने बताया कि अब उनका जीवन का लक्ष्य ही बन गया है कि जीवनदायिनी प्रकृति हरियाली को संरक्षित करना और उनका लक्ष्य भी यही है जिसके लिये वे अब पूरी तरह से समर्पित हो गये हैं क्योंकि अब उन्हें इस कार्य से जैसे प्रेम सा हो गया है जब तक सांस चलेगी वे इसे करते रहेंगे जिससे भावी पीढ़ी को स्वच्छ व एक स्वस्थ वातावरण मिल सके जिससे उनका जीवन जीना आसान हो सके।

## भारत स्काउट गाइड की छात्राओं ने डीइओ एवं डीपीओ को राखी बांधी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** भारत स्काउट और गाइड इंद्रप्रस्थ नई दिल्ली राष्ट्रीय मुख्यालय एवं बिहार राज्य मुख्यालय बुद्ध मार्ग पटना के निर्देशानुसार डीइओ रोहतास मदन राय एवं डीपीओ निशांत गुंजन, डीपीओ प्रियंका कुमारी को भारत स्काउट और गाइड रोहतास के गाइडों ने जिला संगठन आयुक्त स्काउट अरविन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर राखी बांधी। आत्म स्वामी विवेकानंद महाराज उच्च विद्यालय रेड़िया, चेनारी के गाइड दीपरानी राज, शारदा कुमारी, उच्च विद्यालय गणेशपुर, चेनारी के गाइड उच्च विद्यालय थनुआ, शिवसागर के गाइड रिया कुमारी, रीना कुमारी, उच्च विद्यालय सोनहर, शिवसागर के गाइड अनु कुमारी, शीतल कुमारी, रौशनी कुमारी, काजल कुमारी, श्री दुर्गा उच्च विद्यालय शिवसागर के गाइड ज्योति कुमारी, सुरभि कुमारी ने उत्साह के साथ रक्षा बांधी। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी स्काउट और गाइड की छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना के साथ सभी स्काउट गाइड की छात्राओं को मिठाई खिलाये। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के लिपिक एवं स्काउट उच्च विद्यालय खालसापुर, दिनारा के अभिषेक कुमार, निशिकांत कुमार, अंकित कुमार, उच्च विद्यालय आलमपुर के स्काउट सुभाष कुमार अन्य लोग उपस्थित रहे। रक्षाबंधन के शुभ अवसर राष्ट्रपति भवन एवं देश में सभी जगह भारत स्काउट और गाइड ने बहुत उत्साह के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया।

## रक्षाबंधन पर भाई-बहन के रिश्ते और सामाजिक जिम्मेदारी का अनोखा संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर समाजसेवी ज्योति कुमारी परिवार के बच्चों आर्यन गुप्ता और आराध्या गुप्ता ने आपसी स्नेह, प्रेम और अटूट विश्वास का प्रतीक राखी का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया। बहन ने भाई की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधकर न सिर्फ भाई की लंबी उम्र और खुशहाली की कामना की, बल्कि समाज में सभी बहनों की सुरक्षा और सम्मान के लिए संकल्प लेने का संदेश भी दिया। परिवार की ओर से जारी संदेश में कहा गया भाई-बहन के निश्छल असीम स्नेह के अलंकरण से सुशोभित, अटूट विश्वास व पवित्र बंधन के प्रतीक 'रक्षाबंधन' का यह त्योहार पारिवारिक मूल्यों, कर्तव्यों, आत्मीयता और सामाजिक संबंधों की प्रगाढ़ता का द्योतक है। आइए इस रक्षाबंधन पर हम सभी बहनों की सुरक्षा और उनके सम्मान के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन का संकल्प लें। इस अवसर पर पूरे परिवार ने समाज को भाईचारे, प्रेम और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश देते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल रिश्तों को जोड़ने का त्योहार नहीं, बल्कि पूरे समाज को जोड़ने का संकल्प है।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यात्रा होगी ऐतिहासिक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने 17 अगस्त से सासाराम में राहुल गांधी की यात्रा को सफल बनाने के लिए कांग्रेस सेवा दल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी और युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आशीष कुमार को प्रभारी बनाकर भेजा। दोनों प्रभारी सासाराम परिसदन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। मौके पर कांग्रेस सहकारिता विभाग के प्रदेश महासचिव राजेंद्र पासवान ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ दोनों प्रभारी से मिल प्रतिपक्ष नेता जननायक राहुल गांधी का प्रस्तावित मतदाता अधिकार यात्रा पहले चरण में 15 दिनों की होगी जिसमें इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेताओं को आमंत्रित किया गया है जो देश की आत्मा को जोड़ने का लक्ष्य है। आगामी विधानसभा चुनाव के पहले यह यात्रा सासाराम से शुरू कर प्रदेश में चुनावी बिगूल फुकेंगे राहुल गांधी जिसका दूरगामी परिणाम सामने आएगा। अब बिहार में कांग्रेस की ताकत को कोई भी नजरअंदाज नहीं कर सकता। राजेंद्र पासवान ने राहुल गांधी के यात्रा में चेनारी विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में लोगों को लाने और यात्रा को ऐतिहासिक बनाने पर बल दिया।

## एक नजर

### 12 को मुख्यमंत्री करेंगे बिजली उपभोक्ताओं से संवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** बारह अगस्त को मुख्यमंत्री नीतिश कुमार बिजली उपभोक्ता से बात करेंगे। प्रखंड के चार पंचायत में स्टाल लगा कर सीधा संवाद करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए कनीय अभियंता शुभेन्दु कुमार ने बताया कि बांक पंचायत के गांधी सेवा आश्रम पर बाघाखोह पंचायत के बीइडी कॉलेज, चांदी पंचायत के रामप्रसाद सिंह कन्या उच्च विद्यालय प्रांगण में व पकड़िया पंचायत के सलैया मिडिल स्कूल प्रांगण में स्टाल लगा कर बारह अगस्त को बिजली उपभोक्ता से 125 यूनिट बिजली माफ किया गया है जिसका फायदा बिजली उपभोक्ताओं को मिली की नहीं। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री बिजली उपभोक्ता से संवाद कर जानकारी लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रखंड के चार पंचायत में मुख्यमंत्री के बिजली उपभोक्ता से संवाद के लिए प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है जिसे बिजली उपभोक्ता से संवाद करने पर उदासीनता न हो सके।

### आठ आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में एससीएसटी एक्ट, हत्या के प्रयास, शराब तस्कर शामिल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से 214 लीटर देशी शराब, एक कार, तीन बाइक बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में एक लाख 97 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

### दो पड़ोसी आपस में भिड़े, दोनों पक्षों से सात पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** पुरानी विवाद को लेकर बाघाखोह गांव में दो पड़ोसी आपस में उलझ गए। देखते-देखते जमकर मारपीट हो गई। लाठी डंडे की चपेट में आने पर एक पक्ष से एक महिला तथा दूसरे पक्ष से एक व्यक्ति जख्मी हो गए। दोनों जख्मी ने एक दूसरे पर थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई और न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने दोनों पक्षों के आवेदन को संज्ञान में लेते हुए प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि बाघाखोह निवासी सरोज कुमार व राजेश कुमार सिंह पत्नी देवन्ति देवी में पुरानी विवाद को लेकर कहा-सुनी हुई। कहा-सुनी की आवाज पर दोनों के परिजन जुटकर लाठी डंडा चलाना शुरू कर दिये जिसमें एक पक्ष रामनिवास सिंह व देवन्ति देवी घायल हो गई तो दूसरे पक्ष से सरोज कुमार व संदीप कुमार जख्मी हो गए। उन्होंने बताया कि प्रथम पक्ष के आवेदन पर पांच तो दूसरे पक्ष के दो लोग पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### कार से 285 लीटर शराब जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के पाली रोड स्थित एक निजी पार्किंग में खड़ी एक कार से पुलिस ने 285 लीटर देसी व अंग्रेजी शराब बरामद किया। एसपी अतुलेश झा के अनुसार सूचना मिली कि एक स्विफ्ट डिजायर कर बीआर 08सी 9052 पर शराब तस्कर अवैध शराब लेकर शहर में आ रहा है। उन्होंने बताया कि थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई जिसमें थाने के सहायक पुलिस निरीक्षक त्रिवेणी राम, एस आई विश्वजीत कुमार, सिपाही महेश कुमार और वर्षा रानी को शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि गठित टीम ने शराब परिवहन किए जाने की सूचना पर क्षेत्र की घेराबंदी की गई। शराब तस्कर थाना क्षेत्र से बाहर जाने में असफल रहा और अपना स्विफ्ट कार को पाली रोड स्थित महादेव बंगला के निजी पार्किंग में खड़ा कर चला गया। पुलिस कार को अवैध शराब के साथ जब्त किया गया। शराब तस्कर की तलाश की जा रही है।

## सिपाहियों के प्रशिक्षण केन्द्रों में जीविका दीदी बनाएंगी भोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार पुलिस में नवनियुक्त 21 हजार 391 सिपाहियों को एक साथ प्रशिक्षण देने की शुरुआत इस वर्ष 21 जुलाई से की गई है। पहली बार इतनी बड़ी संख्या में सिपाहियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। इनके सभी प्रशिक्षण केन्द्रों में भोजन की समुचित व्यवस्था जीविका दीदियों को सौंपी गई है। इसे लेकर जीविका के साथ एमओयू (समझौता पत्र) पर हस्ताक्षर किया गया है। यह जानकारी अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) (प्रशिक्षण) संजय कुमार सिंह ने दी। वह बुधवार को पुलिस मुख्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहली बार इतनी बड़ी संख्या में सिपाहियों को इकट्ठे 9 महीने का बेसिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें 10 हजार 207 पुरुष, 11 हजार 176 महिला और 8 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। 8 ट्रांसजेंडरों में 5 महिला और 3 पुरुष ट्रांसजेंडर शामिल हैं। एडीजी ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में सिपाहियों को ट्रेनिंग देने के लिए खासतौर से 1500 ट्रेनरों को इस काम में लगाया गया है। इन सभी ट्रेनरों को महंगाई भत्ता 20 फीसदी करने की तैयारी है। इसका प्रस्ताव चला गया है। अभी छठवें वेतन आयोग के आधार पर यह भत्ता दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी बीएसएपी के बटालियन, नाथनगर समेत अन्य ट्रेनिंग केंद्रों, जिला पुलिस बल के केंद्रों के अलावा सीआरपीएफ एवं एसएसबी के ट्रेनिंग केंद्रों में भी पुलिस जवानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बाढ़ स्थिति सीआरपीएफ के ट्रेनिंग केंद्र में महिला सिपाहियों की ट्रेनिंग चल रही है। इनकी ट्रेनिंग थोड़ी अलग और अधिक सशक्त है। उन्होंने कहा कि इस बार सिपाहियों को इंडोर प्रशिक्षण देने के लिए नया कंपेडियम तैयार किया गया है। इसमें 70 फीसदी बदलाव करते हुए नया बीएनएसएस कानून के सभी जरूरी प्रावधानों को जोड़ा गया है। इसके अलावा छापेमारी, हथकड़ी, अपराधियों को गिरफ्तार करने के तरीके समेत अन्य सभी जरूरी बातों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नई चुनौती और परिक्षेत्र के मुताबिक तैयार इस नए सिलेबस में सभी जरूरी बातों को समाहित किया गया है। ताकि सिपाहियों को सभी जरूरी पहलुओं के बारे में जानकारी हो सके।

## पूरे पुलिस महकमा का किया जा रहा डिजिटिलाइजेशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के पुलिस महकमा में अन्य सरकारी महकमों की तर्ज पर ही पूरा कामकाज डिजिटल तरीके से करने की तैयारी है। इससे जुड़े सभी पहलुओं का अध्ययन कर इन्हें समुचित तरीके से लागू करने के लिए आईजी (आधुनिकीकरण) पी. कनन की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी ने हाल में तेलंगना और कर्नाटक का दौरा करके लौटी है। यह जानकारी एडीजी (आधुनिकीकरण) सुधांशु कुमार ने दी। वह पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसे जल्द लागू करने को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। पूरी प्रणाली मोबाइल आधारित भी हो जाएगी। एडीजी श्री कुमार ने कहा कि तेलंगना और कर्नाटक जैसे कुछ राज्यों का पुलिस महकमा पूरी तरह डिजिटल तरीके से काम करता है। इनके कामकाज का अध्ययन बिहार के परिपेक्ष में इसका उपयोग कैसे किया जाए, इसका अध्ययन किया जा रहा है। साथ ही इस पर आधारित कार्ययोजना तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस रजिस्टर, मैन्यूअल, फाइलों का आदान-प्रदान करने समेत ऐसे तमाम कार्य ऑनलाइन माध्यम यानी डिजिटल तरीके से किया जा रहा है।

# मां काली की वार्षिक पूजा सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ीगोला।** डिहरी प्रखंड के दरिहट स्थित खप्पर वाली मां काली की वार्षिक पूजा ग्रामीणों ने शनिवार को धूमधाम से संपन्न किया। निमिया के डार मैया लगले झुलुअवा, लाले रंग सेनुरा बा लाले पुत्ररिया हो कि लाले रंगवा ना जैसे पारंपरिक गीतों पर पूरा दिन भक्तिमय रहा। सुबह से ही सभी घर, दुकान एवं मंदिरों में माता के पारंपरिक गीत पचरा सुनाई देती रहा। यहां तक कि श्रद्धालु माताएं भी अपने स्वर में गुनगुनाती रही। माता के चरणों में पुआ -पकवान, फल, नावेद समर्पित कर पूरे साल सुख, शांति, समृद्धि की कामना की। संध्या 4 बजे से मां काली की उपासक गंगा महतो ने गांव के सभी मंदिरों में पूजा अर्चना किया। इसके बाद अपने घर से मां काली का अराधना करते हुए हाथ में खप्पर लेकर मंदिर पहुंचे जहां बैंड बाजा के धुन पर पूजा संपन्न हुआ। इस दौरान हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु मां काली की जयकारे लगाते रह जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों के द्वारा प्रत्येक वर्ष सावन के अंतिम दिन माता काली की सामूहिक वार्षिक पूजा का आयोजन किया जाता रहा है। मन्दिर में सुबह से ही महिलाएं भजन कीर्तन करती रहती है। पुजारी मां का ऋृंगार के साथ विधि विधान से पूजा पाठ हवन करते हैं। इसके बाद मां उपासक गंगा महतो खप्पर वाली मां काली की हवन व आरती करते हैं। इसके बाद उबलते दूध को गंगा महतो लोगों पर अमृत रूपी छिड़काव करते हैं। इस संबंध में ग्रामीण देव कुमार पंडित, सूर्यमणी महतो व महेंद्र पुजारी ने बताया कि प्रखण्ड में यह मंदिर भक्तों के बीच श्रद्धा का केंद्र है। यह खप्पर वाली काली है। यहां सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। वृद्ध लोगों ने बताया कि विगत कई वर्ष पहले हैजा की बीमारी आई थी जहां एक पुजारी के द्वारा मां का विशेष पूजा पाठ हवन कर उस विकराल बीमारी से बचाया था। उस समय से लोग खप्पर उठाने की परंपरा चली आ रही है। पूजा पाठ के बाद मां की अंतिम विदाई किया जाता है जिसके बाद वार्षिक पूजा सम्पन्न होती है।

# 24 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से बक्सर में बनेगा महर्षि विश्वामित्र पार्क : सम्राट चौधरी

## पर्यटकों को आध्यात्मिक अनुभव प्रदान कराने के लिए गायत्री मंत्र थीम पर होगा पार्क निर्माण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि बक्सर में भव्य, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध महर्षि विश्वामित्र पार्क निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पार्क के निर्माण पर 24 करोड़ 42 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले चरण में 8 करोड़ 11 लाख रुपये की राशि व्यय की जाएगी। श्री चौधरी ने कहा कि पार्क निर्माण का उद्देश्य ईको-पर्यटन को बढ़ावा देना, पर्यावरणीय संरक्षण सुनिश्चित करना और स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि महर्षि विश्वामित्र पार्क को गायत्री मंत्र की अवधारणा (थीम) पर विकसित किया जाएगा। इसके तहत ध्यान केंद्र, वैदिक शैली के पथ, शांति के प्रतीक हरित संरचनाएं और धार्मिक श्लोकों से सजे प्राकृतिक स्थल निर्मित किए जाएंगे। इससे पार्क पहुंचने वाले लोग प्रकृति से जुड़ाव और आध्यात्मिक अनुभव कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि पार्क में हरियाली और जैव विविधता को विशेष रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। वृक्षारोपण, औषधीय पौधों की नर्सरी और स्थानीय और प्रवासी पक्षियों के लिए संरक्षित क्षेत्रों की व्यवस्था की जाएगी। परियोजना स्थल के रूप में मृत सोन नहर की भूमि का उपयोग किया जाएगा। सम्राट चौधरी ने बताया कि बक्सर को महर्षि विश्वामित्र की तपोभूमि माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह वह स्थान है जहां उन्होंने अपना आश्रम स्थापित किया था और भगवान राम एवं लक्ष्मण को शस्त्र एवं शास्त्र की शिक्षा दी थी। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक और पौराणिक धरोहर को संजोने के उद्देश्य से भी इस पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। बिहार में नीतीश कुमार की नेतृत्व वाली एनडीए सरकार प्राकृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को संरक्षित और पर्यटकीय रूप से बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही। इसी कड़ी में महर्षि विश्वामित्र पार्क निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है।

# रक्षाबंधन पर 'मेरा विधायक मेरा परिवार' के तहत मंत्री डॉ. सुनील कुमार को छह सौ महिलाओं ने बांधी राखी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर बिहारशरीफ में 'मेरा विधायक, मेरा परिवार' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस विशेष अवसर पर 600 से अधिक महिलाओं ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं स्थानीय विधायक डॉ. सुनील कुमार को राखी बांधी। भावनाओं से भरे इस समारोह में महिलाओं ने मंत्री को राखी बांधकर न सिर्फ भाई का स्नेह जताया, बल्कि अपने सुख-दुख में साथ खड़े रहने का भरोसा भी उनसे पाया। जवाब में डॉ. सुनील कुमार ने सभी बहनों का आशीर्वाद और प्रेम स्वीकार करते हुए अपने विधानसभा क्षेत्र की हर महिला की सुरक्षा, सम्मान और सहयोग का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बहनों को प्रेम और सम्मान के प्रतीक स्वरूप सुंदर घड़ियां भेंट कीं। इस मौके पर मंत्री ने कहा रक्षाबंधन सिर्फ एक त्यौहार नहीं, बल्कि समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सुरक्षा का प्रतीक है। मेरे क्षेत्र की हर महिलाओं की रक्षा एवं सम्मान मेरा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आज देश हो या राज्य हर जगह महिलाओं को एनडीए सरकार पर भरोसा है क्योंकि जो काम कई दशकों में विपक्षी पार्टी की सरकारों ने नहीं किया, वो महिलाओं के हितार्थ वो सभी कार्य देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार में सुशासन के प्रतीक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नेतृत्व वाली सरकार ने कर दिखाया। इसका लाभ बिहारशरीफ में भी माताओं एवं बहनों को मिला। इसलिए आगे भी माताओं एवं बहनों का आशीर्वाद हमें मिलेगा, यह आज इस पावन अवसर पर साफ जाहिर हो रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। रक्षाबंधन के इस अनोखे उत्सव ने न केवल रिश्तों को मजबूत किया बल्कि जनप्रतिनिधि और जनता के बीच विश्वास की डोर को भी और सुदृढ़ बना दिया।

# पेड़ हमारे जीवन का आधार : डॉ अजय प्रकाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** रक्षाबंधन एवं बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस के अवसर पर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर गायघाट में वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर हमारे जीवन को रक्षा देने के लिए आभार एवं धन्यवाद कार्यक्रम राजाओं के राजा विघ्नहर्ता सेवा समिति, अजेय रामदूत फाउंडेशन एवं दिनकर सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ अजय प्रकाश ने कहा कि संसार में वृक्ष का संतुलन बने रहना अति आवश्यक है क्योंकि वृक्ष द्वारा हमें जीवन का सबसे महत्वपूर्ण ऑक्सीजन, भोजन सामग्री के साथ-साथ उपयोग आने वाले विभिन्न प्रकार से पेड़ का सहयोग प्राप्त होता है। हमें पेड़ के संरक्षण हेतु उनका आभार व्यक्त करने के साथ-साथ पेड़ लगाना एवं जल, खाद आदि से उनकी सेवा करने की नितांत आवश्यकता है। ताकि हमारी अगली पीढ़ी भी सुरक्षित एवं संरक्षित रहे। वहीं संस्थापक सह महासचिव विकास कुमार मौड़ीवाल ने कहा कि आज रक्षाबंधन के दिन संरक्षण देने वाले पेड़ को भाई मानते हुए राखी बांधा गया है और हम सभी भी पेड़ लगाने का कार्य करेंगे और उसे संरक्षण देने का काम करेंगे पर्यावरण सुरक्षा के साथ मानव स्वास्थ्य को सुरक्षा देने का कार्य करता है वृक्ष। साथ ही मौड़ीवाल ने बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस की सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई भी दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लल्लू शर्मा, गौरव अग्रवाल, अमित कुमार, मोहित कुमार मौड़ीवाल, पप्पू साह, राहुल चौधरी, विकास कुमार गुप्ता, दिलीप गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## पारस हॉस्पिटल हत्याकांड में संलिप्त दो अभियुक्त गिरफ्तार


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शास्त्रीनगर थानांतर्गत पारस हॉस्पिटल में घटित हत्याकांड में मुख्य आरोपी तौसीफ राजा सहित 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पूर्व में ही न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। अग्रेतर अनुसंधान के क्रम में हत्या में प्रत्यक्ष रूप से संलिप्त अभियुक्त रुद्रा पांडेय को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त हथियार उपलब्ध कराने वाले अभियुक्त राजेश यादव को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त राजेश यादव की निशानदेही पर उसके द्वारा लाया गया 190 ग्राम हेरोइन (मादक पदार्थ ),जहां वह पूर्व में ठहरा था, उसके मित्र के आनंद बिहार कॉलोनी स्थित फ्लैट से बरामद किया गया है। इस सम्बन्ध में कार्तिकेय के शर्मा, वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना द्वारा दी गई।

# कश्मीर घाटी में पहली मालगाड़ी सीमेंट लेकर अनंतनाग गुड्स शेड पहुंची

## कश्मीर घाटी में मालगाड़ी का आगमन लॉजिस्टिक और आर्थिक विकास के एक नए युग का सूचक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए एक ऐतिहासिक विकास में पंजाब के रूपनगर से पहली बार एक मालगाड़ी सफलतापूर्वक कश्मीर घाटी के अनंतनाग गुड्स शेड तक पहुंची है। यह कश्मीर क्षेत्र को राष्ट्रीय माल ढुलाई नेटवर्क से जोड़ने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सीमेंट से लदी मालगाड़ी के आगमन से बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में तेजी आएगी और कश्मीर के लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। उद्घाटन मालगाड़ी में सीमेंट के 21 बीसीएन वैगन लदे थे। लगभग 600 किलोमीटर की यह यात्रा आज 18 घंटे से भी कम समय में नवनिर्मित अनंतनाग गुड्स शेड पर पूरी हुई। यह आयोजन कश्मीर क्षेत्र में लॉजिस्टिक और आर्थिक विकास के एक नए युग का समर्थन करने के लिए इसकी तत्परता को दर्शाता है। इस ट्रेन में परिवहन किए जाने वाले सीमेंट का उपयोग कश्मीर घाटी में सड़कों, पुलों, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और आवासीय भवनों के निर्माण सहित महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए किया जाएगा। इस अभूतपूर्व यात्रा के लिए लॉजिस्टिक व्यवस्था को सटीकता के साथ क्रियान्वित किया गया। 7 अगस्त, 2025 को 23:14 बजे उत्तर रेलवे को एक इंडेट भेजा गया जिसके बाद अगले दिन यानी 8 अगस्त को सुबह 9:40 बजे रेक की व्यवस्था की गई। 8 अगस्त, 2025 को शाम 6:10 बजे लदान पूरा हो गया और ट्रेन शाम 6:55 बजे पंजाब के रूपनगर स्थित गुजरात अंबुजा सीमेंट लिमिटेड सुविधा से रवाना हुई। मालगाड़ी को इलेक्ट्रिक वैग – 9 लोकोमोटिव द्वारा ले जाया गया जो राष्ट्रीय रेल नेटवर्क की आधुनिक क्षमताओं को दर्शाता है। इस पहली मालगाड़ी का आगमन न केवल एक लॉजिस्टिकल उपलब्धि है, बल्कि प्रगति और एकीकरण का एक सशक्त प्रतीक है जो एक अधिक संबद्ध और समृद्ध कश्मीर घाटी का मार्ग प्रशस्त करता है।

# बिहार कांग्रेस स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक 13 और 14 को सदाकत आश्रम में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आगामी विधानसभा चुनाव 2025 के लिए स्क्रीनिंग कमेटी की बैठकें 13 और 14 अगस्त सदाकत आश्रम में आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में विभिन्न जिलों के संभावित प्रत्याशियों के साथ राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा होगी। बैठक में स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अजय माकन, सदस्य प्रणीति शिंदे, इमरान प्रतापगढ़ी और कुणाल चौधरी के साथ बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारु, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, डॉ शकील अहमद खान, डॉ मदन मोहन झा एवं तीनों प्रभारी सचिव भी मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि तीनों प्रभारी सचिव अपने-अपने प्रभार वाले जिलों से आए प्रत्याशियों से विस्तृत जानकारी लेंगे और फिर उसे स्क्रीनिंग कमेटी के सामने रखेंगे।

13 अगस्त 2025 को प्रभारी सचिव सुशील पासी और देवेंद्र यादव पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, गोपालगंज, सिवान, सारण, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, नालंदा, पटना नगर, पटना ग्रामीण 1 और 2, भोजपुर, बक्सर, रोहतास, कैमूर, गया जी जिलों से आए संभावित प्रत्याशियों से विचार-विमर्श करेंगे।

# क्रांति दिवस पर राजेश राम ने अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** 'भारत छोड़ो आन्दोलन' के 83 वीं वर्षगांठ पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा आज शहीद स्मारक में अमर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने की प्रतिज्ञा ली गई तथा कांग्रेस सेवादल के द्वारा सदाकत आश्रम से शहीद स्मारक तक तिरंगा मार्च निकाला गया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम से निकले तिरंगा यात्रा का नेतृत्व बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, सेवादल बिहार के प्रभारी अफरोज खान, सेवादल के मुख्य संघटक डॉ संजय यादव कर रहे थे। सेवादल के द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा सदाकत आश्रम से होकर एलसीटी घाट, राजापुर, बोरिंग रोड चौराहा, हाईकोर्ट मोड़, वीरचंद पटेल पथ होते हुए विधान सभा गेट के सामने स्थित शहीद स्मारक पर आकर श्रद्धांजलि सभा सह प्रतिज्ञान कार्यक्रम में तब्दील हो गई। शहीद स्मारक पर माल्यार्पण के बाद बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी कांग्रेसजन को प्रतिज्ञा दिलाई। इसके बाद उन्होंने कहा कि यह देश त्याग, समर्पण और बलिदानियों का देश रहा है। इस देश को अखंड बनाने में कई कुर्बानियां हुई हैं और कालांतर में हमने गांधीवादी नीतियों से इसे और बुलंद किया। हम कांग्रेसजन इस बात का संकल्प लेते हैं कि आखिरी सांस तक इस देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने की हम लड़ाई लड़ते रहेंगे। हमारा इतिहास बलिदान का रहा है और हमने इस देश को सींचा है। अमर शहीद हमें प्रेरणा देते हैं कि देश के तिरंगा को हमेशा कांग्रेसजन बुलंदी देंगे। देश में तानाशाही सरकार को समझना होगा कि आम जनता के विकास के लिए उन्हें काम करना होगा तभी सच्चे मायनों में हम आजादी की जीती हुई लड़ाई को स्थापित रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि 1942 का यह दिन भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' आंदोलन की गूंज देशभर में फैल गई थी। श्री राम ने कहा कि असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर आजादी का अमूल्य उपहार हमें दिया।

# राज्य पर्षद् ने पुनः आग्रह किया अनावश्यक हार्न बजाने से बचें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शहर में विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न हो रहे ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा 30 जुलाई को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जन-सामान्य से अपील की गई थी कि हर रविवार को वाहन चालक अपने वाहन का हार्न न बजाएं ताकि शहरवासियों को ध्वनि प्रदूषण से राहत मिल सके। राज्य पर्षद् की यह पहल सराहनीय तो है, पर शहर में अभी भी अनावश्यक हार्न बजाने की प्रवृति बनी हुई है। अतः राज्य पर्षद् पुनः पटना के सभी जागरूक नागरिकों, वाहन चालकों से विनम्र आग्रह करता है कि हर रविवार को 'नो हार्न डे का पालन करें, आवश्यकता न होने पर किसी भी दिन अनावश्यक हार्न बजाने से बचे, विशेष रुप से शहर के शांत घोषित क्षेत्रों के आसपास ध्वनि प्रदूषण न करें, ध्वनि प्रदूषण स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का कारण बन सकता है। आपका छोटा सा सहयोग, शहर के वातावरण और नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए बड़ा योगदान होगा।

# पटना मेट्रो परियोजना में बड़ा कदम, विद्युत निरीक्षण से संचालन की तैयारी तेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानीवासियों के लिए मेट्रो में सफर करने का सपना अब हकीकत के और करीब पहुंच गया है। पटना मेट्रो परियोजना के तहत मुख्य विद्युत निरीक्षक जनरल भारत सरकार (सीईआईजी) जगदीश कुमार ने प्रमुख विद्युत प्रतिष्ठानों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस निरीक्षण ने न केवल परियोजना की प्रगति को रफ्तार दी है, बल्कि सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों के प्रति प्रतिबद्धता को भी मजबूत किया है। निरीक्षण में रिसीविंग सब स्टेशन (आरएसएस), ऑक्जिलरी सब स्टेशन (एएसएस), फीडर लाइन, डिपो लाइन और अन्य महत्वपूर्ण ऑन-साइट विद्युत कनेक्शनों की बारीकी से जांच की गई।

पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन और दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों ने जगदीश कुमार के साथ इस निरीक्षण में भाग लिया। इस दौरान सभी विद्युत उपकरणों और कनेक्शनों का परीक्षण किया गया जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि मेट्रो के संचालन के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी समस्या न हो।

पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से बताया गया कि परियोजना के हर चरण में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। हर लाइन जो हम बिछाते हैं, उसमें सुरक्षा पहले आती है, कॉरपोरेशन ने स्पष्ट किया। यही कारण है कि संचालन शुरू होने से पहले सभी तकनीकी और सुरक्षा मानकों का कठोरता से पालन किया जा रहा है। विद्युत निरीक्षण के पूरा होने के बाद अब मेट्रो परियोजना के अगले चरण में परीक्षण संचालन (ट्रायल रन) की तैयारी शुरू की जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के निरीक्षण न केवल संचालन की सुचारुता सुनिश्चित करते हैं, बल्कि यात्रियों के भरोसे को भी बढ़ाते हैं।

# सोनालीका ने अप्रैल-जुलाई के बीच 53,772 ट्रैक्टरों की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ने वित्त वर्ष 2026 के अपने सफर में लगातार प्रगति जारी रखी है और केवल 4 महीनों में 50,000 ट्रैक्टर बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। कंपनी ने अप्रैल-जुलाई 2025 के बीच 53,772 ट्रैक्टरों की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की है जो कंपनी के इनोवेशन और मजबूत मूल्यों को दर्शाता है। साथ ही घरेलू बाजार में ब्रांड के निरंतर विकास का आधार है। सोनालीका कृषक समुदाय को बेहतर फसल प्राप्त करने हेतु अत्याधुनिक कृषि मशीनीकरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सोनालीका का विश्व का नंबर 1 ट्रैक्टर प्लांट रोबोट द्वारा संचालित है जो 2 मिनट में एक हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर तैयार करने में सक्षम है।

## रक्षाबंधन तथा बिहार पृथ्वी दिवस पर वृक्षबंधन कार्यक्रम का आयोजन

# पर्यावरण संतुलन में वृक्षों की भूमिका अहम : संजय कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वॉरियर्स के संयुक्त तत्वावधान में रक्षाबंधन तथा बिहार पृथ्वी दिवस के अवसर पर शनिवार को एनवायरनमेंट वॉरियर्स, छात्रों तथा स्वयंसेवकों के द्वारा वृक्षों को राखी बांध कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वॉरियर्स के संयोजक संजय कुमार और निशांत रंजन ने कहा कि कई कारणों से पेड़ों को काटा जा रहा है। पर्यावरण संतुलन में वृक्षों की भूमिका अहम है ऐसे में वृक्षों की रक्षा के लिए राखी बांध कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना हमारा कर्तव्य बनता है। मौके पर एनवायरनमेंट वॉरियर्स की अध्यक्ष अदिति रॉय ने बताया कि आज रक्षाबंधन तथा बिहार पृथ्वी दिवस एक ही दिन है, पेड़ हमारे सबसे बड़े रक्षक हैं, इसलिए आज के अवसर पर आम लोगों को उनके संरक्षण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से वृक्षबंधन का आयोजन किया गया है। वहीं सभ्यता कुमारी ने बताया कि पेड़-पौधों से हमारा जीवन संभव हो पाया है, इसलिए सर्वप्रथम इन्हें धन्यवाद देने तथा इनकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। पेड़ों को राखी बांधना एक सांकेतिक पहल है जो मनुष्य और वृक्षों की हजारों साल पुरानी अंतर्संबंध को प्रदर्शित है। इस मौके पर अंकित राज, प्रियांशु रंजन, मासूम रंजन, निश्चल कुमार, राजकुमार, संजन कुमार, आकाश राज आदि लोग उपस्थित थे।


# राजस्व महाअभियान 16 अगस्त से, पंचायत प्रतिनिधियों का लिया जाएगा सहयोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा पूरे राज्य में 16 अगस्त से 20 सितम्बर 2025 तक राजस्व महा-अभियान का आयोजन किया जा रहा है। बड़े स्तर पर आयोजित होने वाले इस अभियान की पहुंच घर-घर तक करने तथा इसकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों और विभिन्न सेवा संघों के साथ बैठक का आयोजन किया गया है जो 10 अगस्त (रविवार) को पूर्वाह्न 10:30 बजे राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में होगी। बैठक की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह करेंगे। इस अभियान के दौरान डिजिटाइज्ड जमाबंदियों में त्रुटियों में सुधार, छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन करने, उत्तराधिकार नामांतरण और संयुक्त संपत्तियों के बंटवारा नामांतरण हेतु आवेदन लिए जाएंगे। इस दौरान टीम घर-घर जाकर जमाबंदी की प्रति एवं आवेदन प्रपत्रों का वितरण करेगी। इसके बाद हल्का स्तर पर शिविर लगाकर आवेदन और दस्तावेजों का संकलन किया जाएगा। विभाग इस महा-अभियान को सफल बनाने हेतु पूरी तरह से कार्यरत है। अपर मुख्य सचिव, सचिव तथा अन्य वरीय पदाधिकारियों के द्वारा विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भी लोगों से अपील की जा रही है कि लोग इस बारे में जागरूक हों तथा इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# गोस्वामी तुलसीदास की जयंती सांस्कृतिक वातावरण में संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** प्रज्ञा समिति, बिहार संस्कृत संजीवन समाज एवं बिहार पेंशनर समाज के तत्वावधान में बिहार पेंशनर भवन, न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी में संत शिरोमणि एवं सनातन संस्कृति के पुरोधा महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती समारोह तथा संस्कृत दिवस समारोह का भव्य आयोजन सांस्कृतिक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि विजय शंकर दुबे, पुर्व मुख्य सचिव बिहार एवं झारखण्ड ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रज्ञा समिति एवं बिहार संस्कृत समाज के अध्यक्ष शिवबंश पाण्डेय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का प्रारंभ राहुल पाण्डेय द्वारा मंगलाचरण एवं स्वागत भाषण प्रज्ञा समिति के निवर्तमान महासचिव जनक कुमार पाण्डेय द्वारा दिया गया। विशिष्ट अथिति डॉ राजेश कुमार मिश्र, पाली विभागाध्याक्ष, गया कॉलेज, गया मुख्य वक्ता प्रो रागिनी वर्मा, संस्कृत विभागाध्याक्ष, गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पटना तथा मंच का सञ्चालन बिहार संस्कृत समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा एवं धन्यवाद ज्ञापन तरुण कुमार पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर प्रज्ञा समिति द्वारा अध्यक्ष पद पर मुकेश कुमार पाण्डेय एवं महासचिव के पद पर तरुण कुमार पाण्डेय को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। पुनः प्रज्ञा समिति की पत्रिका 'प्रज्ञा वाणी' का लोकार्पण किया गया साथ ही साथ प्रज्ञा समिति की वेबसाइट को लांच किया गया। इस अवसर पर तुलसीदास के जीवन एवं उनके जीवन में संस्कृत के महत्व की चर्चा की गयी। आज के समाज में संस्कृत की उपियोगिता एवं महत्ता पर प्रकाश डाला गया एवं प्राचीन ग्रीक एवं ईरान आदि देशों की भाषाओं के साथ इसके संबंध की चर्चा की गयी।

# बिहार में बन रहे विश्वविश्वस्तरीय स्टेडियम का उद्घाटन जल्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में अत्याधुनिक सुविधाओं वाला पहला विश्वस्तरीय स्टेडियम तैयार हो रहा है। इसका निर्माण अपने अंतिम चरण में हैं। अगले महीने तक इसके हो जाने की संभावना है। इसके बाद इसका उद्घाटन किया जाएगा। तब इसे मैच और प्रैक्टिस के लिए खोल दिया जाएगा। स्टेडियम का निर्माण बीसीसीआई के सभा मानकों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। इसमें अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ 40 हजार लोगों के बैठने की क्षमता होगी। इस मैदान का निर्माण 18 एकड़ के क्षेत्र में किया जा रहा है। इसका डिजाइन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले मैचों के लिए तैयार किया गया है। पांच तल वाले मुख्य पवेलियन का निर्माण 14 हजार 295 वर्गमीटर क्षेत्र में किया जा रहा है। इसमें खिलाड़ियों, अंपायरों, मीडिया और वीआईपी अतिथियों के लिए अलग- अलग आधुनिक सुविधाएं रहेंगी। इसके साथ ही जिम, स्पा, लांड्री, फिजियो रूम और चिकित्सा केंद्र जैसी सुविधाएं होंगी। इसमें कुल 13 पीचें बनाई जा रही हैं। इनकी सात पीचें मोकामा की काली मिट्टी से और छह पीचें महाराष्ट्र से लाई गई लाल मिट्टी से तैयार की जा रही है। मोकामा की मिट्टी में चिकनाई अधिक होती है जिससे पिच पर गेंद बेहतर बाउंस करती है।

# नालंदा के नूरसराय में 2.73 करोड़ की लागत से चार सड़कों का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में बुनियादी ढांचे का विस्तार लगातार जारी है। इसी क्रम में शनिवार को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने नूरसराय प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में 2 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से बनने वाली चार सड़कों का शिलान्यास किया। शिलान्यास की गई सड़कों में हवाई अड्डा से बड़ारा तक की सड़क (लागत ?1.15 करोड़), मंडाछ से दस्तूरपर (?50 लाख), टी-07 से अघेरपर (?38 लाख) और टी-107 से गोसाई बिगहा तक की



सड़क (70 लाख) शामिल हैं। मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में गांव-गांव में पक्की सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अब शहरों से बेहतर तरीके से जुड़ रहे हैं और उन्हें शहरी सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि गांवों में शुद्ध पेयजल, गली-नाली और पीसीसी सड़कों का निर्माण तेजी से हो रहा है। किसानों के लिए बिजली की पूरी व्यवस्था कर दी गई है, जिससे सिंचाई आसान हुई है और उत्पादन बढ़ा है। वृद्धावस्था पेंशन 400 से बढ़ाकर 1,100 कर दी गई है, साथ ही 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जा रही है। मंत्री ने यह भी बताया कि राजगीर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण तेजी से हो रहा है, जहां पहले एशियन महिला हॉकी और एशियन रग्बी मैच हो चुके हैं। अब 27 अगस्त से पुरुष एशिया हॉकी कप का आयोजन होगा, जो राज्य के लिए गौरव की बात है। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बिहार का विकास मॉडल देश में मिसाल है। यह पहला राज्य है जहां एपीएल, बीपीएल, गरीब और अमीर सभी वृद्धजन पेंशन का लाभ पा रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधान पार्षद राजू यादव, थानाध्यक्ष रजनीश कुमार, जदयू जिला प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, प्रखंड जदयू अध्यक्ष सोनी लाल, समाजसेवी बबलू कुमार, रजनीश कुमार गब्बर सिंह, पूर्व प्रमुख राकेश कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार उर्फ पप्पू, मुखिया धीरज कुमार पप्पू, जदयू नेता सुधीर कुमार, शैलेन्द्र चौहान यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दो भाइयों की सरकारों ने बिहार से पलायन रोकने के लिए कोई काम नहीं किया : सरला दीदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पिछले 35 वर्षों में दो भाईयों की सरकारों ने बिहार के लोगों को सिर्फ ठगने का काम किया। न तो राज्य में रोजगार की समुचित व्यवस्था की गयी और न ही गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा का अवसर मुहैया कराया गया। जनसुराज पहली ऐसी पार्टी है जो बिहार की जनता को गारंटी कार्ड देकर वादा कर रही है कि उनकी सरकार बनने पर सबसे पहले इन समस्याओं को दूर किया जायेगा। नवादा नगर के पोस्टमार्टम रोड में आयोजित बिहार बदलाव सभा में उक्त बातें नवादा विधानसभा से जनसुराज पार्टी की संभावित उम्मीदवार सरला कर्ण उर्फ सरला दीदी ने कही। गांव स्तर पर जनसम्पर्क अभियान के बाद सरला दीदी द्वारा आज शहरी क्षेत्र में आयोजित जनसभा में वक्ताओं ने




स्थानीय जनसमस्याओं पर व्यापक चर्चा की और जनसुराज के विचारों का प्रचार-प्रसार एवं जनभागीदारी के माध्यम से वैकल्पिक राजनीति के मॉडल को मजबूत करने को लेकर लोगों से विचार आमंत्रित किये। वक्ताओं ने कहा कि जनता का सुन्दर राज लाने के लिए जनसुराज से जुड़ना जरूरी है। जनसभा की शुरुआत महिला मंडली द्वारा 'इतनी शक्ति हमें देना दाता, मन का विश्वास कमजोर हो न' वंदना से की गयी। सरला कर्ण उर्फ सरला दीदी ने कहा कि उनकी पार्टी प्रदेश के बच्चों और युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर है। सरकार बनने पर जनसुराज पार्टी सबसे पहले इन समस्याओं का निदान करेगी। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण बेहतर शिक्षा की व्यवस्था तो की ही जायेगी, युवाओं का पलायन नहीं हो, इसके लिए प्रदेश में ही उन्हें रोजगार मुहैया कराया जायेगा। बिहार बदलाव सभा में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करनेवाली 25 महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

# रक्षाबंधन पर लें सभी प्राणियों की सुरक्षा का संकल्प : बीके किरण बहन





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के हिलसा स्थित सेवा केंद्र में रक्षाबंधन का पर्व शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बीके किरण कुमारी के नेतृत्व में संस्थान से जुड़ी बहनों ने विभिन्न आध्यात्मिक गतिविधियों का आयोजन किया और शहर के कई गणमान्य लोगों को राखी बांधकर सभी प्राणियों की सुरक्षा का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीके किरण बहन ने कहा कि रक्षाबंधन केवल पारंपरिक पर्व नहीं है, बल्कि यह आत्मा और परमात्मा के बीच अटूट संबंध की स्मृति दिलाने वाला अवसर है। यह त्योहार भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक होने के साथ-साथ समस्त प्राणियों की हर प्रकार से रक्षा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें मन, वचन और कर्म से शुद्ध रहकर पवित्र जीवन जीने तथा परोपकार की भावना विकसित करने का संदेश देता है। इस मौके पर आगत अतिथियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में विधायक कृष्ण मुरारी उर्फ़ प्रेम मुखिया, मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, समाजसेवी डॉ. आशुतोष कुमार मानव, वार्ड पार्षद राकेश कुमार, संतोष कुमार पार्थ, संगीता बहन, कृष्णा भाई समेत कई लोग मौजूद रहे।

# मुहाने नदी में डूबने से एक युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत थाना क्षेत्र के हासनचक गांव के समीप मुहाने नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान चेरो ओपी थाना क्षेत्र के डिहरी पंचायत के नेमचनबाग गांव के मुनेश मांझी के 35 वर्षीय पुत्र कारू मांझी के रूप में की गई है। डिहरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार ने बताया कि युवक किसी काम के सिलसिले से हासनचक गांव के पास चूहर बाबा मंदिर के समीप मुहाने नदी में गिर गए जिसके वजह पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। मौके पर मौजूद स्थानीय ग्रामीण ने युवक को पानी से निकलकर इलाज के लिए उन्हें कल्याण बीघा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। मौत के बाद मृतक के परिजनों ने इसकी सूचना चेरो ओपी थाना पुलिस को दिया। चेरो ओपी थाना प्रभारी विकेश कुमार ने बताया कि घटनास्थल हरनौत थाना में पड़ता है। उसके बाद परिवार वालों ने शव को वापस घटनास्थल पर लेकर चले गए। घटना की सूचना मिलते ही हरनौत थाना के पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गए। थानाध्यक्ष अमरदीप कुमार ने बताया कि नदी में मछली मारने के दौरान पानी में डूबने से युवक की मौत हुई है। पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने की प्रक्रिया में जुड़ गए हैं।

# डूबते व्यक्ति को बचाने के प्रयास में दूसरे ने लगाई छलांग, लापता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र के मई-फरीदा पंचायत के वासक सैदी गांव के पास स्थित पंचाने नदी में शनिवार को एक डूब रहे एक व्यक्ति को बचाने के प्रयास में दूसरे व्यक्ति ने छलांग लगा दिए। जिसके बाद वह पानी में लापता हो गए। उक्त व्यक्ति की पहचान बुलटन चौधरी के रूप में की गई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पंचाने नदी में एक व्यक्ति डूब रहा था। जिसे देख कर बचाने के लिए बुलटन चौधरी नदी में छलांग लगा दिए। जहां तेज धारा और गहराई के कारण बुलटन खुद पानी में फंस गए पानी से बाहर नहीं निकल पाए और लापता हो गए। इसकी सूचना जब स्थानीय ग्रामीण को मिला तो वह स्थानीय जनप्रतिनिधि और पुलिस को इसकी सूचना दिए। जहां स्थानीय मुखिया धर्मेंद्र कुमार और रहुई थाना की पुलिस ने उक्त स्थल पर पहुंचकर लापता वृद्ध को ढूंढने में लग गए हैं। प्रभारी थाना प्रभारी राज कुमार चैधरी ने बताया कि उक्त व्यक्ति की तालाश की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि इतना सब होने के बावजूद भी अंचलाधिकारी घटनास्थल पर नहीं पहुंचे हैं।

## नेहुसा पंचायत के किसानों की फसल डूबी

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड में शुक्रवार को 36.6 मिमी बारिश दर्ज की गई, जिससे नेहुसा पंचायत के शेरपुर, गोखूलपुर, नेहुसा और तीरा गांवों में सैकड़ों बीघा धान की रोपनी जलमग्न हो गई। किसान मोटर पंप से दिन-रात पानी निकालने में जुटे हैं, लेकिन लगातार बारिश से राहत नहीं मिल रही। किसानों का कहना है कि जमींदारी बांध और शटर गेट के अभाव में हर साल फसल बर्बाद होती है। इस बार करीब 100 बीघा से अधिक धान की रोपनी सड़कर नष्ट हो गई। किसानों ने सरकार से फसल का सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने और स्थायी समाधान के लिए जमींदारी बांध निर्माण की मांग की है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने बताया कि नुकसान की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

# रक्षाबंधन पर महिलाओं ने मंत्री के हाथ में बांधी राखी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** आज वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार के सौजन्य से बिहारशरीफ के आईएमए हाल में रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन किया गया। रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ब्रह्मकुमारीज परिवार की बहनें, मेहतर समाज की बहनें, गायत्री परिवार की बहनें, शिवचर्चा परिवार की बहनें सहित बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने अपने विधायक के कलाई पर राखियां बांधकर उनको शुभकामनाएं प्रदान किया। महिलाओं की काफी भीड़ देखी गई जो अपनी बारी की प्रतिक्षा में लगभग तीन घंटे तक कतारबद्ध रही। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने बिहार प्रदेश




वासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षाबंधन भाई बहन का पवित्र पर्व है जिसमें बहन द्वारा भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर एक-दूसरे की रक्षा का संकल्प लेते हैं। उन्होंने कहा कि मैं भी प्रतिज्ञा लेता हूं कि अपने विधानसभा क्षेत्र के समस्त बहनों की किसी भी समस्या का समाधान एवं उनकी रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष साबो देवी, जिला मंत्री अमरेश कुमार, रंजू कुमारी, राजू माहुरी, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. संध्या सिन्हा, लोजपा रा. महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीना राज, महेंद्र प्रसाद, शिवम राज, रीना कुमारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निशा रानी, प्रवीला देवी, मंजूला सिंह, शांति देवी, प्रियंका कुमारी, दिव्यांशु कुमार सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

# एशियन रग्बी में पहले दिन दिखा रोमांच का तूफान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** राजगीर की धरती पर शुरू हुई एशियन रग्बी अंडर-20 सेवेंस चैंपियनशिप के पहले दिन ही रोमांच अपने चरम पर दिखा। पुरुषों के शुरुआती चार मुकाबलों में उलटफेर, कांटे की टक्कर और शानदार खेल का ऐसा प्रदर्शन देखने को मिला कि दर्शक अपनी सीटों से बंधे रह गए। जहां एक ओर उज्बेकिस्तान ने मजबूत मानी जा रही चीन की टीम को हराया। दूसरी ओर मलेशिया ने अपने से कहीं ज्यादा ताकतवर कजाकिस्तान को बराबरी पर रोककर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर कर दिया। मेजबान भारत ने भी जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया। उज्बेकिस्तान का दमदार खेल, चीन को दी मात चीन 19-उज्बेकिस्तान 12 टूर्नामेंट का तीसरा मुकाबला चीन और उज्बेकिस्तान के बीच खेला गया, जिसमें उज्बेकिस्तान ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया। उज्बेकिस्तान के जर्सी नंबर 11, अबदुरासुलोव ने एक शानदार ओपनिंग ढूंढते हुए ऐसा ट्राई स्कोर किया कि चीनी डिफेंस देखता रह गया। कमेंटेटरों ने इस दौरान नए नियमों पर भी प्रकाश डाला। उज्बेकिस्तान के खिलाड़ियों ने कोई चूक नहीं की और अंत में मैच 19-12 के स्कोर से अपने नाम कर एक बड़ी जीत दर्ज की।

# पकरीबरावां के उकौड़ा में डायरिया का कहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां (नवादा)।** पकरीबरावां प्रखंड के उकौड़ा गांव स्थित रविदास टोला में डायरिया फैलने से अफरा-तफरी मच गई है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि लगभग दर्जनों दस्त और उल्टी से पीड़ित हैं। मृतकों में रविदास टोला के 65 वर्षीय पैरू रविदास, 80 वर्षीया झझनी देवी एवं लालो मांझी का दो वर्षीय पुत्र शामिल हैं। हालांकि अस्पताल प्रशासन की ओर से अब तक डायरिया से मौत की पुष्टि नहीं की गई है। जानकारी मिलने के बाद शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां से मेडिकल टीम गांव पहुंची। टीम में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रतन गुप्ता, फार्मासिस्ट दीपक कुमार, लेखा प्रबंधक विशाल मोहन, एएनएम सुषमा कुमारी एवं आशा कार्यकर्ता शामिल थे। टीम ने रविदास टोला सहित आसपास के टोलों में 100 से अधिक लोगों के बीच ओआरएस घोल, आवश्यक दवाएं और मास्क का वितरण किया। मोहल्ले में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करते हुए लोगों को स्वच्छता का पालन करने की सलाह दी गई। डायरिया से पीड़ित दिनेश पासवान की पत्नी मालो देवी को एंबुलेंस से पकरीबरावां अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज किया गया। टीम द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि डायरिया से बचने के लिए उबला हुआ पानी पीएं, खाना खाने से पहले हाथ धोएं, खुले में शौच से बचें और बच्चों का विशेष ध्यान रखें। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रखंड के उकौड़ा गांव स्थित रविदास टोला में डायरिया फैलने की सूचना प्राप्त हुई। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रतन गुप्ता के नेतृत्व में पांच सदस्यीय मेडिकल टीम और दो एम्बुलेंस टोला में जांच को भेजा गया। स्थिति सामान्य है। टोला के आसपास ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव हुआ है। दो वृद्ध और एक किशोर के मृत्यु की सूचना मिली है, लेकिन इनकी मौत किन कारणों से हुई है, यह स्पष्ट नहीं है।

# श्रावणी पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** शनिवार को श्रावणी पूर्णिमा के अवसर पर प्रखण्ड के विभिन्न शिवालयों में शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक शिव पार्वती मंदिर रानीबाजार, बाबा बम्बेश्वरनाथ मंदिर, भोरमबाग स्थित महादेव मठ, सोखोदेवरा स्थित एकदण्ड महादेव सहित विभिन्न शिवालयों में श्रद्धापूर्वक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। वहीं पूर्णिमा को लेकर काफी चहल पहल देखी गई।

## रक्षासूत्र बंधवाकर भाइयों ने लिया बहनों की रक्षा का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। बहन-भाई के प्यार का प्रतीक इस त्योहार को लेकर घर-घर में व्यापक तैयारियां की गई थी। शनिवार की सुबह से ही लोग स्नान कर देवी देवताओं की पूजा अर्चना किया। इसके उपरांत बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सुत बांधकर जन्म जन्म तक सुख-दुःख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। वहीं



भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान मुंह मीठा करने का दौर भी जारी रहा। घर के बुढे- बुजुर्गों का पैर छुकर भी आशिर्वाद लिया गया। सुबह में अधिकांश बहनों ने भाई की कलाई पर राखी सजाई और उपहार पाकर अपनों के साथ खुशियां मनाई सुबह से शुरू हुआ रक्षाबंधन का त्यौहार देर रात तक चलता रहा।

## ध्वजारोहण के लिए समय निर्धारित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नारदीगंज (नवादा)।** 15 अगस्त 2025 को सरकारी कार्यालय व संस्थानों में ध्वजारोहण के लिए समय का निर्धारण कर दिया गया है। बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने कहा प्रखंड कार्यालय परिसर नारदीगंज में नौ बजे पूर्वाह्नन में, अंचल कार्यालय में नौ बजकर 15 मिनट में, थाना परिसर में नौ बजकर 25 मिनट में, सीएचसी में 9 बजकर 40 मिनट में, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नारदीगंज में नौ बजकर 55 मिनट में, बीआरसी भवन में 10.05 मिनट में, पेंशनर भवन में 10.15 मिनट में, इंटर विद्यालय नारदीगंज में 10.25 में,राजकीय बुनियादी विद्यालय नारदीगंज में 10.35 मिनट में, सीडीपीओ कार्यालय में 10.50 में के अलावा पंचायत भवन नारदीगंज में 11.05 में ध्वजारोहण करने के लिए समय निर्धारित किया गया है।

# आभार सह सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** अकबरपुर प्रखंड अंतर्गत संकुल संसाधन केंद्र उच्च माध्यमिक विद्यालय भनैल के प्रांगण में निवर्तमान संकुल समन्वयक सुभाष कुमार के नेतृत्व में आभार- सह- सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उच्च माध्यमिक विद्यालय भनैल में नवनियुक्त प्रधानाध्यापक सह संकुल संचालक योगेंद्र कुमार का छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत गाकर एवं पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक संजीव कुमार,मध्य विद्यालय भनैल के प्रधानाध्यापक सहदेव चौधरी, वरीय शिक्षक सच्चिदानंद प्रसाद सिंह तथा संकुल समन्वयक चंद्रशेखर प्रसाद के द्वारा के द्वारा पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक संजीव कुमार द्वारा विद्यालय



तथा संकुल में इमानदारी एवं निष्ठापूर्वक किए गए कार्यों को याद कर उन्हें उपस्थित सभी शिक्षकों के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। उन्हें उन्हें भी पुष्पगुच्छ, माला एवं अंग वस्त्र देकर पूर्व संकुल समन्वयक सुभाष कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। नवनियुक्त प्रधानाध्यापक सह संकुल संचालक योगेंद्र कुमार के द्वारा भनैल संकुल के सभी शिक्षकों को संकुल एवं विद्यालय का नेतृत्व पूर्व की भांति बेहतर तरीके से करने का आश्वासन दिए। साथ ही साथ प्राथमिक विद्यालय जहाना में नवनियुक्त प्रधान शिक्षक संतोष कुमार को भी प्रधानाध्यापक योगेंद्र कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में संकुल के सभी शिक्षकगण विद्यानंद प्रसाद अवधेश कुमार, अविनाश कुमार पांडेय, शशि रंजन, शक्ति कुमार, सत्येश कुमार मनीष कुमार, विपिन कुमार, अनवर हुसैन, कुमारी प्रियंका विश्वकर्मा, कुमारी वीणा, आरजू प्रवीण, हिना प्रवीण, गोविंद झा एवं शैलेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

# भाइयों ने भी बहनों को दिया रक्षा करने का वचन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व शनिवार को रजौली प्रखंड क्षेत्र में काफी धूमधाम से मनाया गया। रक्षाबंधन के पर्व को लेकर बहनें सुबह-सुबह उठकर मंदिरों में पूजा-अर्चना की। इसके बाद बहनों ने भाईयों को रोली-चंदन का टीका लगाकर उनकी कलाइयों पर राखी बांध कर आरती कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। बदले में भाईयों ने भी बहनों को क्षमता अनुसार उपहार, नगद आदि देकर उनकी रक्षा करने का वचन दिया। रक्षाबंधन के अवसर पर खासकर छोटे-छोटे भाई-बहनों के चेहरे पर काफी उत्साह देखने को मिल रहा था। छोटी-छोटी बहनें हाथों में राखी लेकर भाईयों को राखी



बांधने के लिए काफी लालायित थी। राखी बांधने का यह पल उन्हें काफी रोमांचित कर रहा था और अपने भैया के प्रति प्रेम से भर दिया था। बहनें भी भाई की कलाई पर राखी बांधकर काफी प्रफुल्लित महसूस कर रही थी। कई बहनें तो अपने ससुराल से भाईयों को राखी बांधने मायके पहुंची तो दर्जनों ऐसे भाई भी थे, जिनकी बहनें उन्हें राखी बांधने नहीं पहुंच सकी। वैसे भाई अपनी शादीशुदा बहनों से राखी बंधवाने बहन के ससुराल पहुंच गए। वहीं भाइयों ने भी अपने बहनों की रक्षा के लिए संकल्प लिया। वहीं काफी संख्या में महिलाएं भी अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए अपने अपने मायके पहुंची। जिनकी बहनें नहीं आई थी उनके भाई खुद राखी बंधवाने के लिए बहनों के ससुराल पहुंच गए।

# रक्षाबंधन पर हजारों श्रद्धालुओं ने की लोमस ऋषि याज्ञवल्क्य ऋषि व भगवान शिव की पूजा-अर्चना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रक्षाबंधन के अवसर पर शनिवार को रजौली पूर्वी पंचायत के सरमसपुर गांव में स्थित लोमस ऋषि पहाड़ पर भव्य मेला का आयोजन हुआ। रजौली पूर्वी पंचायत के मुखिया संजय यादव के द्वारा इस भव्य मेले में महाप्रसाद एवं पेयजल की व्यवस्था की गई थी। लोमस ऋषि पहाड़ दर्शन के लिए पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। भाई-बहन का त्यौहार रक्षाबंधन के अवसर पर प्रत्येक वर्ष लोमस ऋषि पहाड़ पर भव्य मेला का आयोजन होता चला आ रहा है। इस भव्य मेले में दर्जनों प्रकार के खाने पीने की चाट, गुपचुप, आलूकच, चना, आइसक्रीम, जलेबी की दुकानें लगी थी। रक्षाबंधन के अवसर पर लोमस ऋषि पहाड़ पर स्थित लोमस ऋषि बाबा, याज्ञवल्क्य ऋषि आश्रम एवं भगवान शिव की मंदिर है। जहां हजारों श्रद्धालुओं के द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर ध्वजा-पताका लगाकर उनकी पूजा-अर्चना कर भगवान से प्रार्थना की गई। भगवान शिव एवं याज्ञवल्क्य ऋषि आश्रम का दर्शन करने के लिए श्रद्धालु 125 सीढ़ियां चढ़कर पहुंचे थें। 125 सीढ़ियां चढ़ने के बाद लोमस ऋषि बाबा का दर्शन के लिए श्रद्धालु पहाड़ की चोटी पर पहुंचकर लोमस ऋषि बाबा का पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किए।

मान्यताएं हैं कि जो श्रद्धालु लोमस ऋषि बाबा का सच्चे मन से पूजा-अर्चना करते हैं उन सबकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस भव्य मेले में विधि व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए थाने के पुलिस बल स्थिति पर नजर रख रहे थे।

**HOMI BHABHA CENTRE FOR SCIENCE EDUCATION**
TATA INSTITUTE OF FUNDAMENTAL RESEARCH

**National Olympiad Programme 2025-2026**
**in Astronomy, Biology, Chemistry, Physics, Junior Science**

All students wishing to participate in the programme must appear in corresponding **National Standard Examinations (NSEs)** (for science subjects) on **November 22 and 23, 2025,** conducted by **the Indian Association of Physics Teachers (IAPT).**

Qualification in NSE is the first step towards participation in the corresponding **International Olympiads of 2026.**

To enroll:
**NSEs**: https://www.iapt.org.in (Aug 21 - Sep 14, 2025)

For more details: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in

cbc48143/12/0006/2526

# वृक्षों को राखी बांध डॉ. प्रेम कुमार ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने सोमवार को गांधी मैदान, गया में वृक्षों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जैसे बहनें अपने भाइयों से रक्षा का वचन लेती हैं, वैसे ही हमें भी वृक्षों की रक्षा और संवर्धन का संकल्प लेना चाहिए क्योंकि पेड़ हमारे जीवन के लिए उतने ही आवश्यक हैं जितना प्राणवायु। डॉ. कुमार ने इस मौके पर कहा कि वृक्ष न केवल हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि जलवायु संतुलन, मिट्टी संरक्षण और जैव विविधता बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह पौधारोपण करे और लगाए गए पौधों की देखभाल भी सुनिश्चित करे। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने आसपास अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हराभरा पर्यावरण उपहार में दें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। सभी ने वृक्षारोपण और संरक्षण का संकल्प लिया। मौके पर भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक प्रेम सागर, क्षेत्रीय प्रभारी अमित लोहानी, महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, अशोक शर्मा, वरिष्ठ नेता मुकेश शर्मा, देवानंद पासवान, दिलीप सिंह और जितेंद्र कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। रक्षाबंधन के इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार की यह पहल लोगों के लिए प्रेरक बनी। प्रतिभागियों का कहना था कि यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने में मददगार है, बल्कि लोगों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने का भी कार्य करता है। गांधी मैदान में वृक्षों को राखी बांधने का यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक मजबूत संदेश देता है कि प्रकृति के साथ हमारे रिश्ते भी उतने ही पवित्र हैं, जितने रक्षाबंधन के।

# 16 से शुरू होगा राजस्व महाअभियान, हर पंचायत में बंटेगी जमाबंदी कॉपी और फॉर्म



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** अंचल कार्यालय कोंच में अंचलाधिकारी मुकेश कुमार ने शनिवार को बैठक कर आगामी राजस्व महाअभियान को लेकर संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि यह महाअभियान 16 अगस्त से 15 सितंबर तक चलेगा जिसके तहत प्रत्येक पंचायत में लोगों को जमाबंदी की प्रति और संबंधित फॉर्म उपलब्ध कराए जाएंगे। बैठक में अभियान के सफल संचालन की रूपरेखा तय की गई। अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर लोगों को राजस्व से संबंधित सभी दस्तावेज उपलब्ध कराएं और जमीन संबंधी विवादों का भी त्वरित निपटारा करें। प्रशिक्षण के दौरान सभी कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि कोई भी लाभुक छूटने न पाए। मुकेश कुमार ने कहा कि अभियान का उद्देश्य राजस्व कार्यों में पारदर्शिता और त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। मौके पर सभी अमीन, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो आदि मौजूद थे।

## रक्षाबंधन पर बहनों ने बांधी राखी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** श्रावण मास की पूर्णिमा पर शनिवार को रक्षाबंधन का पावन पर्व पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं भाइयों ने भी उन्हें जीवनभर सुरक्षा देने का वचन दिया। सुबह से ही बाजारों में राखियों और मिठाइयों की खरीदारी के लिए भीड़ देखी गई। परिवारों में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ राखी बांधने का सिलसिला चला। कई जगहों पर बहनों ने दूर-दराज से वीडियो कॉल के माध्यम से भाइयों को राखी बांधी और त्योहार की खुशियां साझा कीं। कुछ समाजसेवी संगठनों और स्कूलों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए जहां बच्चों ने रक्षाबंधन का सांस्कृतिक महत्व जाना। वहीं, कई बहनों ने सैनिकों और पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया। रक्षाबंधन ने एक बार फिर से भाई-बहन के रिश्ते की डोर को मजबूती दी और सामाजिक एकता का संदेश भी दिया।

# सियाडीह-मठिया रोड निर्माण कार्य का विधायक ने किया निरीक्षण

## भोजा बिगहा में दिव्यांग महिला के परिजनों को सौंपा पारिवारिक लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** क्षेत्रीय विधायक डॉ. अनिल कुमार ने सियाडीह-मठिया गांव के बीच चल रहे सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और कार्य को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने विधायक से सड़क निर्माण में हो रही समस्याओं की जानकारी दी जिस पर उन्होंने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया और कहा कि अभी ग्रामीण कार्य विभाग से 21 रोड का कार्य आने वाले एक सप्ताह में सभी जगह लग जाएगा। उन्होंने कहा कि आपलोग विरोधियों के चक्कर में न पड़ें। आने वाले दिनों में सभी रोड का जीर्णोद्धार हो जाएगा। बहुत से कार्यों को मैं लाया हूं जो कुछ ही दिनों में दिखेगा। इस दौरान विधायक भोजा बिगहा गांव भी पहुंचे जहां कुछ दिन पहले नदी में डूबने से एक दिव्यांग महिला की मौत हो गई थी। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें सरकार की पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की। विधायक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर कई स्थानीय नेता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 12 अगस्त को करेंगे मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ताओं के साथ संवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** राज्य सरकार द्वारा घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली देने की ऐतिहासिक घोषणा की गई जिसके उपरांत 1 अगस्त 2025 से जुलाई माह की बिजली खपत के आधार पर लोगों को 125 यूनिट तक पूर्ण अनुदान पर बिजली मिल रही है। उपभोक्ताओं को योजना की संपूर्ण जानकारी देने हेतु व्यापक जन जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 12 अगस्त 2025 को विद्युत उपभोक्ता संवाद कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के सभी उपभोक्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य है कि उपभोक्ता इस योजना के विभिन्न पहलुओं को बेहतर ढंग से समझ सकें। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु प्रत्येक विद्युत आपूर्ति प्रशाखा में 4 संवाद स्थल निर्धारित किए गए हैं। साथ ही, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल/जिला स्तर पर भी संवाद स्थलों का चयन किया गया है। इस प्रकार इस संवाद कार्यक्रम से लगभग 3000 संवाद स्थलों के माध्यम से 15 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के साथ मुख्यमंत्री द्वारा सीधा संवाद किया जाएगा। मुख्यमंत्री के संवाद को उपभोक्ताओं तक पहुंचने हेतु सभी संवाद स्थलों पर एलइडी स्क्रीन, प्रोजेक्टर व टीवी की व्यवस्था की जाएगी। इस संवाद कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, पंचायती राज संस्थानों के प्रतिनिधिगण, मीडिया प्रतिनिधिगण एवं संबंधित हितधारकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि यह कार्यक्रम जन-जन तक पहुंचे और योजना का लाभ राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को मिले। उक्त बातें एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कोंच कनीय अभियंता विकास कुमार एवं समरेश कुमार ने शनिवार को कही है।

## नालियों के सिल्ट के साथ निकल रहीं शराब की बोतलें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** बारिश से पहले नालियों की सफाई पूरी नहीं होने के चलते नगर निगम की ओर से फिलहाल कई जगहों पर नालियों की सफाई करायी जा रही है। राजेंद्र आश्रम में नालियों के सफाई के दौरान सिल्ट के साथ बड़ी मात्रा में शराब की बोतलें निकल रही हैं। लोग आश्चर्य व्यक्त कर रहे हैं कि नालियों को जाम करने में ये बोतलें काफी सहायक हो रही है। आखिर निगम कब तक इस स्थिति में सफाई करवाती रहेगी।

# रक्षाबंधन पर वृद्धाश्रम में सेवा करने से सुकून मिलता है : कुमार गौरव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** अपनी मां के बताए रास्ते पर चलते हुए लोगों की सेवा में तत्पर रहने वाले माधुरी फाउंडेशन के अध्यक्ष और गयाजी के प्रसिद्ध समाजसेवी कुमार गौरव ने फतेहपुर रोड स्थित 'सहारा वृद्धाश्रम' में रहने वाले वृद्धजनों के साथ रक्षाबन्धन का त्योहार मनाया। इस मौके पर अपनों से दूर, अपने अंदर समेटे कई दर्द उस वक्त उनकी आंखों से अश्रुधार फूट पड़े जब श्री सिन्हा ने उनका कुशलक्षेम पूछा और उनलोगों के लिए कई उपयोगी सामग्री उनलोगों के बीच वितरण किया। इसमें से एक वृद्ध समाजसेवी कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा से बोले कि तुम पराए होकर अपने निकले और जो अपने हैं उन्होंने रक्षा बंधन के मौके पर हालचाल तक नहीं पूछा। हमारा बचपन भी इस पर्व का पूरे साल इंतजार करता था कि बहन हमारी कलाई पर राखी बांधेगी, पर आज वो सिर्फ कहानी बनकर रह गई है। अब कोई नहीं आता, कोई नहीं पूछता, ऐसे शब्दों ने वहां मौजूद सारे लोगों की आंखों को गिला कर दिया। माधुरी फाउंडेशन के अध्यक्ष और गयाजी के प्रसिद्ध समाजसेवी कुमार गौरव तथा उनके साथ गए अन्य समाजसेवियों ने आज के दिन यह संकल्प लिया कि हम किसी को ऐसे हालात में नहीं छोड़ेंगे। हम ताउम्र अपने फर्ज को निभाएंगे और ऐसे लोगों की सेवा करते रहेंगे। कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने कहा- मेरी मां का निधन कोविडकाल में कोरोना से हो गया था। उस दर्द को हम आज तक नहीं भूल पाए हैं। वो अक्सर कहती थीं कि मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है। इसी वजह से हम हमेशा वृद्धजनों के बीच आते हैं और इनकी सेवा करते हैं। मुझे इस कार्य से बहुत सुकून मिलता है, लगता है मां से किए गए वादे को पूरा कर पा रहा हूं। कार्यक्रम में शिवाजी पांडे, वृद्धाश्रम के सत्यानंद कुमार, कनक कुमारी सहित अन्य लोग वृद्धाश्रम में मौजूद थे।

# चोरों ने फिर मचाया उत्पात, 20 लाख की संपत्ति की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** क्षेत्र के नगर पंचायत अंतर्गत माली गली में गुरूवार की देर रात चोरों ने फिर से उत्पात मचाया और एक घर के दो अलग-अलग कमरों से चोरी कर 20 लाख से भी अधिक की संपत्ति फरार हो गये। चोरी की सूचना मिलते हीं क्षेत्र में सनसनी फैल गई। चोरों का दबे पांव खिड़की तक पहुंचना और सबसे पहले खिड़की उखाड़ना और उसके बाद दरवाजे को खोलकर अंदर घुसना सभी कार्य पूर्व की चोरियों से मेल खा रहा था। पीड़ित गृहस्वामी मिथिलेश कुमार ने बताया कि जिस कमरे में चोरी हुई है, उसमें मेरा पुत्र रहता है और दूसरा कमरा एक एएनएम दीदी को किराये पर दिया हुआ है। मेरे बेटे के कमरे में रखा गोदरेज और बॉक्स में रखे अटैची तथा बैग को चोरों ने पूरी तरह खंगाल दिया है जिसमें जेवर व अन्य सामानों की चोरी हुई है जिससे लगभग बीस लाख से ऊपर का नुकसान हुआ होगा, लेकिन मेरा पुत्र अभी बाहर में रह रहा है उसके आने के बाद हीं स्पष्ट हो पायेगा कि कौन-कौन सामान की चोरी हुई है और उसका वास्तविक कीमत कितनी होगी। वहीं दूसरा कमरा के किरायेदार को सूचना दी गई है, जब वे आयेंगे तो उनके चोरी गये सामानों का पता चल पाएगा। सुबह जब उठकर मैंने बेटे के कमरे का दरवाजा खोलना चाहा तो वह अंदर से बंद था, उसी समय मेरा माथा ठनका, बाहर से जाकर देखा तो खिड़की उखाड़कर चोरी होने की बात पता चली। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि मौके पर जाकर जायजा लिया गया है एवं पीड़ित से कई बार चोरी से संबंधित आवेदन देने को कहा गया है।

# राजस्व अधिकारी ने दिया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरारू।** अंचल कार्यालय में राजस्व अधिकारी प्रीति सिन्हा ने सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो, विशेष सर्वेक्षण अमीनों, राजस्व कर्मचारियों, अंचल अमीन के साथ बैठक कर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के निर्देशानुसार 16 अगस्त से 15 सितंबर तक भू स्वामी के घरों तक जा कर उनके जमाबंदी में सुधार कार्यक्रम के तहत बैठक कर प्रशिक्षण दिया। इस संबंध में आर ओ प्रीति सिन्हा ने बताया कि 16/8 से 15/8 तक राजस्व महा अभियान के तहत प्रत्येक पंचायतों के राजस्व कर्मचारी एवं सर्वे अमीन प्रत्येक भू स्वामियों के घर-घर जाकर उनके जमाबंदी का एक-एक कॉपी एवं आवेदन फार्म देंगे। यदि उनके जमाबंदी में कोई त्रुटि होगी तो कर्मचारी तुरन्त फार्म भरवाकर ले लेंगे जिसे 19 अगस्त से 20 सितम्बर तक प्रत्येक पंचायत के पंचायत सरकार भवनों या सरकारी भवनों में लगने वाले शिविरों में सुधार कर दिया जाएगा। इस योजना के तहत भू स्वामी जमाबंदी में त्रुटि सुधार, बंटवारा नामांतरण, उत्तराधिकारी नामांतरण, छुटी हुई ऑफ लाइन जमाबंदी को ऑनलाइन सुलभ रूप से करवा सकेंगे। साथ ही साथ उन्होंने भू स्वामियों से निवेदन किया कि इस अवसर का लाभ अवश्य उठायें।

# पूर्णिमा पर दोगोला गायन प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरिया।** सावन पूर्णिमा के अवसर पर बुद्ध पहाड़ी प्राणचक परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत दोगोला गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दुबहल पंचायत की मुखिया गीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि राजदेव राम, डुमरिया क्षेत्र संख्या 32 के जिला पार्षद सदस्य रवींद्र राम, सेवरा पंचायत के पूर्व मुखिया एवं कार्यक्रम अध्यक्ष महेंद्र दास, इमामगंज क्षेत्र संख्या 30 के जिला पार्षद सदस्य प्रतिनिधि संतोष दास, सचिव राजीव रंजन प्रसाद और भरत प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत बुद्ध प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसमें वरीय अधिवक्ता रघुनंदन प्रसाद, अधिवक्ता विनय कुमार, राजेश प्रसाद, सीताराम प्रसाद और लेखा पासवान शामिल रहे। बुद्ध पहाड़ी के प्रबंधक अधिवक्ता विनय कुमार ने बताया कि बुद्ध पहाड़ी प्राणचक को पर्यटन स्थल घोषित करने के लिए प्रक्रिया जारी है। बिहार सरकार के पर्यटन विभाग, पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में डीएम ने इमामगंज बीडीओ को स्थल जांच कर प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया है। इसके तहत अंचल अमीन को भूमि चिह्नित करने का आदेश दिया गया है। दोगोला गायन प्रतियोगिता में लाल बिहारी चौधरी और महावीर यादव के बीच रोचक मुकाबला हुआ। इस दौरान दुबहल पंचायत की मुखिया गीता देवी ने बुद्ध पहाड़ी परिसर में विवाह मंडप निर्माण की घोषणा की, वहीं इमामगंज क्षेत्र संख्या 30 के जिला पार्षद प्रतिनिधि संतोष दास ने प्रवेश द्वार बनवाने का आश्वासन दिया।

# सर्पदंश से किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के काबर गांव में सर्पदंश से 13 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। वह अपने पिता के साथ जमीन पर सोया हुआ था, जब रात के समय उसे जहरीले सर्प ने डंस लिया। किशोर ने बताया कि उल्टी करने का मन कर रहा है और सर भारी सा लग रहा है जिसे सुन कर परिजन तुरंत उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने पुष्टि करते हुए कहा कि ग्राम काबर के रौशन कुमार उम्र 13 वर्ष पिता उमेश दास के मामले में शनिवार के सुबह 6:30 बजे यूडी केस (अप्राकृतिक मृत्यु) दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है और लोगों ने खुले में सोने को लेकर चिंता जाहिर की है। स्थानीय प्रशासन से सुरक्षा के उपाय किए जाने की मांग की जा रही है।

# स्वच्छता अभियान को मिली गति, 250 परिवारों को मिले कूड़ेदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखण्ड के खजुरी पंचायत में स्वच्छता की दिशा में शनिवार को सुबह 10 बजे बड़ा कदम उठाया गया। लोहिया स्वच्छता मिशन के तहत ग्राम सलेमपुर वार्ड नंबर 3 में पंचायत के उप मुखिया सुनील कुमार ने 100 से अधिक परिवारों को कूड़ेदान वितरित किए। वहीं इसी क्रम में नेहोरा गांव के वार्ड नंबर 13 में वार्ड सदस्य अरशद अंसारी ने 150 कूड़ेदान का वितरण किया। इस पहल का उद्देश्य गांवों में स्वच्छता को बढ़ावा देना और कचरे के सही प्रबंधन की आदत विकसित करना है। ग्रामीणों ने दोनों जनप्रतिनिधियों की इस सराहनीय पहल का स्वागत करते हुए स्वच्छ और सुंदर गांव बनाने का संकल्प लिया। मौके पर रवि पासवान सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## हिंदू बहन ने मुस्लिम भाई की कलाई पर बांधी राखी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते हुए हर साल की तरह इस बार भी एक हिंदू महिला ने अपने मुस्लिम भाई की कलाई पर राखी बांधी और उसकी सलामती की दुआ की। आमस प्रखंड के हमजापुर निवासी व अनवर हुसैन सोनी को पड़ोस की हिंदू महिला सुशीला उर्फ मुनिया पिछले कई वर्षों से भाई मानती हैं। सुशीला की ससुराल टिकारी में है, लेकिन वह हर वर्ष रक्षाबंधन पर ससुराल से हमजापुर आकर सोनी को राखी बांधती हैं। वह पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ तिलक लगाकर, आरती उतारकर और मिठाई खिलाकर राखी बांधती हैं। इसके बाद भगवान से भाई की सलामती और खुशहाली की दुआ करती हैं।

# भारतीय युवा कांग्रेस का 65वां स्थापना दिवस मना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भारतीय युवा कांग्रेस का 65 वां वर्षगांठ गया के स्थानीय कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में मनाय गया। सर्वप्रथम भारतीय युवा कांग्रेस के गया जिला अध्यक्ष विशाल कुमार द्वारा पार्टी झंडा फहरा कर स्थापना दिवस का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह, गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष संतोष कुशवाहा, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्टू, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, भुवन राम कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष अमित कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह, दामोदर गोस्वामी, अमरजीत कुमार, धर्मेंद्र कुमार निराला, इंटक जिलाध्यक्ष अजय सिंह, शिव कुमार चौरसिया, श्रीकांत शर्मा, टिंकू गिरी, मोहम्मद शमीम आलम, मुन्ना मांझी, विक्की कुमार, ऋषि कुमार आदि ने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस की स्थापना 1960 में हुई थी जिसके प्रथम अध्यक्ष स्व. प्रिय रंजन दास मुंशी थे। युवा कांग्रेस अपने स्थापना काल से 65 वर्षों से लगातार देश के युवाओं के समस्याओं के लिए दिन-रात संघर्ष करते आ रही है।

# करो या मरो के नारे के साथ शुरू हुआ था भारत छोड़ो आंदोलन : कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** अगस्त क्रांति दिवस 9 अगस्त 1942 को करो या मरो के नारे के साथ शुरू हुआ था जो भारत की आजादी की चेतना के रूप में सम्पूर्ण देशवासियों के दिल में बैठ गया था। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अगस्त क्रांति के 83 वां वर्षगांठ पर गया के स्थानीय चौक स्थित कोतवाली थाना के समीप अवस्थित शहीद स्मारक एवं धामिटोला स्थित अमर शहीदों को सलाम करते हुए श्रद्धांजलि दिया गया। गया जिला कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अमित कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह ने किया।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो. विजय कुमार मिट्टू, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्रा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, दामोदर गोस्वामी, सादुलाह फारुकी, अमरजीत कुमार, टिंकू गिरी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, मोहम्मद अजहरुद्दीन कुंदन कुमार, भुवन राम, श्रीकांत शर्मा, उमाकांत गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार निराला, कांग्रेस अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील पासवान, शिव कुमार चौरसिया, अमर मालाकार, गुड्डू यादव, श्रीकांत शर्मा, राम प्रवेश सिंह आदि ने अगस्त क्रांति के वीर शहीदों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देने के उपरांत कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन एक ऐसा ऐतिहासिक क्षण था जब सम्पूर्ण भारत एकजुट होकर स्वतंत्रता की मांग पर अड़ गया था, गांधी जी का करो या मरो आज भी हमें ये सिखाता है कि जब बात देश की हो तब समर्पण, साहस और एकता ही जीत दिलाते हैं।

संपादकीय

# भारत ट्रंप के आगे न झुके!

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अपनी खुन्नस में भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने से पूरी दुनिया में खलबली मच गई है। ट्रंप ने 25 फीसदी टैरिफ तो पहले ही लगा दिया था, जो 7 जुलाई से लागू होना था। अब जो नया 25 टैरिफ लगाया गया है, उसे लागू करने की 21 दिनों की मोहलत दी गई है। ट्रंप ने यह धमकी भी दी है कि अगर भारत ने जवाबी कार्रवाई तो टैरिफ और बढ़ाया जा सकता है। भारत में अमेरिका की इस दादागिरी के खिलाफ आवाजें उठने लगी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि चाहे मुझे इसकी कीमत चुकानी पड़े, लेकिन ट्रंप की दादागिरी के आगे भारत नहीं झुकेगा। पीएम ने जो कहा है, उसका लब्बोलुआब यही है कि कि उनके लिए व्यक्तिगत रिश्ते राष्ट्रहित के आगे कोई मायने नहीं रखते और ऐसे संबंध वह कुर्बान करने के लिए तैयार हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी अमेरिका के इस रवैये को विश्वासघाती और निंदनीय बताया है। ट्रंप की परेशानी यह है कि उन्होंने दुनिया के सभी देशों पर मनमाना टैरिफ लगाया है, लेकिन सौ देशों ने इसे चुपचाप मान लिया। भारत सहित पांच देश अभी भी अमेरिका की इस जोर जबरदस्ती के आगे झुकने के लिए तैयार नहीं हैं। ट्रंप के इस रवैये की जहां रूस ने आलोचना की है, वहीं अब ईरान भी भारत के समर्थन में आ गया है। भारत में ईरान के राजदूत डॉ. इराज इलाही ने कहा है कि अमेरिका अर्थव्यवस्था को हथियार बना रहा है। उन्होंने भारत के खिलाफ टैरिफ को केवल एक देश का मामला न समझने कहा, बल्कि इससे कोई भी देश सुरक्षित नहीं है। अब बड़ा सवाल यह है कि भारत पर इस मनमाने टैरिफ का देश के निर्यात और कारोबार पर क्या और कितना असर होगा? इस बारे में विशेषज्ञों की राय अलग-अलग हैं। कुछ का मानना है कि भारी टैरिफ से भारत की जीडीपी में कुछ कमी आएगी तो कुछ के मत में भारत के लिए यह अवसर भी है। नीति आयोग के पूर्व सीईओ तथा जी 20 के पूर्व शेरपा अमिताभ कांत ने कहा है कि भारत आर्थिक सुधारों की दिशा में लंबी छलांग लगा सकता है। इस संकट को पूरी तरह देशहित में इस्तेमाल करना जरूरी है। ट्रंप यह संदेश बार-बार दे रहे हैं कि भारत रूस के साथ अपने कारोबारी रिश्ते खत्म करे। अमेरिकी उत्पादों के लिए भारत का कृषि व डेयरी उद्योग खोले तथा ब्रिक्स में अपनी भूमिका समेटे। जाहिर है कि यह कतई संभव नहीं है कि दुनिया में तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत अमेरिका के आगे घुटने टेकेगा और अपने आजमाए हुए दोस्त रूस से रिश्ते बिगाड़ेगा। यहां तक कि भारत चीन से भी अपने सम्बन्ध सुधारने की कोशिश में है। इसका संकेत इसी बात से मिलता है कि पीएम मोदी इस बार एससीओ की बैठक में भाग लेने चीन जाएंगे। वैसे भी अमेरिका का अब तक रवैया आमतौर भारत विरोधी ही रहा है। और फिर ट्रंप जैसे मानसिक रूप से भी अस्थिर व्यक्ति की बातों पर किस आधार पर भरोसा किया जाए। ट्रंप द्वारा भारत की नाक दबा कर रूस का मुंह खुलवाने की कोशिश बचकानी है। वह भारत को चिढ़ाने के लिए पाक सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को बार-बार अमेरिका न्यौता रहा है। वैसे पाकिस्तान की अमेरिका से बढ़ती दोस्ती पर चीन की भी गहरी नजर है। उधर अमेरिका में भी भारत के प्रति ट्रंप के रवैए की आलोचना हो रही है। लेकिन ट्रंप अपनी सनक में काम किए जा रहे हैं। उन्हें समझ लेना चाहिए कि दबाव में भारत न कभी झुका है और न ही झुकेगा।

# कर्तव्य बोध का उज्ज्वल पक्ष

अब समय बदला है। अब भारत में मानसिक रूप से एक अलग तरह की जो पीढ़ी तैयार हो रही है वह इसे कर्तव्य पथ ही जानेगी और उसके भीतर कर्तव्य के प्रति भावना भी अंकित होगी। यह सोच के स्तर पर बदलाव को सरकार ने जो बदलने का यत्न किया वह सराहनीय है और इसकी सराहना हुई भी है। अब देश में उसी कर्तव्य पथ की तर्ज़ पर कर्तव्य भवन का निर्माण हुआ और उसका शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री ने किया। यह राष्ट्र को समर्पित भवन दिल्ली में राजधानी की न तो शोभा बने और न ही केवल एक ईंट-पत्थर की ईमारत। यह भवन यदि सच में देश के डेढ़ अरब आबादी को यह सीख दे कि भारत में कर्तव्य बोध, भारत बोध है और इसके लिए हमें अपने समर्पित जीवन को देश के लिए लगाना है तो बात अच्छी होगी। वरना देश में बने अनेक भवनों, ईमारतों, आश्रमों के होने से कुछ भी होने वाला नहीं है।

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**

दिल्ली में कर्तव्य पथ, देश के नए संसद भवन, नए रक्षा भवन, भारत मंडपम्, यशोभूमि, शहीदों को समर्पित नेशनल वॉर मेमोरियल, नेताजी सुभाष बाबू की प्रतिमा और अब ये कर्तव्य भवन राजधानी की शोभा बढ़ाने लगे हैं। नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा निर्मित इन कार्ययोजना के पीछे निहित उद्देश्य यह रहा है कि हम राष्ट्रबोध को समझें और राष्ट्र के नायकों को समझें। राष्ट्रबोध ही वस्तुतः कर्तव्य-बोध का द्योतक है। अभी तक राजपथ से कर्त्तव्य पथ के रूप में मानसिक रूप से विनिर्मिति के पीछे इस सरकार की मंशा रही है कि पहले व्यक्ति अपने भीतर जमीनी सोच को पैदा करे। अपने भीतर भावनाओं को जागृत करे व उस पर विजय हासिल करे। कर्तव्य पथ बनाने के पीछे यही उद्देश्य रहा है।

अब समय बदला है। अब भारत में मानसिक रूप से एक अलग तरह की जो पीढ़ी तैयार हो रही है वह इसे कर्तव्य पथ ही जानेगी और उसके भीतर कर्त्तव्य के प्रति भावना भी अंकित होगी। यह सोच के स्तर पर बदलाव को सरकार ने जो बदलने का यत्न किया वह सराहनीय है और इसकी सराहना हुई भी है। अब देश में उसी कर्तव्य पथ की तर्ज़ पर कर्त्तव्य भवन का निर्माण हुआ और उसका शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री नी किया। यह राष्ट्र को समर्पित भवन दिल्ली में राजधानी की न तो शोभा बने और न ही केवल एक ईंट-पत्थर की ईमारत। यह भवन यदि सच में देश के डेढ़ अरब आबादी को यह सीख दे कि भारत में कर्तव्य बोध, भारत बोध है और इसके लिए हमें अपने समर्पित जीवन को देश के लिए लगाना है तो बात अच्छी होगी। वरना देश में बने अनेक भवनों, ईमारतों, आश्रमों के होने से कुछ भी होने वाला नहीं है।

यह भवन हमसे आग्रह करता है कि हम अच्छे मन से, अच्छे कर्म से और अच्छे कार्यशैली से जाने जाएँ। यदि देश में कोई आश्रम बनाए और वहां के आश्रम के लोग चारित्रिक रूप से बुरे हों, अपने भौतिक आनंद में डूबे हों, तो आश्रम एक दिन निंदा का पात्र बन जायेगा और वहां के मठाधीश जेलों के पीछे होंगे। भारत में ऐसे अनेक उदाहरण हैं आश्रमों के भी जहाँ के स्वयंभू धर्माचार्य जेलों में हैं। वे खूब पूजे जाते थे लेकिन आचरण ने उन्हें मिट्टी में मिला दिया। भारत का कर्तव्य भवन भी जो बना है, यदि यहाँ कार्य करने वाले कर्मचारी, अधिकारी लोग ठीक आचरण करके देश के लोगों को सहयोग करेंगे, अच्छे आचरण से रहेंगे, अच्छे जीवन जिएंगे, भ्रष्टाचार आदि से दूर रहेंगे तो इसकी पहचान आने वाले समय में होगी। यदि ऐसा नहीं होता है तो कर्तव्य भवन के भी चर्चे लोगों के बीच, समाज में, राष्ट्र में निंदा का पात्र बनकर रह जाएगा।



भारत के प्रधानमंत्री ने इस भवन के उद्‌घाटन अवसर पर बहुत विनम्र भाव प्रकट किया है। वे सभी भाव शब्द-शब्द मोती की भांति हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने इस इमारत को बहुत मंथन के बाद 'कर्तव्य भवन' नाम दिया है। कर्तव्य पथ, कर्तव्य भवन, ये नाम हमारे लोकतंत्र की, हमारे संविधान की मूल भावना का उद्घोष करते हैं। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है न मे पार्थ अस्ति कर्तव्यं त्रिषु लोकेषु किंचन, नान-वाप्तं अ-वाप्तव्यं वर्त एव च कर्मणि॥ अर्थात्, हमें क्या प्राप्त करना है, क्या प्राप्त नहीं करना है, इस सोच से ऊपर उठकर हमें कर्तव्य भाव से कर्म करना चाहिए। कर्तव्य, भारतीय संस्कृति में ये शब्द केवल दायित्व तक सीमित नहीं हैं। प्रधान मंत्री का मानना है कि कर्तव्य, हमारे देश के कर्मप्रधान दर्शन की मूल भावना है। स्व की सीमा से परे, सर्वस्व को स्वीकार करने की विराट दृष्टि, यही कर्तव्य की वास्तविक परिभाषा है। और इसलिए, कर्तव्य, ये सिर्फ इमारत का नाम भर नहीं है। ये करोड़ों देशवासियों के सपनों को साकार करने की तपोभूमि है। कर्तव्य ही आरंभ है, कर्तव्य ही प्रारब्ध है। करुणा और कर्मठता के स्नेह सूत्र में बंधा कर्म, वही तो है- कर्तव्य। सपनों का साथ है- कर्तव्य, संकल्पों की आस है- कर्तव्य, परिश्रम की पराकाष्ठा है- कर्तव्य, हर जीवन में ज्योत जला दे, वो इच्छाशक्ति है- कर्तव्य। करोड़ों देशवासियों के अधिकारों की रक्षा का आधार है- कर्तव्य, मां भारती की प्राण-ऊर्जा का ध्वजवाहक है- कर्तव्य, नागरिक देवो भवः के मंत्र का जाप है- कर्तव्य, राष्ट्र के प्रति भक्ति भाव से किया हर कार्य है- कर्तव्य।

देश में अभिमंत्रित शब्दों के साथ, अच्छे मन से प्रधान मंत्री ने इस कर्तव्य भवन को सौंपा है। इतनी सारी व्याख्या भी कर दी और लोगों को यह जता भी दिया कि हम क्या करें। देखा जाए तो भारत के शिल्प में इस भवन को ऐतिहासिक स्थान मिलने वाला है। आने वाला वक्त जब भी इस भवन के सन्दर्भ में स्मरण होगा तो उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी शब्द भी दुहराए जाएंगे। इस प्रकार नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश को सनातन मार्गी बनाकर हम सबके समक्ष प्रकट कर दिया। अब ये शब्द आने अली पीढ़ी, बाद की पीढ़ी, पीढ़ी-दर-पीढ़ी स्मरित किए जाएंगे और आज के मंतव्य को आगे भी प्रसारित-प्रचारित करेंगे। भारतीय प्रसार परंपरा भी कुछ ऐसी ही है। भारत के धर्म, अध्यात्म और लोक की बातें हमें इसी क्रम में विरासत में प्राप्त कर ली है, हमें पता नहीं चलता है। अब सवाल यह है कि प्रधान मंत्री ने जिन अभिमंत्रित शब्दों के साथ राष्ट्र को यह भवन समर्पित किया, क्या उसे हम निभाने के लिए मनोयोग से तत्पर हैं? क्या हम अपने आचरण का हिस्सा बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं? क्या यह भवन आने वाले समय में किसी भी ऐसे कुविचार, कुकृत्य व कुसंस्कार के लिए नहीं न उद्धृत किया जाएगा? यह विचार इसलिए हमारे मन में आते हैं क्योंकि अभी भी कहीं न कहीं भारतीय लोग मन, कर्म और वचन में एकत्व नहीं रखते। भारत की लाज के लिए, प्रधानमंत्री के शब्दों की प्रतिष्ठा के लिए ही सही, यदि सभी यहाँ कार्यरत लोगों ने प्रधानमंत्री के शब्द को बार-बार याद रखा और उसे आचरण का हिस्सा भी बनाया तो, ऐसे कोई भी स्वर आने वाले दिनों में हमें सुनने या सुनाने के लिए नहीं बनेंगे। आवश्यकता इस बात की है कि सभी अनुशासित, सतर्क व व्यवस्थित जीवन जिएं और इस भवन की गरिमा को बनाकर रखें। इस भवन के साथ प्रधान मंत्री ने कुछ और बातें भारत के विश्वास व भविष्य के रोडमैप के लिए कही। प्रधान मंत्री का मानना है कि जब सफल राष्ट्र आगे बढ़ते हैं, तो अपनी सकारात्मक विरासत को त्यागते नहीं हैं। वो उसे संरक्षित करते हैं। आज विकास और विरासत के इसी विज़न पर हमारा भारत आगे बढ़ रहा है। नए कर्तव्य भवन के बाद ये नॉर्थ और साउथ ब्लॉक भी भारत की महान विरासत का हिस्सा बनेंगे। नॉर्थ और साउथ ब्लॉक को देश की जनता के लिए यगे युगीन भारत, इस संग्रहालय के रूप में बदला जा रहा है। देश का हर नागरिक यहाँ जा सकेगा, देश की ऐतिहासिक यात्रा के दर्शन कर सकेगा। प्रतिभागिता, साझेदारी, आशा व विश्वास से ही तो कोई राष्ट्र आगे बढ़ता है। कर्तव्य भवन का भी उदय कुछ इसी प्रकार हुआ है। भारत के लोगों का दायित्व है कि वे इसके माहात्म्य को बढ़ाएं। भारत का सामर्थ्य बढ़ाएं। भारत को भारत की विरासत का बचाव करके अच्छे अभिव्यक्ति के माध्यम से ही ऐसा किया जा सकता है।

अध्यात्म

## सफलता के लिए अनिवार्य है मेहनत

एक छोटे से गाँव में एक प्राचीन मंदिर खड़ा था, जहाँ एक संत, बाबा नारायणदास, नियमित रूप से भक्ति में लीन रहते थे। वे मंदिर के देवता की पूजा और आरती से गाँव को आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करते थे। पास ही रहने वाला एक बच्चा, रमेश, पढ़ाई में बहुत तेज था। उसकी जिज्ञासु प्रकृति उसे अक्सर बाबा के पास ले जाती थी, जहाँ बाबा उसे स्नेह से गले लगाते और उसकी बातें सुनते थे।

एक दिन रमेश ने बाबा से उत्सुकता से पूछा, बाबा, क्या सचमुच देवता होते हैं? बाबा मुस्कुराए और बोले, हाँ, बेटा, वे होते हैं। रमेश ने फिर सवाल किया, तो वे क्या करते हैं? बाबा ने गंभीर स्वर में कहा, वे सब कुछ कर सकते हैं—सुख, समृद्धि, ज्ञान, जो भी माँगा जाए, दे सकते हैं। ये शब्द रमेश के मन में घर कर गए।

अगले दिन रमेश मंदिर में गया और मन ही मन देवता से प्रार्थना की, हे देवता, मुझे पढ़ाई में सफलता और खेल में निपुणता दो। उसे लगा कि उसकी बात देवता तक पहुँच गई है। इस विश्वास ने उसे उत्साहित कर दिया, और वह खेलकूद में ज्यादा समय बिताने लगा। दोस्तों के साथ क्रिकेट और कबड्डी में मशगूल रहने लगा, लेकिन पढ़ाई धीरे-धीरे पीछे छूटती गई।

एक रात रमेश को सपना आया। सपने में एक दिव्य प्रकाश के साथ देवता उसके सामने खड़े थे। देवता ने प्यार से कहा, रमेश, मैं सचमुच सब कुछ दे सकता हूँ, लेकिन केवल वही पाता है जो मेहनत करता है। अगर मैं बिना मेहनत करने वालों को दे दूँ, तो सब आलसी हो जाएँगे। तुम खेल में समय बिताओ, यह ठीक है, लेकिन पढ़ाई को भी प्राथमिकता दो। अगर तुमने पढ़ाई पर ध्यान नहीं दिया, तो अन्य बच्चे तुमसे आगे निकल जाएँगे। रमेश ने सोचा, लेकिन बाबा, मैं तो खेल में भी अच्छा करना चाहता हूँ! देवता ने मुस्कुराते हुए कहा, संतुलन बनाओ, बेटा। मेहनत से सब संभव है।

सुबह उठकर रमेश ने बाबा नारायणदास को सपने की बात बताई। बाबा ने सिर पर हाथ रखते हुए कहा, बेटा, देवता की बात सत्य है। वे मेहनत करने वालों का साथ देते हैं। अब अपनी पढ़ाई पर ध्यान दो। रमेश ने मन बना लिया। उसने दिनचर्या में बदलाव किया—सुबह थोड़ा खेल और बाकी समय पढ़ाई। दोस्तों से कहने लगा, भाई, अब थोड़ा कम क्रिकेट, ज्यादा किताबें! दोस्त हँसते हुए बोले, ठीक है, लेकिन परीक्षा में पास करना! दिन बीते, और परीक्षा का परिणाम आया। रमेश ने अपनी कक्षा में पहला स्थान हासिल किया। खुशी से उछलते हुए वह मंदिर पहुँचा और देवता को धन्यवाद दिया। बाबा ने उसे गले लगाया और कहा, देखा, मेहनत रंग लाती है। रमेश ने सोचा, अब खेल और पढ़ाई दोनों में संतुलन रखूँगा। उसने अपने दोस्तों को भी प्रेरित किया, और गाँव के बच्चे मेहनत की नई राह पर चल पड़े। इससे हमें यह सीख मिलती है कि सफलता के लिए मेहनत अनिवार्य है। देवता भी वही आशीर्वाद देते हैं जो मेहनत करते हैं। अपने लक्ष्यों के लिए संतुलन बनाएँ और कभी आलस्य न करें।

# झारखंड की राजनीति के महानायक की विदाई

झारखंड में बारे में अक्सर कहा जाता था, जब से झारखंड को अलग राज्य का दर्जा हासिल हुआ है, तब से लेकर यहां कभी भी स्थाई सरकार नहीं रही। यानी 21वीं सदी के डेढ़ दशक तक झारखंड की राजनीति कभी स्थिर रही ही नहीं। इसमें कोई दोराय नहीं है, यहां एक के बाद एक लगातार सरकारें बनती और गिरती रही है। यह सिलसिला लगभग पिछले डेढ़ दशक तक यूं ही चलता रहा। हाई वोल्टेज ड्रामा वाली राजनीति के लिए झारखंड जाना जाता था, जिस कारण झारखंड की राजनीतिक छवि पूरे देशभर में धूमिल होने लगी थी, और जनता ने कहना शुरू कर दिया कि अब यहां की राजनीति सिर्फ गुड्डे गुड़ियों का खेल बनकर रह गई है।

**डॉ. ललित कुमार**

15 नवंबर 2000 को जब झारखंड बिहार राज्य से अलग हुआ, तब से लेकर इन 25 सालों में 12 मुख्यमंत्री बने है। अब इसे झारखंड की राजनीति का नसीब कहे या दुर्भाग्य। जिनमें तीन बार राष्ट्रपति शासन लगना भी शामिल है। झारखंड पूरे देश की खनिज संपदा और प्राकृतिक संसाधनों के तौर पर सबसे खूबसूरत राज्य माना जाता है। झारखंड में कोयला और अन्य खनिज पदार्थ बड़े पैमाने पर पाए जाते हैं। झारखंड के कुछ हिस्से आज भी ऐसे है जहां पर सोने की खान है। यानी झारखंड को सोनार बनाने का सपना संजोय दिशोम गुरु (शिबू सोरेन) ने 4 अगस्त 2025 को दुनिया से अलविदा कह दिया। दिशोम गुरु नाम से विख्यात झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन आदिवासी अस्मिता को बचाने के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के अध्यक्ष के तौर पर उन्होंने राज्य को मजबूत बनाने और आदिवासी समाज की हकमारी के खिलाफ कई बड़े आंदोलन खड़े किये।

झारखंड की राजनीति का ऐसा जाना पहचाना नाम, जो आदिवासी समाज के अस्तित्व को बचाने और उनके हितों की रक्षा के लिए कंधे से कंधे मिलाकर खड़े रहा। कहा यह भी जाता है कि झारखंड की राजनीति को समझने के लिए सबसे पहले शिबू सोरेन के संघर्ष को समझना बेहद जरूरी है, जिन्होंने अपने परिवार की चिंता के साथ-साथ पूरे आदिवासी समाज की भी चिंता की।

झारखंड राज्य की अलग मांग के लिए शिबू सोरेन उन शीर्ष नेताओं में से एक रहे हैं, जिन्होंने जल, जंगल, जमीन और महाजनों से आदिवासी जमीन को छुड़वाने के लिए हिंसात्मक तरीके से आंदोलन किये, साथ ही वह आदिवासियों के अधिकारों के लिए संसद में उनकी आवाज़ भी बने। यानी आदिवासी राजनीति को नई दिशा देना का काम भी शिबू सोरेन ने किया। झारखंड में तीन बार के मुख्यमंत्री के तौर वह मात्र10 महीने यानी 308 दिन ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे। शिबू सोरेन की पहचान झारखंड में गुरु जी के तौर पर जानी जाती थी। उनके समर्थक उनको सिर्फ राजनेता ही नहीं, बल्कि एक आंदोलनकारी, समाज सुधारक और जननेता के तौर पर ज्यादा जानते थे। आदिवासी समाज में शिबू सोरेन को गुरु जी कहकर पुकाराना एक संबोधन बन गया था। शिबू सोरेन (शिवचरण मांझी) आदिवासी समाज को शिक्षित करना चाहते थे। वह हमेशा अपने भाषण में कहा करते थे कि पढ़ो रे.... हडिया छोड़ो रे... यानी गुरु जी आदिवासी बच्चों को पढ़ने के लिए रात्रि में पाठशाला चलाते थे। ताकि समाज का युवा वर्ग शिक्षित होकर अपने कुल की रक्षा पढ़ लिखकर कर सके। झारखंड का यह माटी पुत्र आगे चलकर आदिवासी समुदाय का आत्मगौरव और अस्मिता का बड़ा पैरोकार बना।

शिबू सोरेन झारखंड की राजनीति में अब एक ऐसा अध्याय बन गये है। जिन्हें इतिहास के पन्नों में हमेशा याद रखा जायेगा। 70 के दशक में जब



झारखंड राज्य की अलग मांग का मुद्दा बड़ी तेजी से बढ़ने लगा था, जिसमें जयपाल सिंह मुंडा, बागुन सुब्रई, एनई हीरो सहित कई ऐसे बड़े नेता इस आंदोलन का हिस्सा थे, लेकिन शिबू सोरेन के आने से इस आंदोलन में और तेजी देखने को मिली। विनोद बिहारी महतो, एके राय और शिबू सोरेन ने मिलकर 4 फरवरी 1972 को झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी का गठन किया, जिसमें विनोद बिहारी महतो को पार्टी अध्यक्ष और शिबू सोरेन को महासचिव बनाया गया। शिबू सोरेन ने संथाल परगना में अपनी राजनीतिक जमीन को खून पसीने से सींचकर मजबूत किया। इसलिए उनके राजनीतिक कद को आगे बढ़ाने में संथाल परगना की बड़ी अहम् भूमिका रही। शिबू सोरेन वर्ष 1980 में झारखंड की दुमका लोकसभा सीट से जीतकर पहली बार संसद पहुंचे। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। राष्ट्रीय राजनीति के फलक पर शिबू सोरेन आदिवासी राजनीति का एक ऐसे चेहरा बनकर उभरे, जिसे आदिवासी समाज को बहुत लंबे समय से इंतज़ार था, यानी शिबू सोरेन की बदौलत ही आदिवासी समाज को सम्मान और उनकी राजनीति को राष्ट्रीय पहचान मिल सकी।

झारखंड की आदिवासी अस्मिता और सामाजिक संस्कृति के पैरोकार के रूप में शिबू सोरेन के संघर्ष की कहानी नेल्सन मंडेला से काफी मेल खाती है। यानी वास्तव में शिबू सोरेन झारखंड के नेल्सन मंडेला थे, जिन्होंने शोषित व पीड़ित आदिवासी समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए शिक्षा को हथियार बनाया। उनका सबसे ज्यादा जोर युवाओं को शिक्षित करने पर रहा। इसलिए उन्होंने शिक्षा और सामाजिक एकता को ढाल बनाकर अपनी राजनीति को ओर मजबूत किया। पेशे से शिक्षक पिता (सोबरन मांझी) की हत्या, गांव के महाजनों सूदखोरों व दबंग ठेकेदारों द्वारा की गई, का बदला शिवचरण मांझी ने शिबू सोरेन बनकर समाज को एकजुट करके लिया। झारखंड की लगभग 30 फ़ीसदी आदिवासी समुदाय की जनसंख्या के समीकरण को दिमाग में रखते हुए शिबू सोरेन ने गांव के रसूखदार व महाजनों को निशाना बनाया, जिसके बाद झारखंड में जमीन मुक्ति आंदोलन ने जिस तेजी से जोर पकड़ा था, उसने पूरे झारखंड में हलचल पैदा कर दी थी। यानी झारखंड में शिबू सोरेन की राजनीतिक छवि एक ऐसे बड़े नेता के तौर उभरने लगी थी, जिसके बाद शिबू सोरेन ने झारखंड के दूर-दराज इलाकों में जाकर लोगों से संपर्क करना शुरू कर दिया, जहां का वंचित समाज महाजनी प्रथा से बहुत त्रस्त आ चुका था। शिबू सोरेन ने झारखंड आंदोलन को तेज करने के लिए बोकारो के जैना मोड को अपना केंद्र बनाया।

संथाल परगना का चिरुडीह कांड संथाल विद्रोह की क्रांति का एक ऐसा जीता जागता उदाहरण बना, जिसके बाद शिबू सोरेन इस आंदोलन के महानायक बने। 23 फरवरी 1975 को चिरुडीह कांड हुआ, जिसके बाद शिबू सोरेन ने महाजनों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका। इसका नतीजा यह रहा कि झारखंड में जहां भी दबंगों ने आदिवासियों की जमीने कब्जाई थी, उनको वे सब जमीने छोड़नी पड़ी। इस कांड के बाद से शिबू सोरेन की आदिवासी राजनीति का सितारा राष्ट्रीय स्तर पर चमक उठा। 2 फरवरी 1979 को दुमका में जब पहली बार मंडलीय स्तरीय रैली हुई। उसमें बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर ने दुमका जाकर शिबू सोरेन के साथ मंच साझा करते हुए कहा था। शिबू सोरेन भविष्य में झारखंड के आदिवासी समाज के एक महान नेता साबित होंगे। यानी शिबू सोरेन ने अपने जीवन में जो सपना देखा, उसे उन्होंने काफी हद तक पूरा किया, जिसमें महाजनी प्रथा को खत्म करके आदिवासी समाज को मान सम्मान से जीने के लिए तैयार करना और झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिलाना शामिल है। जिसमें शिबू सोरेन को बहुत बड़ी सफलता हासिल हुई।

## आज का कार्टून

सीएम की घोषणाः लव जिहाद पर कड़ा कानून लागू अब धर्मांतरण पर मौत की सजा होगी




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के साथ ईगो की समस्या हो सकती है। कानूनी मामलों को लेकर थोड़े सक्रिय रहें। दूसरों पर नियन्त्रण करने की प्रवृत्ति से बचना चाहिये।

**वृषभ**
विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। योजना के अनुसार आपके कार्य पूरे हो जायेंगे। उच्च अधिकारी आपके ऊपर अत्यधिक निर्भर रहेंगे।

**मिथुन**
आज रोगियों की सेवा करने में अपना धन खर्च कर सकते हैं। घर का वातावरण अच्छा रहेगा। अपने विचारों से लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास करेंगे।

**कर्क**
कारोबार में उम्मीद से अधिक लाभ मिलेगा। किसी के ऊपर भी सहज विश्वास न करें। भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें। आपके रुके काम बन सकते हैं।

**सिंह**
सेहत को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं। बच्चों के भविष्य की चिन्ता हो सकती है। वाणी और व्यवहार में सन्तुलन बनाकर रखें। पेट में दर्द की हो सकता है।

**कन्या**
विदेश जाने के इच्छुक लोगों को अवसर मिल सकते हैं। छात्र पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। आपको किसी मित्र से शुभ सूचना या सलाह मिल सकती है।

**तुला**
कानून की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिये दिन अच्छा रहेगा। प्रशासन के लोगों को तनाव का सामना करना पड़ सकता है। अनावश्यक खर्चों को नियन्त्रित रखें।

**वृश्चिक**
आपका पूरा ध्यान करियर को आगे बढ़ाने को लेकर रहेगा। जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक समय बितायेंगे। दिनचर्या अत्यन्त अनुशासित रहने वाली है।

**धनु**
मन में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। प्रेम सम्बन्धों को लेकर परेशानी होने की आशंका है। कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक यात्रा का जोखिम न लें।

**मकर**
आज कुछ अच्छा समाचार आपको मिल सकता है। आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगेगा। आपको पुराने अनुभवों का आज पर्याप्त लाभ मिलेगा। संगीत से जुड़े लोगों को ख्याति प्राप्त हो सकती है।

**कुंभ**
सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहने वाले हैं। फाइनेन्स से जुड़ी गतिविधियों से धन लाभ होगा। अपने विवेक का पालन करें। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन**
आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। नकारात्मक लोगों के सम्पर्क में न रहें। सोचे हुये काम आसानी से पूरे होते प्रतीत होंगे।

# उफनती गंगा ने किया लोगों के घरों में प्रवेश

## नहीं मिल रही लोगों को राहत सामग्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**तेघड़ा।** प्रखंड अंतर्गत बरौनी निपानिया मधुरापुर पंचायत में गंगा की जलस्तर में वृद्धि जारी है। बाढ़ से लोग सहमे हुए हैं। पानी का फैलाव तेजी से घनी आबादी में फैल रहा है। इधर, किसान के साथ साथ आम लोग भी चिंतित हैं। निपानिया मधुरापुर पूरे पंचायत को बाढ़ का पानी ने घेर लिया है। वार्ड संख्या 8, 9, 11 एवं 12 की आबादी में बाढ़ का पानी घर में घूस चुका है। पंचायत के जनप्रतिनिधि के साथ साथ सरकार के द्वारा कोई बाढ़ राहत सामग्री लोगों तक नहीं पहुंचाया गया है। वार्ड 8 और 12 में रह रहे लोगों का मुख्य सड़क से संपर्क टूट चुका है। स्थानीय लोगों के बताया कि आज पांच से ज्यादा दिन हो चुका है। पर अभी तक कोई भी राहत सामग्री हम लोगों को नहीं मिली है। घर में गंगा का पानी प्रवेश कर चुका है हम लोग अब बांध पर अपने मवेशियों के साथ रहा रहे हैं। हमें खाने के लिए नहीं मिल रहा है तो हम मवेशी को क्या खिलाएंगे। वार्ड 8 में कुछ घर ऐसे भी देखने को मिला जहां घर में बाढ़ का पानी प्रवेश करने पर लोग मजबूरन तेज धूप में आंगनबाड़ी केंद्र के छत पर रह रहे हैं। वही बरौनी पंचायत दो के कुछ वार्ड में भी बाढ़ का पानी घर में प्रवेश कर चुका है। इस संबंध में बरौनी दो के मुखिया प्रतिनिधि देवराज सिंह से पूछने पर उन्होंने बताया कि अभी तक कोई भी राहत सामग्री नहीं दिया गया है। वही निपानिया मधुरापुर के मुखिया से जानकारी लेने के लिए फोन किया गया तो उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का डीएम ने किया दौरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** मटिहानी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों एवं नगर निगम क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा किया गया। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी ने मटिहानी प्रखंड अंतर्गत गोरगामा पंचायत के कौआकोल के समीप बांध का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना गया। खोरमपुर, सिहमा, रामदीरी 3, रामदीरी - 4, पंचायतों में बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया गया। साथ ही नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 17, 18, 6 एवं 4 के बाढ़ प्रभावित इलाको का निरीक्षण किया। मौके पर जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित अंचल अधिकारी को बाढ़ प्रभावित इलाकों में पॉलीथिन शीट, सूखे राशन की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पशुओं के लिए पशु चारा का भी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। बिजली विभाग के अधिकारियों को बिजली एवं विद्युत पोल की व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि पूरे जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लगातार टीम बनाकर स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के अंचल अधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियो को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है साथ ही लोगों के लिए नाव की भी व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के दौरान विधायक मटिहानी विधानसभा राजकुमार सिंह, महापौर पिंकी देवी, नगर आयुक्त नगर निगम, जिला आपदा पदाधिकारी, अंचल अधिकारी मटिहानी एवं बेगूसराय, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को थाने में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें एक भी भूमि विवाद का मामला सुनवाई के लिए दर्ज नहीं किया गया है। तथा एक मामले को निष्पादित किया गया। रजाकपुर पंचायत के डुमरिया के अजीत कुमार तथा सुरेन्द्र यादव के भूमि विवाद मामले को निष्पादित किया गया। उभयपक्षों को अंचल अमीन से विवादित भूमि का पैमाइश कराने का आदेश दिया गया है। जनता दरबार में कुल 08 मामले लंबित है। छतौना के रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार, अब्बूपुर के दामोदर महतो व सोनी देवी, रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार, चक्का के नारायण महतो व राजकुमार पोद्दार, शेखपुरा के सुखो ताध्ती व मनोज पासवान, रजाकपुर के अमीर महतो व अमीन महतो, पहसारा के रमेश सहनी व राम उदय सहनी आदि मामले की सुनवाई कर अगली तारीख तय की गयी। मौके पर एस आई विश्वजीत कुमार, राजस्व कर्मचारी जाफर इकबाल, अंचल कर्मी अमरजीत कुमार व फरियादी आदि मौजूद थे।

# बाढ़ प्रभावित इलाकों का केन्द्रीय मंत्री ने किया नाव से दौरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** मटिहानी प्रखण्ड क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित इलाकों का केन्द्रीय मंत्री, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार गिरिराज सिंह द्वारा दौरा किया गया। मंत्री द्वारा मटिहानी प्रखंड के खोरमपुर घाट से नाव के माध्यम से शाम्हो प्रखंड अंतर्गत विभिन्न बाढ़ प्रभावित पंचायतों का जायजा लिया गया ।उन्होंने शाम्हो प्रखंड अंतर्गत बिजुलिया, सरलाही, अकबरपुर बरारी सहित अन्य ग्रामों में जाकर लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना एवं जिला प्रशासन को हर संभव मदद करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने बाढ़ की स्थिति को देखते हुए अंचल अधिकारी को पर्याप्त संख्या में नाव की व्यवस्था करने की निर्देश दिया ताकि लोगों को कोई परेशानी ना हो। इसके साथ ही सूखा राशन, पलीथिन शीट, पशुओं के लिए चारा, बिजली आदि की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। आम लोगों ने बिजली की समस्या से अवगत कराया, जिसपर जिला पदाधिकारी द्वारा बिजली विभाग के कर्मचारी को अविलंब बिजली व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जिला प्रशासन की तरफ से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया, साथ ही लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, मटिहानी विधायक राज कुमार सिंह, विधान पार्षद सर्वेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला आपदा पदाधिकारी बेगूसराय, अंचल अधिकारी शाम्हो सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एसएसबी के जवानों की कलाई पर बहनों ने बांधी रक्षा सूत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)।** रक्षाबंधन के अवसर पर सशस्त्र सीमा पर के 47वीं बटालियन के हेड क्वार्टर शिविर में सीमा जागरण मंच द्वारा आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में बहनों ने जवानों की कलाइयों पर राखी बांधी तिलक चंदन एवं आरती कर उनके मुंह मीठा कराया एवं आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता द्वट्ट विश्वा ने किया। एसएसवी कमांडेंट उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन से भारत माता के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराता है। साथ ही अपने घर से हजारों किलोमीटर दूर रहने पर भी अपनेपन का एहसास होता है। इस मौके पर प्रांत के सह संपर्क प्रमुख टी एस विश्व ने कहा कि देश से लगने वाली सीमाओं पर मंच के बैनर तले रक्षाबंधन उत्सव मनाया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे जवान प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अनवरत देश की सीमाओं के रक्षा में लगे रहते हैं। इस मौके पर सीमा जागरण मंच के विभाग संयोजक सुरेश कुमार गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी रजत कुमार सरार्फ, खंड अध्यक्ष जय करण गुप्ता एवं छात्राओं की उपस्थिती रही।

# एसएसबी जवानों को बहनों ने बांधी राखी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** इंडो नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी 71 वीं वाहिनीं बरहरवा कैंप में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी बहनों व बच्चियों ने शनिवार को एसएसबी जवानों के कलाई पर राखी बांधी तथा मुंह मीठा करा बहनों के रक्षा का संकल्प लिया। वही, बरहरवा में इंस्पेक्टर भेरजी सोडा की अध्यक्षता में रक्षाबंधन त्योहार मनाया गया। इस कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा बालगंगा सेवा केंद्र मोतिहारी से आई ब्रह्माकुमारी निशा दीदी को एसएसबी के अधिकारियों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उसके बाद देवंती दीप दीदी व ममता दीदी ने तिलक लगा व रक्षासूत्र बांधकर जवानों को मिठाई खिलाई। उन्होंने रक्षाबंधन के अध्यात्मिक रहस्य को भी समझाया तथा अपने कर्मक्षेत्र में ईमानदारी व पवित्रता से कार्य करते हुए सदा स्वयं के साथ देश को भी उन्नति के पथ पर ले जाने की शुभकामना दी। बताया कि राखी का यह पावन पर्व सभी बहनों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है। एसएसबी के अधिकारियों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर ब्रह्मकुमारी बहनों को सम्मानित किया। इस मौके पर बरहरवा सशस्त्र सीमा बल के सभी जवान मौजुद रहे।

# जीडी हास्पिटल में आइसीयू बेड का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** जीडी हस्पिटल महेशवाड़ा में 6 आईसीयू वेड का शुभारंभ शनिवार को किया गया। इसका उद्घाटन व्यवस्थापक अमित कुमार उर्फ फूचो की माँ नंदनी देवी ने फीता काट कर किया। अमित कुमार ने बताया कि यह प्रखंड तथा मंझौल अनुमंडल का प्रथम आईसीयू वेड सुविधा से लैस अस्पताल है। जिसमें 6 बेड आईसीयू और नवजात शिशुओं की चिकित्सा हेतु 4 एनयूसीआई बेड, 9 जेनरल बेड की सुविधा है। नंदनी देवी ने कहा कि मेरा सपना था कि मरीजों को बेगूसराय में जो सुविधा मिलती हैं वे सारी सुविधा उनके घर के पास में ही मिले। यह सपना आज साकार हो गया। गरीबों के लिए निशुल्क सेवा भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि यहां जल्द ही आयुष्मान कार्ड से भी इलाज होने लगेगा। जिससे गरीब मरीजों को और सुविधा बढ़ जाएगी। अब मरीजों को बेगूसराय नहीं जाना पड़ेगा। जी डी हस्पिटल महेशवाडा मंझौल में पूर्णतः आईसीयू एक्सपर्ट डक्टर और स्टाफ के द्वारा इलाज की सुविधा मिलेगी। मौके पर डा. शशिभूषण कुमार, डा अभिषेक कुमार, डा अनिल प्रसाद, अमित कुमार, पंकज कुमार, सोनम कुमारी राजीव कुमार आदि मौजूद थे।

# जदयू जिलाध्यक्ष ने कार्यकारिणी की संशोधित सूची की जारी

## 22 उपाध्यक्ष, 42 महासचिव, 24 सचिव बनाए गए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष मंजू देवी ने जिला जदयू कार्यकारणी की संशोधित सूची जारी की है। जारी सूची में उपाध्यक्ष पद पर ब्यास प्रसाद सिंह, शकील अंसारी, सुनील पटेल, मनोज पटेल, संजय किशोर तिवारी, इशरत जहां, चन्द्र भूषण कुमार सिंह, रमेन्द्र कुशवाहा, विश्वनाथ पासवान, सुरेन्द्र दुबे, बसंत कुशवाहा, रमेश चन्द्र मिश्र, कबीर पटेल, सुनील पटेल गहई, वैद्यनाथ प्रसाद, मुन्ना तिवारी, सुनील चन्द्र सुमन, मनोज कुमार तिवारी, विजय कुमार साह, प्रेमकिशोर गिरी, सुरेश कुमार प्रसाद एवं राजेश सिंह को बनाया गया है। संजीव श्रीवास्तव एवं जन्मेजय कुमार पटेल सरपंच को जिला प्रवक्ता साथ ही दिवाकर कौशिक को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वही महासचिव बद्री पासवान,दीलिप पटेल, दीपक कुमार ठाकुर, नरेश कुशवाहा, मोहम्मद एकरामुल हक, मुकेश पटेल, रिपुरंजन सिंह, बब्बू श्रीवास्तव, नवलकिशोर प्रसाद, अमजद अली खां उर्फ गुड्डू खान, सुदामा बैठा, मदन साह, चनद्रिका राय, बिनोद कुशवाहा, किशोरी पटेल, ताजुल हक ताज, धर्मेन्द्र कुमार पटेल, संतोष सिंह, उज्जवल पटेल, ई. राजीव कुमार सिंह, दिनेश कुमार मिश्र, सुबोध कुमार सिंह, अरूण सिंह, जितेन्द्र कुमार यादव, अभिषेक कुमार राम, सुनील यादव, नागेश्वर कुशवाहा, सत्यनारायण प्रसाद, हाफीज मियां, मुकेश कुमार गुप्ता, महेश कुशवाहा, कौशल ठाकुर, विमल दास, ब्रह्मदेव महतो, छोटन पटेल, रामपुकार साह, संतोष श्रीवास्तव, जयप्रकाश उपाध्याय, विजय सिंह, प्रद्युमन दुबे, मुकेश कुमार कुशवाहा, एवं ताराचंद पटेल को बनाया गया। सचिव के लिए राजू पटेल, दीपक कुमार, पिन्टू कुमार राम, त्रिभुवन कुमार गुप्ता, गोविन्द सिंह, इन्द्रजीत प्रसाद पटेल, प्रिंस कुमार श्रीवास्तव, सरोज पटेल, मुन्नीलाल पासवान, रूस्तम आलम, राजेश कुमार गुप्ता, सुभाष कुमार कुशवाहा, नरेश राम, रमेश भाई पटेल, दीलीप कुशवाहा, लालबाबू सिंह, सुशील द्विवेदी, नन्हक सिंह, शिवनाथ साह, संतोष कुमार पटेल, राज सिंह पटेल, रामू सिंह, रामभूपेश कुमार उर्फ भूपेश जी, एवं दुलार चन्द्र यादव को मनोनीत किया गया। जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रो.दिनेश चन्द्र प्रसाद, देवेन्द्र सहनी, सरदार मंजीत सिंह, विनय कुमार सिंह, बृजबिहारी पटेल, डॉ.खुर्शीद अजीज, रविन्द्र कुमार दुबे उर्फ मंटू दुबे, सगीर अहमद, परमानंद पटेल, दिनेश पासवान, ब्रजेश पटेल, सरीता देवी, केशव प्रसाद साह, वशी अख्तर, विशेश्वर प्रसाद कुशवाहा, रामजन्म चौरसिया, सुदामा पटेल, डॉ.रूपेश कुमार, रंजीत प्रसाद गुप्ता, संजय कुशवाहा, बिगु मुखिया, सुभाष सिंह, बिनोद सिंह, सत्येन्द्र कुमार शर्मा उर्फ बब्लू शर्मा, राजेश्वर पटेल एवं साहेब सिंह पटेल को मनोनीत किया गया। इसके अलावा जिले के जदयू के सभी सांसद, विधायक, विधानपार्षद, पूर्व सांसद, माननीय पूर्व विधायक, पूर्व विधानपार्षद, प्रकोष्ठों के सभी जिलाध्यक्षगण एवं सभी प्रदेश पदाधिकारीगण जिला कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। बधाई देने वालों में बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सह जिला के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार, जिला जदयू के संगठन प्रभारी सुबोध कुमार सिंह, सांसद लवली आनंद, विधायक शालिनी मिश्रा, विधानपार्षद प्रो. विरेन्द्र नारायण यादव, डॉ. खालिद अनवर, पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद, विरेन्द्र सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक मोहम्मद ओबैदुल्लाह, मीना द्विवेदी, श्रीमती रजिया खातून, शिवजी राय, पूर्व विधानपार्षद सतीश कुमार, जिला कार्यक्रम समन्वयक नंदकिशोर चौधरी शामिल थे।

# मतदाता पुनरीक्षण को लेकर महागठबंधन की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय पंचायत नावकोठी में राष्ट्रीय जनता दल की शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गंगाराम महतो ने की। चुनाव आयोग के द्वारा जारी गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए कहा के निर्वाचन विभाग के द्वारा बीएलओ को मतदाता सूची उपलब्ध कराया गया है। सभी पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर अपने-अपने बूथ के मतदाताओं का नाम सूची से मिलान करेंगे। जिस मतदाता का नाम सूची से कट गया है उस पर दावा करना और दोहरी प्रविष्टि मृत मतदाता पर भी आपत्ति दर्ज कराने का निर्देश दिया गया। बीएलओ के द्वारा जारी मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील की। पार्टी के नेता तेजस्वी यादव के द्वारा लगातार बिहार के मतदाताओं के रक्षा के लिए सड़क से सदन तक एवं न्यायालय तक लड़ाई तेज कर दिया है। भाजपा और एनडीए की आलोचना की एवं मतदाताओं के अवैध तरीके से नाम हटाए जाने की साजिश का राजद विरोध करेगी। विधानसभा चुनाव में मजबूती से राजद इस मुद्दे को लेकर अभियान चलायेगी। इस अवसर पर सर्वसम्मति से बखरी विधानसभा को राष्ट्रीय जनता दल के कोटे में सीट देने तथा राजद नेता पशुपति पासवान को उम्मीदवार बनाये जाने का प्रस्ताव पारित किया। इस अवसर पर पशुपति पासवान के अलावे महासचिव सुरेंद्र पासवान, वरिष्ठ नेता अब्दुल कुद्दुस, प्रवक्ता मो इकबाल, मो नाजिम, महेश यादव, अजय सिंह, पप्पू सिंह, प्राण पासवान, मो मुमताज, ललन कुमार, राजेश कुमार आदि थे।

# भोजपुर में उल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर में उत्साह व उल्लास के साथ मनाया त्योहार, बाढ़ वाले इलाकों में नाव से पहुंची बहनें। भाइयों की कलाई पर बहनों ने बांधी राखी, भोजपुर जिला के कुछ इलाके में बाढ़ की स्थिति के कारण बहनों को नाव पर सवार होकर अपने भाइयों के घर जाना पड़ा। शनिवार सुबह से ही घरों में परंपरागत पूजा-पाठ के बाद शुभ मुहूर्त का इंतजार किया गया। इसके बाद रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। बच्चों और युवाओं में इसे लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। बच्चों को कार्टून और म्यूजिक वाले राखी काफी पसंद आया, बहनों ने कलाई पर राखी सजाकर भाइयों के दीर्घायु होने की कामना की।

## एक नजर

### सर्पदंश से 16 वर्षीय बच्ची की मौत

**तेघड़ा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के बरौनी मधुरापुर वार्ड-13 में सर्पदंश से 16 वर्षीय युवती की मौत हो गई। मृतका की पहचान चकिया थाना क्षेत्र के सिमरिया गांव निवासी निरंजन पासवान की पुत्री छोटी कुमारी के रूप में हुई है।बताया जाता है कि मृतिका की अपनी मां राखी बांधने के लिए शुक्रवार की शाम मधुरापुर अपने मायके आई थी। मृतिका का ननिहाल ही नही पूरा गांव बाढ़ में डूबा हुआ है। घरों में पानी प्रवेश कर गया है। इसी में उसके मामू विपिन पासवान का घर भी शामिल था। घर में सोते अवस्था आज अहले सुबह विषैले सांप ने काट लिया। परिजनों ने उसे स्थानीय पीएचसी पहुंचाने में काफी बिलम्ब हो गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर तेघरा थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

### रक्षाबंधन की भीड़ से घंटों रहा एनएच जाम

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी थाना क्षेत्र के शनिवार को रक्षाबंधन को लेकर एनएच घण्टो जाम रहा। जिससे लोग बहुत परेशान दिखे। भगवानपुर पिपरा सड़क तेघरा थाना क्षेत्र पकठौल चौक तक रक्षाबंधन को लेकर भयंकर जाम लगा रहा। अविनाश शास्त्री ने बताया कि पंचांग के मैं लिखा हुआ है 1:30 बजे तक शुभ मुहूर्त था 2 बजे के बाद भद्राकाल हो जाएगा। भद्रा काल के कारण से जैसे तैसे सड़क पर लोगो की व्यस्तता बढ़ती गई। जाम लग गया। लोग जल्दी पहुचने के चक्कर मे जाम में फंसकर परेशान दिखे।

### मृतक राजन के परिजनों से मिले सांसद

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सांसद पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता शक्ति केंद्र प्रभारी बनियापट्टी निवासी मृतक राजन कुमार के घर पर पहुंच कर पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना प्रकट किया । बतादे कि गत 29 अगस्त को मोतिहारी नगर थाना क्षेत्र के बनियापट्टी निवासी युवक राजन कुमार की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी सोनारपट्टी निवासी राजा सिंह ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर राजन कुमार पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। श्री सिंह ने संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि मृतक भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता था और उसकी जघन्य हत्या के आरोपी को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। पार्टी हर कदम पर मृतक के परिवार के साथ खड़ी है।

### विवाहिता की मौत मामले में प्राथमिकी दर्ज

**चिरैया (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में घर में फंदे से लटका हुआ विवाहिता का शव बरामदगी मामले में शनिवार को प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। प्राथमिकी मृतका मालती देवी के पिता व ढाका थाना क्षेत्र के कसवा बड़हरवा गांव निवासी राजकुमार गिरी के लिखित बयान पर दर्ज की गई है। जिसमें मृतका के ससुर रामजिनीश गिरी, पति रंजीत गिरी सहित संगीता देवी, धर्मजीत गिरी, विवेक गिरी व संजू देवी को आरोपित किया गया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि वर्ष 2015 में हिन्दू रीति रिवाज से उन्होंने अपनी पुत्री मालती देवी की शादी सेमरा गांव निवासी रंजीत गिरी के साथ किया था। जिसमें अपने सामर्थ के अनुसार दान दहेज दिया था। शादी के कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक ठाक रहा। बाद में वे लोग दहेज की मांग करने लगे। जिसकी पूर्ति नही करने पर वे लोग हमेशा उनकी पुत्री के साथ मारपीट करते थे। जिसको लेकर कई बार समझौता भी हुआ था। इसके बाद भी मौका मिलते ही उन लोगों ने उनकी पुत्री को मारपीट कर हत्या कर दिया और घटना को आत्महत्या का रूप देने के उद्देश्य से शव को लटका दिया था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई की जा रही है। सभी आरोपी घर छोड़कर फरार है। जिसकी खोजबीन की जा रही है।

### वृक्ष की सुरक्षा का लिया संकल्प

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड अंतर्गत सहजौली गांव में रक्षाबंधन के अवसर पर पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने वृक्ष बंधन एवं पौधारोपण का कार्यक्रम रखा। मौके पर पर्यावरण कार्यकर्ताओं संग ग्रामीणों ने पौधा लगाया एवं वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधकर सुरक्षा का संकल्प लिया। नेतृत्व पर्यावरण संरक्षण गतिविधि भोजपुर जिला के पेड़ उपक्रम प्रमुख मुकेश कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर पर्यावरणविद रमेश कुमार सुदामा ने कहा कि 'वृक्षो रक्षति रक्षितः' जो वृक्षों की रक्षा करता है, उसकी रक्षा वृक्ष करते हैं। इसलिए आज हम सभी को वृक्षों की सुरक्षा का संकल्प लेना चाहिए। वहीं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि दक्षिण बिहार के पेड़ उपक्रम सह प्रमुख नित्यानंद ओझा ने कहा कि रक्षाबंधन के अवसर पर हमें राष्ट्र, समाज, कुटुंब, प्रकृति पर्यावरण एवं स्वयं की सुरक्षा का जिम्मेवारी लेना चाहिए। कार्यक्रम में शंभुनाथ मिश्रा, अशोक राय, अजीत कुमार दुबे सहित अन्य लोग शामिल हुए।

### बाढ़ पीड़ितों को मदद

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले बड़हरा प्रखंड में आई भीषण बाढ़ से जन जीवन अस्त व्यस्त है। प्रशासन से बार-बार आग्रह के बावजूद जब बाढ़ प्रभावित इलाकों में समय पर मदद नहीं पहुंची, तो राजद के युवा नेता राम बाबू सिंह उर्फ अशोक कुमार सिंह खुद मैदान में उतर गए। उन्होंने बाढ़ राहत शिविर व निःशुल्क भोजनालय की शुरुआत की। वे सामग्री से भरे नाव लेकर नेकनामटोला, शालीग्राम सिंह के टोला व अलेखी टोला बक्सर-कोईलवर तटबंध पहुचे। जहां बाढ़ पीड़ित शरण लिए है। उन लोगों तक 500 पॉकेट पुड़ी-भुजिया, पेयजल के लिए 1000 पानी बोतल, 800 बिस्कुट पॉकेट और 500 टकाटक के साथ मवेशियों के लिए 50 बोरा चारा भी शामिल था। सामग्री से भरी नाव को देख बच्चें और युवा उम्मीद से दौड़ पड़े। भूख से व्याकुल लोग नाव तक जल्दी पहुंचने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन सभी को लाइन में लगाकर व्यवस्थित तरीके से सामग्री दी गई। राम बाबू सिंह के साथ राजद कार्यकर्ताओं की टीम में प्रखंड अध्यक्ष जयराम राय, राम तपस्या राय, पप्पू गोप, सोनू कुमार, दुर्गा पासवान समेत कई लोग शामिल रहे। राम बाबू सिंह ने कहा कि यह राहत कार्य लगातार जारी रहेगा और किसी को भी भूखा नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने अपने नेता तेजस्वी यादव के कहे के अनुसार विपत्तियों के समय मदद के लिए जनता के बीच रहकर उनकी ज़रूरतों को पूरा किया। राहत के इस कार्य से तटबंध पर शरण लिए लोगों में एक उम्मीद की किरण जगी है। पिछले 1 सप्ताह से दर्जनों गांवों के लोग ऐसे फंसे हुए हैं और अपनी जिंदगी खुले आसमान के नीचे रहने पर विवश हैं।

### अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन सम्पन्न

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र में भाई बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन शनिवार को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इसके लिए नावकोठी, रजाकपुर, हसनपुर बागर, विष्णुपुर, समसा, पहसारा, महेशवाडा आदि गांवों में बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर विभिन्न रंगों के राखी बांधी, तिलक लगायी, आरती की तथा मिठाई खिलायी। रक्षाबंधन के दिन बहन भाई के ललाट पर तिलक-अक्षत लगाकर संकल्प करती है कि मेरा भाई हर शोक संकट से सुरक्षित रहे। जैसे शिवजी त्रिलोचन हैं, ज्ञानस्वरूप हैं, वैसे ही मेरे भाई में भी विवेक-वैराग्य बढ़े, मोक्ष का ज्ञान, मोक्षमय प्रेमस्वरूप ईश्वर का प्रकाश आये। मेरा भाई धीर-गम्भीर हो। मेरे भाई की सूझबूझ, यश, कीर्ति और ओज-तेज अक्षुण्ण रहें। भाई भी कामना करता है कि हमारी बहन भी चरित्र प्रेमी, भगवतप्रेमी बने। इस पर्व पर धारण किया हुआ रक्षासूत्र सम्पूर्ण रोगों तथा अशुभ कार्यों का विनाशक है। इसे वर्ष में एक बार धारण करने से वर्ष भर मनुष्य रक्षित हो जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### चुलाई शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपूर पुलिस शराब कारोबारियो व शराबियो पर नकेल कसने के लिए लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में  पुलिस ने छापेमारी के दौरान चुलाई शराब के साथ एक महिला शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान रमौली गांव निवासी लीलावती देवी के रूप में हुई है। उसके पास से चार लीटर चुलाई भी बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि शराब बेचने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आलोक में करवाई करते हुए रमौली गाव में छापेमारी की गई।  छापेमारी के दौरान चार लीटर चुलाई शराब जब्त किया गया है। इसके साथ ही महिला तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार महिला अपने घर पर ही चुलाई शराब बनाकर बेचने का काम करती है।

### जख्मी के फर्दबयान पर पांच नामजद

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाना क्षेत्र के धोबीनी गांव में खेत में धान की रोपनी कर रहे मजदूरों के लिए खाना ले जाने के क्रम में महिला के साथ हूई मारपीट के मामले में महिला के फर्दबयान पर एफआईआर दर्ज की गई है।  मैनाटांड थानाध्यक्ष शंभूशरण गुप्ता ने बताया कि मीरा देवी के फर्दबयान पर पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### दरवाजे पर जबरदस्ती बाइक खडा करने के विवाद में केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुरवा गांव में दरवाजे पर जबरदस्ती बाइक खड़ा करने व मना करने पर महिला के साथ भी मारपीट के मामले में केस दर्ज की गई है। मैनाटांड थानाध्यक्ष का शंभुशरण गुप्ता ने बताया कि आरती देवी के आवेदन पर सुभाष पटेल अवध किशोर पटेल सिंधु देवी गीता देवी शिवाजी पटेल के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### सागर पोखरा परिसर में लगाए जा रहे आराम बेंचों का महापौर ने किया निरीक्षण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र की पर्यावरण संरक्षा और नागरिक सुविधा बढ़ाना मेरी प्राथमिकता है। पर्यावरण संरक्षा को ही महत्व प्रदान करते हुए संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में अब लकड़ी की जगह कंक्रीट, बालू और सीमेंट से बने आराम बैंच लगाए जा रहे हैं। सागर पोखरा परिसर में लगाए जा रहे कुल 20 आराम बैंचों का महापौर ने निरीक्षण किया।महापौर ने बताया कि इस योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो अब तक 82 और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अब तक करीब सवा दो सौ बैंच लगवाने की जानकारी दी। इसमें शहीद पार्क में 18, टाउन हॉल परिसर व जोड़ा शिवाला मंदिर एवं उत्तर वाली पोखरा चिल्ड्रन पार्क और नजर बाग पार्क में दस-दस, महारानी जानकी कुंवर महाविद्यालय परिसर 20, दुर्गा बाग में 12, महाराजा हरेंद्र किशोर पुस्तकालय परिसर में 25 के अलावा नगर निगम कैंपस, देवरहवा बाबा मंदिर और आनंद मार्ग मंदिर परिसर में भी नगर निगम प्रशासन द्वारा आराम बैंचों को लगवाया जायेगा। महापौर ने बताया कि निगम के नव अधिग्रहित क्षेत्र में भी आरामदायक बेंच लगाने हेतु कार्यदेश कनीय अभियंताओं को दे दिया गया है।

### पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का त्योहार रक्षाबंधन संपन्न

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा नगर पंचायत



बाजार व प्रखंड क्षेत्र में श्रावन पूर्णिमा के अवसर पर शनिवार को भाई-बहन के अटूट स्नेह व प्रेम के पवित्र रिश्ते का त्योहार रक्षाबंधन पारंपरिक श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। एकमा बाजार, हंसराजपुर, हरपुर, गंजपर, भरहोपुर, आमडाढ़ी, पांडेय छपरा, गौसपुर, पचरुखिया, परसागढ़, विशुनपुरा कला, देवपुरा, रसूलपुर, टेसुआर, नचाप, भजौना, टेघरा, नरवन, महम्मदपुर, नवादा, खानपुर, छित्रवलिया, फुचटी, बढ़ेयां, रामपुर विंदालाल, अतरसन, घुरापाली, लाकठ छपरा, चनचौरा आदि गांवों में बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र रुपी राखी बांधा, माथे पर तिलक लगाकर कर आरती उतारी । मिठाई खिलाकर भाई की लंबी आयु की कामना की। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा का संकल्प व्यक्त किया।

# सांसद को बुला बैठक में नहीं पहुंचे अंचल अधिकारी

**सांसद ने जतायी नाराजगी, 10 मिनट इंतजार के बाद निकले**





**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रैयतों को लाभ पहुंचाने, जमाबंदी में खाता, खेसरा, रकबा में सुधार करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा चलाये गये राजस्व महाअभियान की सफलता को लेकर आयोजित बैठक में सीओ के नहीं पहुंचने पर सांसद ने नाराजगी जतायी है। उन्होंने इसे एक जनप्रतिनिधि के साथ क्रुर मजाक बताया है।

प.चंपारण के सांसद डा. संजय जायसवाल ने बताया कि बेतिया के अंचलाधिकारी द्वारा दूरभाष पर उन्हें सूचना दी गयी थी कि रविवार को दोपहर एक बजे  राजस्व महाअभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन नगर निगम के सभागार में किया गया है। इस बैठक में पश्चिम विशेष रूप से आपकी उपस्थित अनिवार्य है। सांसद डॉ. जायसवाल राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से अपने पूर्व के  निर्धारित सभी कार्यक्रमों को रद्द करते हुए ससमय पर बैठक में पहुंच गये। लेकिन वहां जाने पर पाया गया कि दो तीन कर्मियों को छोड़कर अंचलाधिकारी नही पहुंचे। यहां तक कि उक्त बैठक में भाग लेने पहुंची अधिकारी ने भी बेतिया सीओ को दूरभाष पर जानकारी दी। स्वंय सांसद ने भी उनसे संपर्क स्थापित करने के प्रयास किया लेकिन संपर्क स्थापित नही हो पाया। अंततः अंचल अधिकारी के नहीं पहुंचने पर 1.10 बजे तक उनका इंतजार किया और फिर नाराजगी जाहिर करते हुए सभागार से बाहर निकल गए। सांसद डॉ. जायसवाल ने उनके आने का 10 मिनट तक इंतजार किया, लेकिन अंचल अधिकारी के नहीं पहुंचने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और बाहर निकल गए। इस घटना ने अधिकारियों की कार्यशैली और जवाबदेही पर सवाल खड़े कर दिया है। सांसद को बुलाकर स्वंय अंचलाधिकारी के बैठक में नही आने की घटना से चर्चा का बाजार गर्म है। कुछ लोगों का मानना है कि अंचल अधिकारी की अनुपस्थिति प्रशासनिक लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण है।  इस मामले में अंचल अधिकारी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

### राजद नेता सुधांशु रंजन ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी प्रखंड के डुमरी में राजद नेता सुधांशु रंजन ने चलाया जनसम्पर्क इस दौरान स्थानीय लोगों द्वारा श्री रंजन को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। जन संवाद के उन्होंने युवाओं से कहा कि पिछले छह साल से वे मांझी विधानसभा के सभी गांवों गली टोले मुहल्ले का लगातार भ्रमण कर जनता से जुड़े हैं। यदि जनता उन्हें अपना प्रतिनिधि बनाती है तो उन्होंने कहा कि मेरा हर कार्य भी जनता के नाम रहेगा। उन्होंने ने बताया कि वे सेवा भाव से मांझी के लोगों के दुःख सुख से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत या क्षेत्र की नली गली,शिक्षा-रोजगार जैसी बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे।

## राखी एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आदर्श परियोजना कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय मच्छरगावा योगापट्टी में



राखी एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवम एवं दशम वर्ग की लगभग 150 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने पारंपरिक, आधुनिक और रचनात्मक डिजाइन तैयार कर अपनी कला एवं सृजनशीलता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में शिक्षक राजकुमार पांडेय, पुष्पा क्लेमेंट एवं नविता कुमारी, रविश कुमार, सुनिल कुमार, देवदत्त शर्मा का विशेष योगदान रहा। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रधानाध्यापक मुनीन्द्र कुमार झा ने सम्मानित किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन स्वरूप सम्मान पत्र प्रदान किए और कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं की प्रतिभा निखारने के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम की एक विशेष पहल के तहत छात्राओं ने अपने द्वारा तैयार की गई राखियों को विद्यालय परिसर में लगे पेड़ों पर बांधा। इस दौरान उन्होंने संकल्प लिया कि इन पेड़ों की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी होगी। इस अनूठी पहल ने न केवल भाई-बहन के पवित्र त्योहार का संदेश दिया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी फैलाया।

### ऐडमेरिट क्लासेज में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन मास के उत्तरार्ध में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ऐडमेरिट क्लासेज, तरैया में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था के संचालक सोनू कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में  प्रतिभागी छात्राओं में ब्यूटी, करिश्मा, अंजली, गुड़िया, कोमल, रानी, प्रीति, नंदनी, मुस्कान,



अमृता, खुश्बू, सुमन, रेणु आदि ने अपने साथियों के हाथों पर आकर्षक और मनमोहक डिजाइन की मेहंदी लगाई। संस्था की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को विशेष पुरस्कार तथा शेष प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

## बाल गृह में संत माइकल की छात्राओं ने बाँधी खुशियों की डोर

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर संत माईकल ऐकैडमी की  6 छात्राओं नूर कालिमा खातून, सपना कुमारी, सना प्रवीण, आशी कुमारी, शिफा अहमद, दिव्या कुमारी ने बाल गृह झिलीया में पहुँचकर वहाँ के 17 इनमेट्स के साथ त्योहार की खुशियाँ साझा कीं। इस अवसर पर छात्राओं ने बाल गृह के सभी भाईयों को राखी बाँधी, मिठाई खिलाई और स्नेह तथा अपनापन का संदेश दिया।



कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक विधि से हुई, जिसमें छात्राओं ने तिलक लगाकर और आरती उतारकर राखी बाँधी। इसके पश्चात उन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें गीत, कविता शामिल थे, जो भाई-बहन के अटूट बंधन और प्रेम का संदेश देते थे। विद्यालय के उप प्राचार्य विजय विक्टर ने कहा, ऐसे अवसर बच्चों में संवेदनशीलता, सामाजिक जुड़ाव और करुणा की भावना को बढ़ाते हैं। बाल गृह के अधीक्षक रामचंद्र और रीतेश शाह ने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह बच्चों के दिलों में लंबे समय तक याद रहने वाला अनुभव होगा।राखी उत्सव के इस आयोजन ने न केवल बाल गृह के इनमेट्स के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी, बल्कि छात्राओं को भी यह अनुभव कराया कि सच्ची खुशी बाँटने में और जीवन भर का एक यादगार पल और प्रेरणादाई है।

## चनपटिया रेलवे स्टेशन पर जनसेवा का नया अध्याय, दो नए हैंडपंप स्थापित, पुराने की मरम्मत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनसेवा मेरा संकल्प है के मूल मंत्र के साथ चनपटिया के युवाओं की आवाज को सुनते हुए, क्षेत्र में जनसेवा का एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। चनपटिया रेलवे स्टेशन पर स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए दो नए हैंडपंप स्थापित किए गए हैं, साथ ही पुराने हैंडपंपों की मरम्मत भी करवाई गई है। यह पहल न केवल स्थानीय समुदाय की प्यास बुझाने का प्रयास है, बल्कि क्षेत्र की बेहतरी के लिए एक समर्पित संकल्प का प्रतीक भी है। भाजपा के युवा नेता समाजसेवी प्रतीक एडवीन शर्मा ने बताया कि स्थानीय युवाओं के आग्रह और उनके सुझावों को प्राथमिकता देते हुए यह कदम उठाया गया। चनपटिया रेलवे स्टेशन, जो क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है, वहां स्वच्छ पेयजल की कमी



एक लंबे समय से चली आ रही थी। इस कमी को दूर करने के लिए त्वरित कार्रवाई करते हुए, दो नए हैंडपंप लगवाए गए, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को स्वच्छ पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही, पुराने हैंडपंपों की मरम्मत ने यह सुनिश्चित किया कि मौजूदा संसाधनों का भी बेहतर उपयोग हो।उन्होंने बताया कि  यह पहल केवल एक शुरूआत है। चनपटिया क्षेत्र में और भी कई ऐसे कार्यों की योजना है, जो जनता की मूलभूत जरूरतों को पूरा करने और क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए किए जाएंगे। स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि वे अपने सुझाव और समस्याएं साझा करें, ताकि उनकी जरूरतों के अनुरूप और कार्य किए जा सकें।

### अंचलाधिकारी ने राजस्व महाअभियान को सफल बनाने का दिया निर्देश

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजस्व सुधार को लेकर 16 अगस्त से राजस्व महा अभियान का शुरूआत होगा। इस दौरान शत प्रतिशत रैयतदारों के जमाबंदी से संबंधित त्रुटियों का निवारण किया जाएगा। लक्ष्य के अनुरूप ससमय कार्यो का निष्पादन और इसको लेकर सभी हल्का कर्मी राजस्व कर्मी माइक्रो प्लान तैयार कर ले। ताकि डोर टू डोर भ्रमण के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। इस कार्य में किसी भी स्तर पर कोताही हुई तो संबंधित राजस्व कर्मी पर कार्रवाई होगी। उक्त बातें प्रखंड अंचल बगहा के राजस्व अधिकारी विकास कुमार ने कही। वे बुधवार को अंचल बगहा एक में राजस्व कर्मियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक को संबोधित करते हुए राजस्व अधिकारी ने सभी हल्का कर्मियों को निर्देशित किया कि वे ससमय माइक्रोप्लान तैयार कर ले।

## डीसीएम ट्रक से 250 कार्टन शराब जब्त

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मद्य निषेध विभाग की टीम ने जिले के उतरप्रदेश बिहार कीसीमा पर कड़ी चौकसी कर एक छह चक्का डीसीएम ट्रक में बनाये गये गुप्त तहखाना से 250 कार्टन विदेशी शराब जब्त करने में कामयाबी पायी है। इसकी जानकारी देते हुए अधीक्षक मद्य निषेध सीमा चौरसिया ने बताया कि  जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार के निर्देश के आलोक में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब के विरुद्ध करवाई की जा रही है। इसी क्रम में मद्य निषेध विभाग की टीम ने सीमा पर स्थित बांसी के पास बिहार सीमा में प्रवेश कर रहे एक डीसीएम ट्रक को रोककर तलाशी ली तो उसके गुप्त तहखाना में छिपा कर रखे गये 250 कार्टन विदेशी शराब बरामद किया। शराब बरामद करने के बाद विभाग की टीम ने ट्रक को जब्त कर



नजदीकी थाने को सुर्पूद कर दिया। वहीं एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान उतरप्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के मुकिमपुर शिवारी निवासी विरेंद्र सिंह के रुप में की गयी है। गिरफ्तार तस्कर सह ट्रक चालक द्वारा बताया गया कि शराब उतर प्रदेश से लेकर बेतिया लाना था, जहाँ से कोई अन्य चालक लेकर आगे जाता। जिसका नाम व पता मुझे नही मालूम है। टीम का नेतृत्व निरीक्षक मद्यनिषेध, प्रमोद कुमार कर रहे थे, साथ में सैप एवं होमगार्ड जवान भी भाामिल थे।

## बेटी के सतइसा में आए पिता की चाकू गोद कर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के चंचलिया गांव में शुक्रवार की रात्रि में एक व्यक्ति की चाकू गोद कर हत्या कर दी गई। मृतक चंचलिया गांव निवासी मुन्ना दुबे का 25 वर्षीय पुत्र अमित दुबे बताया गया है। जो की पटना मेट्रो में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था और दो दिन पूर्व ही अपनी 8 माह की बेटी की सत्तइसा में घर आया हुआ था। बताया जाता है कि आपसी रंजिश व पूर्व के विवाद



को लेकर गांव के ही एक अपराधी प्रवृति के युवक द्वारा घटना को अंजाम दिया गया हैं। घटना शुक्रवार की रात्रि करीब 9 बजे की बताई गई है, जब अमित के घर के सभी सदस्य खाना खाकर घर में सोने जा रहे थे उसी दौरान आरोपी युवक आया और अमित को घर से बाहर बुलाकर बात-चीत करने लगा। इसी दौरान किसी बात विवाद में आरोपी ने अमित को चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और वहां से फरार हो गया। घटनास्थल पर खून से लथपथ पड़े अमित को परिजनों व आसपास के लोगों ने गंभीर अवस्था में लेकर रेफरल अस्पताल तरैया पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने अमित को बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। छपरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही अमित की मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही तरैया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे एवं पीड़ित परिजनों का बयान दर्ज कर जांच एवं आगें की कार्रवाई में जुट गए। वहीं सूचना मिलते ही ग्रामीण एसपी संजय कुमार भी शनिवार की सुबह मृतक के घर पहुंचे एवं घटना के बारे में पीड़ित परिजनों का बयान दर्ज किया।

## फोर लेन सड़क का सोमवार को शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी सहित कई अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**बुडको के खिलाफ लापरवाही एवं लापरवाही से मौत का मामला दर्ज करने को लेकर आयुक्त से पुलिस करेगी बात,**

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान सड़क चौड़ीकरण की घोषणा के बाद फुलवारी शरीफ-जानीपुर-नौबतपुर मार्ग के फोर लेन सड़क चौड़ीकरण का शिलान्यास सोमवार को मुख्यमंत्री करेंगे. शिलान्यास की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी पटना, डीडीसी, एसडीओ सदर, सीओ, बीडीओ एवं एसडीपीओ ने शिलान्यास स्थल का निरीक्षण किया. इस दौरान एम्स मार्ग पर भीषण जलजमाव और सड़क की जर्जर हालत देखकर अधिकारी भड़क गए. एसडीओ ने एनएच और आरडीसी के अभियंताओं को तत्काल तलब किया. निरीक्षण के दौरान एनएच और आरडीसी के बीच जिम्मेदारी को लेकर हुई खींचतान से एसडीओ नाराज हो गए और दोनों विभागों के अभियंताओं को अपने कार्यालय में बुलाया. वहीं डीएसपी फुलवारी शरीफ ने बताया कि छह माह पूर्व तत्कालीन जिलाधिकारी के एम्स भ्रमण के दौरान बुडको के अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि 15 दिनों के भीतर नाला निर्माण कर उसे नहर से जोड़ दिया जाएगा. लेकिन यह कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ, जिससे खुले नाले में गिरकर दो लोगों की मौत हो चुकी है. इस मामले में आयुक्त, जो उस समय के जिलाधिकारी थे, से बात कर बुडको के खिलाफ कार्य में लापरवाही एवं लापरवाही से हुई मौत का मामला दर्ज कराया जाएगा. भुसौला-दानापुर-जानीपुर-नौबतपुर मार्ग के फोर लेन चौड़ीकरण का शिलान्यास सोमवार को एम्स गोलंबर के पास मुख्यमंत्री करेंगे. सड़क के फोर लेन निर्माण के बाद रात के समय बड़े वाहनों से लगने वाले जाम से मुक्ति मिलने की संभावना है. मुख्यमंत्री ने इस सड़क के चौड़ीकरण की घोषणा प्रगति यात्रा के दौरान की थी. शिलान्यास स्थल एम्स गोलंबर का निरीक्षण शनिवार को जिलाधिकारी पटना ने किया. उनके साथ डीडीसी, एसडीओ सदर, सीओ, बीडीओ फुलवारी शरीफ और डीएसपी फुलवारी शरीफ मौजूद थे. निरीक्षण के दौरान स्थल का चयन कर वहां शिलापट्ट लगाने और यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने पर चर्चा हुई. मुख्यमंत्री के आगमन मार्ग पर भीषण जलजमाव और सड़क की जर्जर हालत देखकर अधिकारी हैरान रह गए. एसडीओ ने तत्काल एनएच के अधिकारी को फोन किया, लेकिन उन्होंने इसे आरडीसी का कार्य बताया. आरडीसी ने भी स्पष्ट किया कि यह एनएच का दायित्व है. इस पर एसडीओ ने दोनों विभागों के अधिकारियों को अपने कार्यालय में बुलाते हुए कहा कि फेंका-फेंकी से काम नहीं चलेगा, सड़क को तत्काल दुरुस्त करना होगा. जलजमाव की समस्या पर भी चिंता जताई गई. डीएसपी ने दोहराया कि छह माह पूर्व दिए गए बुडको के आश्वासन के बावजूद कार्य पूरा नहीं हुआ और दो लोगों की मौत खुले नाले में गिरने से हो गई है, जिससे विधि-व्यवस्था की स्थिति भी बिगड़ी थी. इस संबंध में बुडको के खिलाफ कार्रवाई के लिए आयुक्त से पत्राचार किया जाएगा.

## मकसुदहा में पुलिस का बड़ा ऑपरेशनः लूट कांड के 5 आरोपी हथियार-गांजा के साथ गिरफ्तार

**देशी कट्टा, कारतूस, चाकू, मोबाइल और दो मोटरसाइकिल बरामद, एक बाइक लूटी हुई निकली**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

सिवान। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी ने शनिवार को जानकारी दी कि आन्दर थाना पुलिस ने लूट कांड (कांड संख्या 225/25) में शामिल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से हथियार, नशीला पदार्थ और लूट की गई संपत्ति बरामद हुई है। पुलिस का यह ऑपरेशन शुक्रवार देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर मकसुदहा हाता इलाके में चलाया गया। पुलिस के अनुसार, 8 अगस्त की शाम आन्दर थाना क्षेत्र के मकसुदहा हाता में



कुछ अपराधी किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही कई युवक भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर पांच को मौके पर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान इनसे 2 देशी कट्टे, 8 जिंदा कारतूस, 3 चाकू, 4 मोबाइल, 996 ग्राम गांजा जैसा दिखने वाला पदार्थ, लूट की एक मोबाइल, और दो मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। इनमें से एक बाइक लूट की थी और दूसरी वारदात में इस्तेमाल हुई थी। पकड़े गए आरोपियों की पहचान आकाश कुमार चौधरी (ग्राम आन्दर), रोहित कुमार साह, राहुल यादव (दोनों ग्राम फरीदपुर, थाना हुसैनगंज), नेहाल कुमार सिंह (ग्राम गौरा) और आसिफ अली उर्फ गोलू (ग्राम सुल्तानपुर) के रूप में हुई है। पूछताछ में सभी ने आन्दर थाना कांड संख्या 225/25 में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर लूटी गई बाइक भी बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरोह का मकसद आस-पास के इलाके में लूट और अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देना था। बरामद हथियार और नशीला पदार्थ संकेत देते हैं कि गिरोह संगठित तरीके से अपराध की तैयारी कर रहा था। गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। आन्दर थानाध्यक्ष ने बताया कि इस कार्रवाई में पुलिस बल की सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया से संभावित बड़ी वारदात टल गई। पुलिस अधीक्षक ने टीम को सराहते हुए कहा कि अपराधियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और इलाके में शांति बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। सिवान पुलिस ने अपील की है कि लोग संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत दें, ताकि समय रहते अपराध रोका जा सके।

## भाई-बहन के अटूट रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन धूमधाम से मनाया गया

**प्यार विश्वास और जिम्मेदारी के बंधन को दिया नया संदेश**

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सभी पंचायतों में शनिवार को भाई-बहन के असीम प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की,जबकि भाइयों ने जीवनभर रक्षा का संकल्प लिया।भारतीय परंपरा के अनुसार गुरु को भगवान समान मानते हुए कई शिष्यों ने गुरु को राखी बांधी। वहीं, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कई लोगों ने वृक्षों को राखी बांधकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया।पौराणिक कथाओं का संदर्भ रक्षाबंधन के महत्व की एक प्रसिद्ध कथा भगवान कृष्ण और द्रौपदी से जुड़ी है।द्रौपदी द्वारा कृष्ण की कलाई पर साड़ी का टुकड़ा बांधने के बाद कृष्ण ने जीवनभर उनकी रक्षा का वचन दिया था।रिश्तों की गहराई का पर्व श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व प्रेम,विश्वास और जिम्मेदारी की डोर को और मजबूत करता है।उपहारों और शुभकामनाओं के आदान-प्रदान के बीच रिश्तों की पवित्रता को कायम रखता है।



# 10 अगस्त को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे डीबीटी से पेंशन राशि का सीधा अंतरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को बड़ी सौगात देते हुए पेंशन राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की है। जून माह से वृद्धजन, दिव्यांगजन एवं विधवा महिलाओं को ?400 के स्थान पर 1100 प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जा रही है। इस योजना का लाभ राज्य भर में 1 करोड़ से अधिक पात्र लाभार्थियों को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 11 जुलाई को जून माह की बढ़ी हुई पेंशन राशि का अंतरित वितरण किया था। इस अवसर पर उन्होंने स्पष्ट कहा था कि वृद्ध, दिव्यांग एवं विधवा महिलाओं का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा उनके आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।इसी क्रम में 10 अगस्त 2025 को प्रातः 10 बजे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से जुलाई माह की पेंशन राशि लाभार्थियों के खातों में सीधे हस्तांतरित करेंगे। बढ़ी हुई दर 1100 प्रतिमाह के हिसाब से यह राशि लाभार्थियों को मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पेंशनधारियों को संबोधित भी करेंगे, जिसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

राज्य सरकार के इस कदम से लाभार्थियों में उत्साह का माहौल है। बड़ी संख्या में योग्य लोग आवेदन कर इन योजनाओं से जुड़ रहे हैं। जहानाबाद जिले में वर्तमान में कुल 1,35,687 लोग विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। इनमें –

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना : 35,017 लाभार्थी।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना : 5,143 लाभार्थी।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्तता पेंशन योजना : 272 लाभार्थी।

मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना : 61,378 लाभार्थी।

लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना : 16,623 लाभार्थी।

बिहार राज्य निशक्तता पेंशन योजना : 17,254 लाभार्थी।

समाज कल्याण विभाग एवं सामाजिक सुरक्षा निदेशालय, बिहार, लगातार जनजागरूकता अभियान चला रहे हैं ताकि अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति इन योजनाओं से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिरता और सामाजिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित कर सकें।

## नाले में गिरा आठ वर्षीय मासूम, तेज बहाव में लापता

**औरंगाबाद/नबिटा संवाददाता।** शहर के टिकरी रोड स्थित नाले में शनिवार की शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। पानी के तेज बहाव में बहकर आठ वर्षीय मासूम की मौत हो गई। मृतक की पहचान वार्ड संख्या 15 निवासी रहमद के पुत्र हमजा के रूप में हुई है। घटना के बाद से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले कई दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण शहर के वार्ड संख्या 14, 15, 24 समेत पांच वार्डों में जलजमाव की स्थिति बनी हुई है। नाले में पानी का बहाव इतना तेज है कि सैकड़ों घरों में पानी घुस चुका है और लोग परेशानियों का सामना कर रहे हैं। शनिवार की शाम हमजा मोहल्ले के कुछ अन्य बच्चों के साथ पुल की ओर गया था। सभी बच्चे पुल के आसपास खेल रहे थे। इसी दौरान पुल के ऊपर से गुजर रहे पानी की तेज धार में उसका पैर फिसल गया और वह नाले में जा गिरा। देखते ही देखते पानी का बहाव उसे दूर ले गया और वह लापता हो गया।

# ऐतिहासिक पचार पहाड़ पर सावन पूर्णिमा मेला, उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के ऐतिहासिक पचार पहाड़ पर सावन पूर्णिमा के अवसर पर विशाल धार्मिक मेले का आयोजन किया गया। भारतीय नगर ग्राम विकास संघ द्वारा मेला कार्यालय का उद्घाटन पूर्व मुखिया संदीप सिंह समदर्शी, चंद्रेश्वर भगत, राजेंद्र यादव और प्रमोद यादव ने फीता काटकर किया।



इस अवसर पर संदीप सिंह समदर्शी ने पचार मेला और रक्षाबंधन के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सैकड़ों वर्षों से रक्षाबंधन के दिन पचार पहाड़ पर इस मेले का आयोजन होता आ रहा है। सावन पूर्णिमा के दिन हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचकर पहाड़ की गुफा में स्थित लहंगावीर बाबा और शिखर पर बने हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं। मेले में आए लोगों ने झूले, मीना बाजार, खेल-तमाशा और विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों का आनंद लिया। दिनभर मेले में रौनक बनी रही और श्रद्धालुओं में धार्मिक आस्था एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष तेज नारायण प्रजापति, मेला संचालक प्रमोद यादव, सदस्य मिथिलेश गुप्ता, मृत्युंजय उर्फ मुंदर गुप्ता, राकेश प्रजापति, अजय कुमार सिंह, अमित प्रजापत, श्यामसुंदर यादव, कपिल देव यादव, हरिनंदन पासवान, सुरेंद्र सिंह और शिव नारायण साव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## राखी सिर्फ धागा नहीं बल्कि भाई-बहन के अटूट प्रेम विश्वास और सुरक्षा का प्रतीक : इंदु कश्यप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** रक्षाबंधन सिर्फ परंपरागत त्यौहार नही बल्कि भाई-बहन के अटूट प्रेम, समर्पण और विश्वास का महापर्व है। राखी का धागा भाई के लिए रक्षा सूत्र का रूप होता है जिसमें बहन अपने भाई के दीर्घायु होने की कामना करती है। उक्त बातें बताते हुए लोजपा की वरिष्ठ नेत्री डॉ. इंदु कश्यप ने लोगों को रक्षाबंधन की बधाई दी है। उन्होंने लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान को पार्टी कार्यालय में जाकर राखी बांधा। इस दौरान उन्होंने चिराग पासवान के स्वस्थ, दीर्घायु एवं मंगलमय जीवन की कामना करते हुए राज्य के 8 करोड़ जनता के लिए उन्हें उम्मीद का किरण बताया। उन्होंने कहा कि आज राज्य के युवा, किसान, मजदूर सभी लोग चिराग जी उम्मीद लगाए बैठे हैं ऐसे में हम बहनों ने उनके यशस्वी होने का कामना किया है। इस दौरान लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान ने भी सभी बहनों को रक्षाबंधन की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी के उम्मीदों पर मैं हमेशा खरा उतरने का प्रयास करूंगा। रक्षाबंधन पर चिराग पासवान के दोनों हाथों में पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगों ने दर्जनों राखियां बांधी।

## अनिला इरफान ने रक्षाबंधन पर पेश की गंगा जमुना तहजीब की मिसाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** शनिवार के दिन मखदुमपुर प्रखंड के ग्रामीण एवं नगर पंचायत क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन का पर्व संपन्न हुआ। मौके पर बहनों ने अपने भाइयों के कलाई पर राखी बांधकर उसके सुखद दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए अपनी रक्षा के लिए भाई से वचन भी लिया। रक्षाबंधन के इस पावन अवसर पर अनिल इरफान ने गंगा जमुना तहजीब की मिसाल पेश की है। जिले के ऐरकी निवाशी इरफान मलिक उर्फ बॉबी एवं फौज़िया तारिक की पुत्री अनिला इरफान पिछले कई वर्षों से टेहटा निवासी आलोक राज एवं हंस राज को राखी बंधती आ रही है। वही इस वर्ष भी मुस्लिम किशोरी अनिल इरफान ने अपने दोनों भाइयों आलोक राज एवं हंस राज को राखी बांधकर धार्मिक सौहार्द और प्रेम भाईचारा की मिशाल पेश की। इस दौरान अनिल इरफान ने अपने छोटे भाई शैम फतह को भी राखी बांधी। वहीं लोगों ने मुस्लिम धर्म की इस किशोरी की तारीफ करते कहा कि अपने हिंदू भाइयों को राखी बांधकर उसने आपसी भाईचारा और मुहब्बत का पैगाम देते हुए गंगा जमुना तहजीब की मिसाल पेश की है। मौके पर उनके भाई आलोक राज एवं हंस राज ने भी बताया कि अनिल एक वर्ष की थी तभी से हम दोनों भाइयों को राखी बांध रही है। उसने बताया कि हम दोनों भाई भी अपने सगी बहन की तरह प्यार और सम्मान देते हैं।



## सिद्धेश्वर मंदिर में सावन पूर्णिमा पर रुद्राभिषेक और भंडारे का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के आरबीआर स्थित सिद्धेश्वर मंदिर प्रांगण में सावन पूर्णिमा के अवसर पर रुद्राभिषेक एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कारगिल गैस एजेंसी के संचालक शिवदयाल प्रसाद गुप्ता ने किया। शिवदयाल प्रसाद गुप्ता ने बताया कि सावन पूर्णिमा पर भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना एवं रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। इसके बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। भक्तों ने मंदिर प्रांगण में पहुंचकर पूजा की और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में रोहित कुमार, राहुल कुमार, सनी कुमार, विकास कुमार, अनिल ठाकुर, ऋषि गुप्ता, राम गुप्ता, राजा सहित कई स्थानीय लोग सक्रिय रूप से शामिल हुए।

## डूबने से युवक की मौत, रक्षाबंधन की खरीदारी कर लौट रहा था घर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** विसुनगंज थाना क्षेत्र के बेला-विर्रा गांव में शुक्रवार देर रात नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बेला-विर्रा गांव निवासी रिंटू कुमार के रूप में हुई है। मृतक के भाई सिंटू कुमार के अनुसार, रिंटू शुक्रवार रात रक्षाबंधन की खरीदारी कर बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान नहर के समीप बाइक अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी, जिससे वह पानी में डूब गया। स्थानीय ग्रामीणों ने किसी तरह उसे नहर से निकालकर रेफरल अस्पताल मखदुमपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष फूलचंद कुमार यादव पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। हादसे से मृतक के घर में मातम का माहौल है।



## सावन पूर्णिमा पर बाबा सिद्धनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जिले के ऐतिहासिक वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में सावन पूर्णिमा के अवसर पर 50 हज़ार से अधिक श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था के साथ जलाभिषेक किया। वहीं श्रद्धालु का जमावड़ा पूर्णिमा को लेकर शनिवार सुबह से होने लगा, जो देर शाम तक लगा रहा। श्रद्धालु पहाड़ी इलाका के हथियाबोर, पातालगंगा एवं बावन सीढ़ियां इलाके में बने जलस्तोत्र से स्नान कर पहाड़ की चोटी पर स्थित बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे और कतार में खड़े होकर बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में जलाअभिषेक किया। मौके पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे लेकर प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किया गए हैं। मंदिर परिसर के अलावा जगह-जगह पर पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से मंदिर के चारो ओर बैरिकेडिंग की गई है। श्रद्धालुओं के लिए पीने का पानी, मेडिकल सुविधा, महिलाओं के कपड़ा बदलने के लिए चेंजिंग रूम, लाइटिंग इत्यादि की सुविधा की गई है। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा बोल बम हर हर महादेव की जय घोष से पूरा पहाड़ी इलाका गूंजता रहा। मंदिर के प्रबंधक भानु प्रताप गुड्डू सिंह ने बताया कि पूर्णिमा के अवसर पर 50 हजार से अधिक श्रद्धालु पुर्णिमा की शाम तक जलाभिषेक किया। वहीं बताया गया कि रात्रि में विशेष श्रृंगार पूजा आयोजित किया जायेगा।



## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 12 अगस्त को करेंगे जनसंवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 12 अगस्त 2025 को विद्युत उपभोक्ताओं के साथ जनसंवाद करेंगे। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण रफीगंज प्रखंड के कई स्थानों पर किया जाएगा। विद्युत विभाग के एसडीओ अशोक राज ने बताया कि राज्य सरकार ने 1 अगस्त 2025 से सभी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का पूर्ण अनुदान देने की घोषणा की है। इससे उपभोक्ताओं को शून्य रुपये का बिजली बिल प्राप्त हो रहा है। इसी उपलब्धि के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 12 अगस्त को सुबह 10 बजे से उपभोक्ताओं से संवाद करेंगे।

रफीगंज नगर क्षेत्र में यह लाइव प्रसारण बंधन पैलेस, राजा बगीचा में होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में हाई स्कूल अरथुआ (अरथुआ पंचायत), हाई स्कूल भदवा (भदवा पंचायत), हाई स्कूल सरावक (चेंव पंचायत), हाई स्कूल गाजीकर्मा (भदुकी कला पंचायत), हाई स्कूल कर्मा (केराप पंचायत, पौथु प्रशाखा), हाई स्कूल पोगर (पोगर पंचायत), हाई स्कूल बद्दोपुर (चरकावां), और हाई स्कूल बराही बाजार (भेटनियां पंचायत) में आयोजन होगा।

## धरनास्थल पहुंची बहनें, किसानों को बांधी राखी और बढ़ाया हौसला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में उत्तर कोयल नहर परियोजना के अधूरे कार्य को पूरा कराने की मांग को लेकर पिछले सात महीनों से अनिश्चितकालीन धरना दे रहे किसानों के हौसले को रक्षाबंधन पर नई ऊर्ज़ा मिली। शनिवार को सोनबरसा गांव की रहनुमा प्रवीण, चांदनी प्रवीण और बदोपुर गांव की संगीता कुमारी, मनीषा कुमारी सहित अन्य बहनें धरना स्थल पर पहुंचीं और किसानों की कलाई पर राखी बांधकर उनके संकल्प को सलाम किया। रहनुमा प्रवीण और संगीता कुमारी ने कहा कि मगध क्षेत्र के जनकल्याण के लिए हमारे भाई सात महीने से खुले मैदान में धूप, ठंड और बारिश की परवाह किए बिना बैठे हैं। हम भगवान से प्रार्थना करते हैं कि इन्हें हर परिस्थिति में सुरक्षित रखें और इनकी मनोकामनाएं पूरी हों। उन्होंने कहा कि जैसे रक्षाबंधन पर बहनें भारतीय सेना के जवानों को राखी बांधकर उनका हौसला बढ़ाती हैं, वैसे ही आज हम अपने इन भाइयों का मनोबल बढ़ाने आए हैं। धरना दे रहे लड्डू खान और डॉ. तुलसी यादव ने कहा कि बहनों के इस समर्थन से हमें संघर्ष जारी रखने की प्रेरणा मिली है। मौके पर समीर सिंहा, भोला प्रसाद वर्मा, जयप्रकाश प्रजापति, विष्णु देव उर्फ सेक्रेटरी साहब, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, सीधी यादव, डॉ. शिवनंदन यादव, सुधीर कुमार चंद्रवंशी, निखिल कुमार, विकास कुमार, मंतोष कुमार, प्रमोद साव, सूर्य देव यादव और अजिम खां सहित कई लोग मौजूद रहे।




## भंडारे के साथ नौ दिवसीय श्रीराम कथा का समापन

**नवबिहार टाइम्सव संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित गोला पर शंकर बाग राम-जानकी ठाकुरबाड़ी में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा का समापन शनिवार को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में हुआ। समापन अवसर पर भक्तों ने हवन-यज्ञ में आहुति अर्पित कर आध्यात्मिक वातावरण को और पवित्र बनाया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। अयोध्या से पधारे कथावाचक वैष्णव दास श्री बालव्यास जी महाराज ने नौ दिनों तक श्रीराम कथा के माध्यम से भक्तों को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श, भक्ति की महिमा और सत्कर्म के महत्व से अवगत कराया। कथा के अंतिम दिन उन्होंने श्रद्धालुओं से भक्ति मार्ग अपनाने, सत्कर्म करने और जीवन में सकारात्मकता लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हवन-यज्ञ न केवल वातावरण और वायुमंडल को शुद्ध करता है, बल्कि इससे व्यक्ति को आत्मिक शक्ति और मानसिक शांति भी प्राप्त होती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और धार्मिक माहौल में भाव-विभोर हो गए।



## 500 रुपए की पूंजी से रोजगार की शुरुआत कर युवक बना सफल उद्यमी

**डॉ. रंजीत कुमार भारतीय/ नबिटा ब्यूरो**

मन के हारे हार है और मन के जीते जीत... यह कहावत कहीं न कहीं जहानाबाद के युवा उद्यमी गौरव राज पर सटीक बैठता है। जिन्होंने कभी 500 रुपए से मशरूम उत्पादन की शुरुआत की थी और आज खुद मार्केट में सबसे ज्यादा डिमांड में रहने वाला मशरूम बटन की उत्पादन कर मशरूम की प्रोसेसिंग यूनिट लगा चुके हैं। इस यूनिट के लग जाने से दर्जनों लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार के साथ पूरे साल कमाई का अच्छा अवसर मिल रहा है। बताया जाता है कि बटन मशरूम को कम तापमान की जरूरत होती है, जिसके कारण यहां के लोग इसका उत्पादन कुछ सीमित अवधि में ही कर पाते हैं, अक्टूबर से शुरू होकर मार्च तक ही इसका सामान्य तौर पर उत्पादन हो पाता है। ऐसे में गौरव राज ने यह काम शुरू कर अच्छा उत्पादन कर रहे हैं।



प्रोसेसिंग यूनिट के लग जाने से अब पूरे वर्ष लोग बटन मशरूम और उसके विभिन्न उत्पादों का उपयोग कर सकेंगे।

जहानाबाद के हुलासगंज स्थित तिर्रा गांव निवासी गौरव राज की शुरुआत पढ़ाई लिखाई से होती है और हर व्यक्ति की तरह ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन कर सरकारी नौकरी हासिल करना ही इनका भी सपना था। कई साल मेहनत भी हुई, लेकिन जब दो तीन बार करीब पहुंचकर सपना टूटा तो उन्होंने रास्ता ही पूरी तरह से बदल लिया और कूद गए उद्यमी बनने के सफर में। यह रास्ता भी उतना आसान नहीं था, लेकिन जीवन में कुछ करना तो था ही इसी जज्बे और हौसले ने युवक को उद्यमी बना दिया। अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए गौरव राज बताते हैं कि किसी ने उन्हें यह सलाह दिया कि मशरूम की खेती शुरू करो। थोड़ा बहुत सोच विचार करने के बाद मैने इस काम को शुरू कर दिया। उस वक्त मेरे पास न तो ज्यादा जमीन थी और न ही पैसा, लेकिन उस दौरान उन्होंने फूस के झोपडी से मशरूम उत्पादन शुरू किया।

**500 रुपए से शुरू हुआ था सफर**

आगे गौरव राज बताते हैं कि 500 रुपए से मशरूम उत्पादन उन्होंने शुरू किया था। 2013 में इस व्यवसाय की नींव उन्होंने रखी थी। वो आगे बताते हैं कि कुछ समय रोजगार शुरू किए हुआ था, इस दौरान हमारी चीज कुछ लोगों को पसंद न आई और इस तरह से दूसरों की जमीन में लगी यूनिट को बंद करना पड़ा। वो बताते हैं कि आज हमारे पास 800 किसान एफपीओ से जुड़े हुए हैं आज उनलोगों को भी वे जरूरी सलाह देते हैं। गौरव राज ने बताया कि इसी तरह से करते करते आज खुद की बटन मशरूम की यूनिट की शुरुआत की। पिछले कुछ दिनों में ही 150 किलो तक उत्पादन हो गया है। इसकी मार्केटिंग गया, पटना, जहानाबाद, नालंदा और अरवल जिले में मैं कर रहा हूं। उन्होंने बताया कि हमारे इस यूनिट के साथ फिलहाल दर्जन भर लोग जुड़े हुए हैं, जिनका काम देखरेख से लेकर तुड़ाई और पैकिंग करना है। उन्होंने बताया कि जो भी किसान इसकी खेती करना चाहते हैं तो वह कम पूंजी से भी शुरुआत कर सकते हैं।

# मतदाताओं को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 के तहत प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची से जुड़े दावा एवं आपत्ति पंजीकरण प्रक्रिया के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए शनिवार को औरंगाबाद शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार आयोजित हुआ।

नुक्कड़ नाटकों का मंचन क्रमशः महावीर अखाड़ा बस पड़ाव, सामुदायिक भवन कर्मा भगवान और महादलित टोला गांधी मैदान में किया गया, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। नाटकों का निर्देशन ठिठोली सामाजिक एवं सांस्कृतिक दर्पण के टीम लीडर फिरोज अहमद ने किया, जबकि कलाकारों ने गीत, संगीत और प्रभावशाली संवादों के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, अपात्र नाम विलोपित कराने और पूर्व प्रविष्टियों में संशोधन अथवा स्थानांतरण की प्रक्रिया को सरल और रोचक तरीके से समझाया। कार्यक्रम में नागरिकों को बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 01 अगस्त से 01 सितंबर 2025 तक विशेष दावा एवं आपत्ति दर्ज करने की अवधि निर्धारित की गई है। इस दौरान पात्र नागरिक अपने नाम मतदाता सूची में शामिल कराने, अपात्र प्रविष्टियों को हटाने या आवश्यक संशोधन एवं स्थानांतरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए जिले के सभी प्रखंडों और नगर निकाय क्षेत्रों में प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6, नाम विलोपित कराने के लिए फॉर्म-7 और प्रविष्टियों में संशोधन अथवा स्थानांतरण के लिए फॉर्म-8 निर्धारित किए गए हैं, जिन्हें भरकर संबंधित बीएलओ या निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को सौंपा जा सकता है।

## रामपुकार सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर प्रतिमा का अनावरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा प्रखंड के मझियांवा गांव में रविवार को समाजसेवी स्वर्गीय रामपुकार सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। प्रतिमा का अनावरण इंजीनियर सह पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव ने किया। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि स्व. रामपुकार सिंह एक बेहतर इंसान और सच्चे समाजसेवी थे। गरीबों की सहायता और निरक्षर महिलाओं को साक्षर बनाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। वे हमेशा जरूरतमंदों के लिए तत्पर रहते थे और समाज सेवा में उनकी निष्ठा को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि रामपुकार सिंह आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी स्मृति और कार्य सदैव लोगों के दिलों में जीवित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरोज सिंह ने की, जबकि मनोज सिपाही और भैया राम सिंह ने भी उनके सामाजिक कार्यों की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि रामपुकार सिंह का जीवन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। इस मौके पर शंकरदयाल सिंह, दूधनाथ सिंह, अरुण सिंह, राजेंद्र सिंह व्यास, बिजेंद्र जी, श्याम लाल सिंह, चंद्रदेव सिंह, जितेंद्र सिपाही, कुलु सिंह, सोनू सिपाही, अजय राम, राधे श्याम भगत, सुभग सिंह, रामसिहासन सिंह, शिक्षक उपेंद्र प्रसाद, सूरज सिंह, शिक्षक राजेश्वर प्रसाद, सत्येंद्र सिंह, कपिलदेव सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और समाजसेवी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



## देव के ऐतिहासिक रानी तालाब शिवालय में शिव चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देव (औरंगाबाद)।** कालीस्थान शिवालय समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार को रानी तालाब स्थित ऐतिहासिक कालीस्थान शिवालय में शिव चर्चा आयोजित की गई। आयोजन से पहले तालाब की सफाई का अभियान चलाकर तालाब में मौजूद गंदगी को हटाया गया और देववासियों से तालाब के आसपास गंदगी न डालने की अपील की गयी। मंदिर प्रांगण की अधूरी ढलाई को भी पूरा कर लिया गया और श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर धूमधाम से मनाने की तैयारी के तहत शिवशक्ति पीठ को सजाया गया। आयोजकों ने बताया कि 10 अगस्त 2025 को यहां भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, यह रानी तालाब प्राचीन देव राजविरासत द्वारा रानियों के स्नान के लिए बनवाया गया था और स्थल धार्मिक तथा ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। शिव चर्चा में मंदिर के विकास को लेकर गंभीर विचार-विमर्श हुआ। समाजसेवियों और ट्रस्ट के सदस्यों ने सुझाव दिए कि रानी तालाब में म्यूजिकल फाउंटेन लगाने से यह स्थल और अधिक आकर्षक बन सकेगा। इसके अलावा यहां स्थित अखाड़े का जीर्णोद्धार, कालीस्थान की मापी कर पूर्ण घेराबंदी और विवाह मंडप का निर्माण कराने पर भी मंथन हुआ। कालीस्थान शिवालय समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक धनराज, सचिव राहुल सिंह, मनीष कुमार, जितेंद्र प्रजापत, गोरख साव, दीपक गुप्ता, उपेंद्र यादव, प्रहलाद सिंह और राकेश राही उपस्थित थे। आयोजनकारियों ने स्थानीय जनता से सहयोग और स्थल की साफ-सफाई बनाए रखने का अनुरोध भी किया।



# पारंपरिक सौहार्द से मना रक्षाबंधन का त्योहार

## बहनों ने बांधी राखी, भाइयों ने सुरक्षा का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार मसौढ़ी में गांव से लेकर शहर तक हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह दिन भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के संकल्प को समर्पित रहा है। बहनों ने इस अवसर पर अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और भाइयों ने उन्हें जीवनभर रक्षा का वचन दिया। ऐसे में चंपा किरण ने कहा कि रक्षाबंधन न केवल पारिवारिक रिश्तों को और मजबूत करता है, बल्कि सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का भी प्रतीक है। वहीं आरती कुमारी ने बताया की रक्षाबंधन भाई-बहन के अपार प्यार और सम्मान का त्योहार है। इस दिन बहन अपने भाई की कलाई पर



राखी बांधकर उसकी लंबी आयु और सुरक्षा की कामना करती है। बहरहाल इस पवित्र त्योहार के पीछे कई पौराणिक कथाएं हैं। एक प्रसिद्ध कथा के अनुसार, जब भगवान श्री कृष्ण के हाथ में चोट लगी थी, तब द्रौपदी ने अपना दुपट्टा फाड़कर उनके घायल हाथ पर बांध दिया था। इस प्रेम और समर्पण से प्रभावित होकर श्री कृष्ण ने द्रौपदी की हमेशा रक्षा करने का वचन दिया। यहीं से रक्षाबंधन की परंपरा शुरू हुई मानी जाती है। इसके अलावा चमेली किरण उर्फ पिंकी ने कहा की भाई की कलाई पर बंधती राखी महज एक डोर नहीं है, बल्कि बहन का अपने भाई के लिए निस्वार्थ प्रेम, विश्वास और

## बंदियों को आध्यात्मिक बहनों ने बांधी राखी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर पुरे देशभर मे उत्साह का माहौल है। ऐसे मे जेल मे बंद बंदीयो को प्रजापति ईश्वरीय विश्वविद्यालय की आध्यात्मिक बहनों ने सभी बंदियों को राखी बांधी. साथ ही सभी को आध्यात्मिक विचारों को भी समझाया. बता दें कि पूरे देश भर में रक्षाबंधन को लेकर भाई बहन का पर्व मनाया जा रहा है। ऐसे में मसौढ़ी जेल में बंद भाई जो अपनी बहनों से दूर हैं, उनके लिए प्रजापति ईश्वरीय विश्वविद्यालय के आध्यात्मिक बहनों ने जेल में जाकर सभी बंदियों की कलाइयों पर राखी बांधी है। उसे समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प दिलाया है। राखी बांधने के बाद विधिवत उन सभी बंदियों को मैदान में बिठा कर उन्हें आध्यात्मिक विचारों के रूप में समझाया है। जीवन और इस सांसारिक गतिविधियों के बारे में उन्हें रूबरू कराते हुए समाज की मुख्य धारा में लौटकर जीवन निर्वाह करने का संदेश दिया। प्रजापति ईश्वरीय विश्वविद्यालय के आध्यात्मिक बहनें रक्षाबंधन के मौके पर मसौढ़ी जेल पहुंची। जेल में बंद सभी बंदियों को राखी बांधकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के अलावा उन्हें सांसारिक गतिविधियों, गृहस्थ जीवन, मानव शरीर की मूलभूत समस्या निदान, तनाव रहित योग संबंधित अनेक बातों को प्रवचन के रूप में उन्हें समझाया। समाज की मुख्यधारा से जुड़कर सामाजिक परिवेश में रहने का संदेश देते हुए उन्हें संकल्प दिलाया है कि जीवन भी अनमोल है. यह जीवन बार-बार नहीं मिलता है. इसलिए हमेशा लोगों की मदद करें। मसौढ़ी जेलर गौतम ने बताया कि प्रत्येक साल रक्षाबंधन पर्व पर प्रजापति ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनें जेल में आकर सभी भाइयों को राखी बांधती हैं और उन्हें संकल्प दिलाती हैं।

## एक नजर

### बाढ़ पीडितों से भाड़ा वसूले रहे सरकारी नाव

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दियारा के बाढ पीडितों के लिए अंचल प्रशाासन द्वारा प्रत्येक पंचायतों में दो-दो नाव का परिचालन किया जा रहा है. नासरीगंज घाट से नाव का परिचालन किया जा रहा है. बाढ पीडितों ने बताया कि कासीमचक, गंगहरा, हेतनपुर व पतलापुर का नाव पीपा पुल, सीढी घाट से परिचालन किया जाता है। बाढ पीडितों ने बताया कि सरकारी स्तर पर नाव परिचालन कर रहे नाविकों बाढ पीडितों से प्रत्येक व्यक्ति से 30 रूपये भाडा वसूलने का आरोप लगाया है। पूर्व जिला पार्षद सदस्य ओम प्रकाश यादव ने सीओ चंदन कुमार से मांग किया है कि सरकारी स्तर पर नाव परिचालन कर रहे नाविकों बाढ पीडितों से भाडा वसूल रहे है। इसकी जांच कराने की मांग की है। सीओ चंदन कुमार ने बताया कि इसकी जांच किया जायेगा दोषी पाये जाने पर नाविकों पर कार्रवाई की जाएगी।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शाहपुर थाना क्षेत्र के उसरी छठ घाट तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई. मृतक का पहचान उसरी निवासी विनय कहार के रूप में किया गया है. स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद तालाब से शव बरामद किया. थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई थी. शव को अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### गैरेज में आग लगाने से चार बाइक जले

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रूपसपुर थाने के विजय नगर रोड में शुक्रवार की देर रात बाइक गैरेज में शॉर्ट सर्किट से आग लगाने से चार लाख की संपत्ति जल कर राख हो गया है. करीब आठ दमकल गाडी से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. आगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नही है. बताया जाता है कि शुक्रवार की देर रात करीब एक बजे शॉर्ट सर्किट से बाइक गैरेज में अचानक आग लग गई . देखते ही देखते आग की लपटें से गैरेज में रखे चार बाइक जले गये और उपकरण जल गये है. अग्निशमन सहायक पदाधिकारी विजय शंकर यादव ने बताया कि विजय नगर रोड में बाइक गैरेज में शॉर्ट सर्किट से आग लगाने से तीन-चार बाइक जल गये है और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रक्षाबंधन का त्यौहार शनिवार को पालीगंज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहनों में उत्साह देखने को मिला। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। बदले में भाइयों ने बहनों को उपहार देकर जीवनभर रक्षा का वचन दिया। पूरे दिन बाजारों में रौनक रही और घर-घर में मिठाइयों के साथ खुशियों का माहौल बना रहा। अकबरपुर में चंद्रभूषण कुमार आकाशवाणी संवाददाता के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं,जीविका दीदियों स्वयंसहायता समूह के बीच रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। सभी ने एक दूसरे को रक्षा सूत्र बनाकर रक्षा करने का संकल्प लिया। वही राष्टीय स्वयं सेवक संघ की ओर से पालीगंज के विभिन्न सेवा बस्तियों में जाकर रक्षाबंधन का त्यौहार उत्सव के रूप में मनाया।

### धनरूआ थाने का निरीक्षण

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के निर्देश के आलोक में शनिवार की शाम में परिचय कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी), पटना के द्वारा धनरुआ थाना का औचक निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण के क्रम में थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, एएट्ठगट्ट, सिरिस्ता कार्यों तथा काण्डों के अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा की गई एवं कार्यों/अनुसंधान के ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा प्रतिदिन बैंक चेकिंग, दिवा गस्ती, और रात्रि गश्ती को टाइट करने के हिदायत दी गई है, उन्होंने कहा कि धनरूआ बाजार एवं फोरलेन पर घटित घटना पर पैनी नजर रखें। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 कन्हैया कुमार थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार के साथ अन्य कई पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

### दरधा नदी में डूबने से एक की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बेर्रा पंचायत के पिपला गांव में शनिवार की सुबह तकरीबन 11:00 बजे दरधा नदी में एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई है। मृतक की पहचान पिपला गांव के निवासी मुनन मियां(54), पिता स्व. इसहाक मियां बताया गया है। मृतक मुनन एक पेंटर का काम करता था। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि वह नदी के किनारे पर था वही पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। पटना से एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर शव की तलाश में लगातार चार घंटो तक खोजबीन में जुटी रही जहां बजे शव निकाला गया। इस घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है, पूर्व मुखिया नसीमुद्दीन मलिक, पूर्व प्रखंड हसीबर्रहमान समेत कई लोगों ने पिडित परिजनों को सरकारी मुआवजा देने की मांग की गई है, नसीमुद्दीन ने बताया कि हादसे से पूरे परिवार की आर्थिक कमर टूट गई है,उसके घर में कोई भी कमाने वाला नहीं है, मृतक किसी तरह से पेंटिंग का काम करके परिवार चलाता था, फिलहाल सभी लोग शव की तलाश में जुटे हुए हैं। घटना के बाद भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही, वहीं परीजनों में रो-रो कर बुरा हाल रहा। अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने कहा कि सरकारी प्रक्रिया के तहत 4 लाख मुआवजा की राशि की सहायता मिल सकती हैं।

### बहन ने भाई की कलाई पर बांधी राखी

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाई-बहन के अटूट स्नेह और प्रेम का त्योहार नगर में रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया. बहने शनिवार की सुबह में रक्षाबंधन का त्योहार मनाएंगी. परंपरानुसार सावन पूर्णिमा के दिन मनाए जाने वाले इस त्योहार को लेकर उत्साह व उमंग बना हुआ है. भद्रा रहित काल में बहनों ने भाइयों की आरती उतारी, तिलक लगाए और रक्षासूत्र से भाइयों की कलाइयां सजाकर मंगल कामाना की भाइयों ने भी रक्षा का संकल्प व्यक्त करते हुए बहनों को कुछ ना कुछ उपहार स्वरूप दिया.इस दौरान प्रेम सौहार्द और उत्साह का वातावरण बना रहा।

# अमर शहीद जगतपति कुमार की स्मृति में 11 को संगोष्ठी

## न्याय व्यवस्था में आम नागरिक की स्थिति पर होगा मंथन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** अगस्त क्रांति के अमर शहीद जगतपति कुमार के शहादत दिवस के अवसर पर 11 अगस्त 2025, सोमवार को ह्लन्याय व्यवस्था में सामान्य नागरिक विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम आई.एम.ए. हॉल, न्यू एरिया) में दिन के 12 बजे से शुरू होगा। आयोजन का दायित्व मगधांचल समग्र विकास समिति ने संभाला है। संगोष्ठी की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष डॉ. संजय रघुवर करेंगे। अधिवक्ता रजनीश रघुवर ने बताया कि प्रमुख वक्ताओं में पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार, समता संपर्क अभियान (मध्य प्रदेश) के राष्ट्रीय संयोजक अजय खरे, सर्वोदय मंडल (उत्तर प्रदेश) के रामधीरज, पूर्व विधान पार्षद अजय सिंह 'अलमस्त', स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक सोमप्रकाश, लोजपा बिहार के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रकाश चन्द्रा, से.नि. अधीक्षण अभियंता ई. विनय चंचल, पूर्व लोक अभियोजक प्रमोद कुमार सिंह, अपर लोक अभियोजक व पूर्व जिला विधि संघ अध्यक्ष रसिक विहारी सिंह और अधिवक्ता मो. हमीद अंसारी सहित कई गणमान्य शामिल होंगे। समन्वयकों ने कहा कि आज बिहार अवसरवाद और भ्रष्टाचार से त्रस्त है। आर्थिक रूप से कमजोर लोग न्याय से वंचित हैं और गहरी निराशा में जीवन बिता रहे हैं। सड़कों पर प्रतिकार और जनसंघर्ष की आवाज़ें अब थम-सी गई हैं, जिससे समाज संक्रमण काल से गुजर रहा है। संगोष्ठी में उठे विचारों के आधार पर प्रस्ताव पारित कर सरकार के मुख्य सचिव, विधि सचिव और गृह सचिव का ध्यान आकर्षित किया जाएगा। साथ ही, आम लोगों में जनजागरण अभियान चलाकर शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ बंद पड़े जनसंघर्ष को फिर से प्रारंभ करने का संकल्प लिया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ता, समाजसेवी और बुद्धिजीवी वर्ग की उपस्थिति की संभावना है। आयोजकों ने सभी प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की है कि वे शामिल होकर अपने बहुमूल्य सुझाव दें, ताकि न्याय व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस पहल हो सके।

# रक्षाबंधन पर्व को लेकर उमड़ी ट्रेनों में भीड़, तारेगना स्टेशन पर धक्का-मुक्की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** रक्षा बंधन पर्व को लेकर एक्सप्रेस से लेकर सभी पैंसेजर ट्रेनों में यात्रियों की जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी है। स्थिति यह है कि बैठने तो दूर, खड़े होने तक की जगह बोगी में नहीं मिल रही। रक्षा बंधन के दिन सुबह से ही घर जाने वाले यात्रियों की ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। जहां शनिवार को बड़ी संख्या में लोग रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। ट्रेन में चढ़ने के लिए भीड़ बेकाबू नजर आई। यात्रियों ने एक दूसरे को धक्का-मुक्की की। ट्रेन में चढ़ने के लिए बुजुर्ग, महिला और बच्चे परेशान नजर आए।यात्रियों की माने तो इस बार रक्षा बंधन में घर जाने वालों की



पिछले वर्ष से अधिक अधिक भीड़ दिख रही है। शनिवार को तारेगना स्टेशन पर पटना से 12 बजे चलने वाली ट्रेन आई तो लोग एक दूसरे को पीछे धकेलते आगे बढ़ने लगे। ट्रेन में पहले चढ़ने के लिए यात्रियों में धक्का-मुक्की हुई। ट्रेन में अधिक भीड़ होने के कारण पैर रखने के लिए भी जगह नहीं थी। कुछ यात्री आपातकालीन खिड़की से भी चढ़ते नजर आए, ट्रेनों में भारी भरकम भीड़ के चलते कई बुजुर्ग महिला पुरुष ट्रेनों में नहीं चढ़ पाए।

# किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के बिहार में 8वां शोरूम का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** भारत के अग्रणी और विश्वसनीय डायमंड ज्वेलरी ब्रांड किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने बिहार में अपना 8वां शोरूम सीतामढ़ी में भव्य रूप से उद्घाटित किया। यह उद्घाटन किसना के उस संकल्प का हिस्सा है जिसमें हर घर तक गुणवत्तापूर्ण डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी पहुंचाने का लक्ष्य है। नए शोरूम का उद्घाटन अभिनेत्री एवं मॉडल स्मृति सिन्हा और फ्रेंचाइज़ पार्टनर जीवन प्रसाद एवं शंभू प्रसाद की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर घनश्याम ढोलकिया, फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, हरी कृष्णा ग्रुप ने कहा 'बिहार में हमारा विस्तार इस बात का प्रमाण है कि हम ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता की डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी उचित कीमत पर



उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसे उच्च संभावनाओं वाले बाजारों में प्रवेश कर किसना का उद्देश्य है कि वह आकांक्षी उपभोक्ताओं को सुलभ लक्ज़री और बेजोड़ सेवा प्रदान करे। यह हमारे विज़न 'हर घर किसना' के अनुरूप है, जिसके तहत हम हर महिला का डायमंड ज्वेलरी पहनने का सपना साकार करना चाहते हैं।' पराग शाह, डायरेक्टर, किसना ने कहा हमारा विज़न है कि डायमंड सबके लिए हो। बिहार में 8वें शोरूम के उद्घाटन के साथ हम इस सपने को पूरा करने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़े हैं। अब सीतामढ़ी के लोग किसना के विश्वस्तरीय डिज़ाइन और बेहतरीन मूल्य का अनुभव कर सकेंगे। फ्रेंचाइज़ पार्टनर जीवन प्रसाद और शंभू प्रसाद ने कहा हमें गर्व है कि हम किसना के साथ मिलकर सीतामढ़ी के लोगों के लिए प्रीमियम डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी ला रहे हैं। हम पारदर्शिता, विश्वास और उच्च गुणवत्ता के साथ अपने ग्राहकों की सेवा करेंगे। विशेष उद्घाटन ऑफ़र: सीमित समय के लिए डायमंड ज्वेलरी मेकिंग चार्ज पर 55% तक की छूट और गोल्ड ज्वेलरी मेकिंग चार्ज पर 25% तक की छूट का लाभ उठाएं। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी, हरी कृष्णा ग्रुप का एक हिस्सा है, जो 2005 से देशभर में अपनी पहचान बना चुका है। किसना का नेटवर्क भारत के कई राज्यों में फैला हुआ है और यह ब्रांड अपनी उच्च गुणवत्ता, पारदर्शी मूल्य निर्धारण और उत्कृष्ट डिज़ाइन के लिए जाना जाता है।

# ऑटो में 205 लीटर और ई रिक्शा में 83 लीटर शराब के साथ तीन सप्लायर धराए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार के दिन एक्साईज पुलिस ने पुनपुन बांध के पास से सीएनजी ऑटो में 13 पॉलिथीन बैग में भरकर ले जा रहे देसी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, उन 13 पॉलिथीन बैग में कुल 205 लीटर देसी चुलाई शराब था, वहीं ई-रिक्शा में 8 पॉलिथीन बैग में देसी शराब भरकर ई-रिक्शा के सहारे ले जा रहे दो युवकों को भी रंगे हाथ दबोच लिया गया है, जिसमें गिरफ्तार युवकों में अवधेश कुमार पिता सिकंदर दास पूर्वी लोहानीपुर एवं बिट्टू कुमार पिता बीरू राम पूर्वी लोहानीपुर का बताया जाता है। यह ई-रिक्शा के सहारे पटना सिटी ले जा रहे थे वहीं सीएनजी ऑटो में जप्त शराब कदमकुआं ले जाने की तैयारी में था। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार शराब सप्लायर ने बताया कि बेहरावां चकिया मुसहरी से शराब पटना ले जा रहा था, जिसे रंगे हाथ पुनपुन बांध के पास से दबोचा गया है, बहरहाल पुनपुन का बेहरावां चकिया इन दोनों एक बड़ा शराब जोन बन गया है। जहां लगातार एक्साइज पुलिस की कार्रवाई हो रही है और पुनपुन बांध के पास प्रतिदिन कोई न कोई देसी शराब ले जाते हुए रंगे हाथ पकड़े जा रहा है।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को आज बढ़ी हुई राशि देंगे मुख्यमंत्री, पंचायत स्तर पर विशेष कैंप का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन की बढ़ी हुई राशि को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को सभी लाभुको के खाते में डीबीटी के माध्यम से पैसा का हस्तांतरण करेंगें। जिसको लेकर सभी प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर लाभों का विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा, जहां सुबह 9:00 बजे से यह कार्यक्रम की शुरुआत होगी और इस पूरे कार्यक्रम में विकास मित्र, टोला सेवक, जीविका दीदी आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका शिक्षा कर्मी लाभुकों को लाने में सहयोग करेंगें। मसौढी अनुमंडल के सभी प्रखंडों में पंचायत स्तर पर विशेष शिवर में धनरूआ में कुल 88 जगहों पर, मसौढ़ी में 106 जगहों पर और पुनपुन में कुल 50 जगहो पर या कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जारी आदेश के अनुसार प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम के आयोजन के लिए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी उत्तरदायी होंगे एवं 100 लाभुकों की भागीदारी सुनिश्चित करायेंगे. प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम के आयोजन के लिए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी नोडल पदाधिकारी होंगे। पंचायत स्तर व राजस्व ग्राम स्तर पर भी कार्यक्रम होंगे. पंचायत स्तर व राजस्व ग्राम स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए संबंधित बीडीओ को पर्यवेक्षक नामित किया गया है. जिनका दायित्व होगा कि प्रखंड स्तरीय अधीनस्थ पदाधिकारियों यथा प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, जीविका आदि के माध्यम से उनके मानवबल की सहायता प्राप्त कर पंचायत व राजस्व ग्राम स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का सुचारू संचालन करायेंगे।

# मसौढ़ी में बंद घर से ताला तोड़कर लाखों रुपए के आभूषण एवं नकदी की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के गंगाचक मलिकाना में बिते शुक्रवार की रात को बंद घर से ताला तोड कर लाखों रूपये के आभूषण और नगदी की चोरी कर ली गई है। इस संबंध मे पीड़ित के दिये गये आवेदन के आलोक में कुसुम देवी, पति सुरेन्द्र भादव मोहल्ला - गंगानक मलिकाना वार्ड नं0-15 वोट के निवासी है। मेरी बहु कुमारी सुगनू वर्मा पति- अंजू कुमार जी एक झरकारी शिक्षिका के पद पर जहानाबाद में है। मेरा पुत्र बिहार पुलिस में चालक सिपाही के पद पर किशनगंज में पदस्थापित है। दोनों घर पर नहीं रहता है केवल मैं और मेरी पुत्री मोनी कुमारी ही घर पर रहते हैं दिनांक 8.8.2035 मैं अपनी बेटी के साथ अपनी बहु से मिलने के लिए शाम के करीब 5 बजे मसौढ़ी से जहानाबाद के लिए निकल गई और इसी बीच 9.8.2025 सुबह के करीब 6 बजे मेरी जेठानी संगीता देवी पति - स्व0 जितेन्द्र प्रसाद यादव जो बगल में ही रहती है और उनके फोन के द्वारा बताया गया कि आत घर का मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ है और जब अंदर जाकर देखी तो बेडरूम ताला टूटा हुआ और दोनों गोदरेज का ताला टूटा हुआ था। जिसमें से सभी जेवर गायब थे। सामन इधर-उधर फेंका हुआ था एवं सामान बिखरा पड़ा था। इस बात की सूचना पाते ही हम सभी अमन- फानन में जहानाबाद से मसौढ़ी के लिए निकल गये। देखा की सारा सामान बिखरा पड़ा था, तथा लाखों जेवर और कुछ नगदी भी गायब थे। सभी जेवर हमारे बेटे की शादी की थी, बहरहाल पुलिस पुरे मामले की जांच मे जुटी है।

# जल-जमाव से त्रस्त हैं नगरवासी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** पिछले 12 दिनों से लोगों जल-जमाव के बीच जीवन बसर कर रहे है. शुक्रवार की रात हुई बारिश से सडकों व गलियों जल जमाव से झील बन गया है। जल जमाव से निजात दिलाने के लिए नप प्रशासन द्वारा 75 पंपिग सेट मोटर पंप से जल-निकासी दिन-रात युद्ध स्तर पर किया जा रहा है और प्रत्येक दिन करीब दो हजार डीजल तेल जलने के बाद भी कई इलाकों से जल जमाव निकासी नही हो पा रहा है. इससे घुटने भर पानी में लांघ कर आने-जाने को विवश है. जल-जमाव में फंसे लोगों रोजमर्रा के जरूरत की सामान खरीदने के लिए घर से निकाल पा रहे है. नही तो घर में पूरे परिवार के साथ दुबके हुए है. यह नजारा परिषद क्षेत्र के पूर्वी गोला रोड, घुड़ दौड़, महावीर कॉलोनी, श्री राम नगर, सर्वोदय कॉलोनी , मैजिस्टक जानकी सिटी, बैंक कॉलोनी, सैनिक कॉलोनी, पुलिस कॉलोनी, जजेज कॉलोनी, आरपीएस रोड, प्रियदर्शी नगर, अर्पणा बैंक कॉलोनी, आरकेपूरम, बाजार समिति, संगम विहार कॉलोनी, विजय विहार, एलआईसी कॉलोनी, समेत आदि इलाकों में सड़कें पर घुटने पर जल-जमाव से झील बना हुआ है. जिससे घरों से निकलना मुश्किल हो गया है. 12 दिनों से जमा पानी से बदबू आने लगी है। पानी में कीड़े-मकौड़े चलने लगे है. इससे महामारी फैलने का आंशका बना हुआ है. लोगों ने बताया कि आज तक हाथी खाना मोड से नया टोला पुल तक नाला उडाही कार्य नही कराया गया है और 40 फीट के नाला को अधिकांश जगहों अतिक्रमण कर 5 से 10 फीट का नाला बना दिया गया है. जिससे बारिश का पानी का समुचित मात्रा में निकासी नही होने से कॉलोनियों व सडकों पर जल जमाव की स्थिति बना हुआ है. हर साल नाला उडाही के नाम पर लाखों राशि खर्च किया जाता है और करोडों के लागत से बुडको द्वारा जल निकासी के लिए बडे नाला का निर्माण किया जा रहा है. इसके बावजूद भी जल निकासी नही हो पा रहा है. . परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि 75 पंपिग सेंट मोटर पंप से जल निकासी दिन-रात युद्ध स्तर पर किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात हुई बारिश से जल जमाव हो गया है।

# फोर लेन सड़क का कल शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान सड़क चौड़ीकरण की घोषणा के बाद फुलवारी शरीफ-जानीपुर-नौबतपुर मार्ग के फोर लेन सड़क चौड़ीकरण का शिलान्यास सोमवार को मुख्यमंत्री करेंगे. शिलान्यास की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी पटना, डीडीसी, एसडीओ सदर, सीओ, बीडीओ एवं एसडीपीओ ने शिलान्यास स्थल का निरीक्षण किया. इस दौरान एम्स मार्ग पर भीषण जलजमाव और सड़क की जर्जर हालत देखकर अधिकारी भड़क गए. एसडीओ ने एनएच और आरडीसी के अभियंताओं को तत्काल तलब किया। निरीक्षण के दौरान एनएच और आरडीसी के बीच जिम्मेदारी को लेकर हुई खींचतान से एसडीओ नाराज हो गए और दोनों विभागों के अभियंताओं को अपने कार्यालय में बुलाया. वहीं डीएसपी फुलवारी शरीफ ने बताया कि छह माह पूर्व तत्कालीन जिलाधिकारी के एम्स भ्रमण के दौरान बुडको के अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि 15 दिनों के भीतर नाला निर्माण कर उसे नहर से जोड़ दिया जाएगा. लेकिन यह कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ, जिससे खुले नाले में गिरकर दो लोगों की मौत हो चुकी है. इस मामले में आयुक्त, जो उस समय के जिलाधिकारी थे, से बात कर बुडको के खिलाफ कार्य में लापरवाही एवं लापरवाही से हुई मौत का मामला दर्ज कराया जाएगा। भुसौला-दानापुर-जानीपुर-नौबतपुर मार्ग के फोर लेन चौड़ीकरण का शिलान्यास सोमवार को एम्स गोलंबर के पास मुख्यमंत्री करेंगे. सड़क के फोर लेन निर्माण के बाद रात के समय बड़े वाहनों से लगने वाले जाम से मुक्ति मिलने की संभावना है. मुख्यमंत्री ने इस सड़क के चौड़ीकरण की घोषणा प्रगति यात्रा के दौरान की थी। शिलान्यास स्थल एम्स गोलंबर का निरीक्षण शनिवार को जिलाधिकारी पटना ने किया. उनके साथ डीडीसी, एसडीओ सदर, सीओ, बीडीओ फुलवारी शरीफ और डीएसपी फुलवारी शरीफ मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्षाबंधन ने बढ़ाई भाईचारे की मिठास, घर-घर में बंधी प्रेम की डोर

**मांझी/दाउदपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाई-बहन के अटूट रिश्ते और पावन प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व शनिवार को मांझी प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहनों ने परंपरागत तरीके से भाइयों के ललाट पर तिलक लगाकर कलाई पर राखी बांधी और उनके स्वस्थ, लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों के सुख-दुख में हर समय साथ निभाने का वचन दिया। पर्व को लेकर शादीशुदा बहनों का मायके आना-जाना पूरे दिन जारी रहा। जो बहनें मायके नहीं पहुंच सकीं, उनके घर भाई स्वयं राखी बंधवाने पहुंचे। बच्चों में भी राखी बांधने और बंधवाने को लेकर खासा उत्साह देखा गया। रक्षाबंधन के अवसर पर प्रखंड की सभी सड़कों पर दिनभर चहल-पहल रही। मांझी, ताजपुर, दाउदपुर, कोहड़ा बाजार, शीतलपुर, बरेजा, नचाप समेत सभी गांवों व बाजारों में राखी, मिठाई और कपड़ों की दुकानों पर भीड़ उमड़ पड़ी। रंग-बिरंगी राखियों और मिठाइयों से सजे बाजारों ने पूरे इलाके में त्योहार का रंग बिखेर दिया।



### डॉ राजेश यादव बने राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ प्रदेश उपाध्यक्ष, नेताओं ने दी बधाई

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ, बिहार की राज्य कार्यकारिणी की बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सारण जिला अध्यक्ष डा. राजेश यादव को संघ का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन संघ के प्रदेश महासचिव तसौवर हुसैन द्वारा उनकी योग्यता, समर्पण और संगठन के प्रति सक्रिय योगदान को देखते हुए किया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष उदयशंकर गुड्डू ने इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आशा जताई कि डा. यादव के प्रोन्नयन से प्रदेश स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि डा. यादव ने संगठनात्मक कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाई है और अब प्रदेश स्तर पर भी वे शिक्षकों की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाएंगे।

**संघ पदाधिकारियों ने दी बधाई:**

डॉ. राजेश यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर राज्य व जिला स्तरीय संघ पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, प्रदेश सचिव सुनील तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता सह सचिव बैजू कुमार, शैलेश झा, उषा कुमारी, अभिषेक रंजन, शिक्षक नेता संजय सिंह चुन्नू, उमेश प्रसाद यादव, अमित प्रकाश, अजय यादव, प्रभुनाथ राय, संजीव श्रीवास्तव आदि शामिल हैं। सभी ने इस निर्णय को संगठन के हित में उठाया गया सार्थक कदम बताते हुए आशा जताई है कि डॉ. यादव अपने नये दायित्वों का कुशलता से निर्वहन करेंगे।

### जल जीवन हरियाली के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** योगापट्टी प्रखंड के आदर्श कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय मच्छरगांव में जल जीवन हरियाली के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस अभियान के तहत विद्यालय के यूथ एवं इको क्लब के नोडल शिक्षक राजकुमार पांडे द्वारा छात्राओं से आग्रह किया गया कि वे विद्यालय में मां के नाम पर पेड़ लगाने के साथ- साथ उनके पोषण का भी ध्यान रखें साथ- साथ घर जाकर अपने माता-पिता एवं अन्य लोगों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें ताकि गांव और मोहल्ले को हरा भरा बनाया जा सके। नोडल शिक्षक ने बताया कि अभियान के माध्यम से लोगों में जागरूकता बढ़ाई जा रही है कि पौधारोपण न केवल पर्यावरण सुरक्षित करता है बल्कि यह जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने में भी हमारे लिए मददगार है।

### 120 लीटर शराब जब्त,धंधेबाज फरार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा पुलिस ने थाना क्षेत्र से 120 लीटर शराब जब्त किया है।वही मौके से कारोबारी फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने फरार व्यक्ति को चिन्हित कर लिया है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर झुमका गांव से 120 लीटर शराब को जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया की फरार व्यक्ति चिन्हित कर गिरफ्तारी हेतु छापेमारी जारी है।

### विद्युत एसडीओ ने किया योगदान

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कार्यालय में शनिवार को नए विद्युत एसडीओ सूचित कुमार ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के उपरांत नवागत एसडीओ श्री कुमार ने सभी जेई और कार्यालय के अन्य कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। परिचय प्राप्त के उपरांत अधिकारी ने सभी अभियंताओं को कर्मियो को आवश्यक निर्देश दिया। नवागत विद्युत एसडीओ सूचित कुमार ने बताया कि क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करना और क्षेत्र में निर्बाध आपूर्ति बहाल रखना पहली प्राथमिकता होगी।

### योजना में गड़बड़ी की शिकायत पर बीडीओ ने की जांच

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के अलग अलग पंचायत में सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी की शिकायत पर बीडीओ ने शनिवार को जांच किया है। इस दौरान अधिकारी ने बरवा बरौली व बनवरिया पंचायत में पहुचकर योजनाओं की जांच की।जांच के उपरांत बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि बरवा बरौली पंचायत के वार्ड 10 में बनी पीसीसी सड़क को लेकर शिकायत मिली थी। वही बनवरिया शिव मंदिर प्रांगण में स्थित पोखरा की सफाई के मामले में भी शिकायत मिली थी। शिकायत के आलोक में दोनों जगह पर जांच किया गया है। बीडीओ श्री सिंह ने बताया कि बरवा बरौली में सड़क निर्माण की योजना में किसी प्रकार की गड़बड़ी नही पाया गया है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण की दोनों योजनाएं अलग है। वहीं बनवरिया शिव मंदिर पोखरा की सफाई को लेकर मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी से योजना की फाइल मांगा गया है। बीडीओ ने बताया कि जांच रिपोर्ट वरीय अधिकारी को भेजी जा रही है।

### वन विभाग की छापेमारी में 30 जहरीले सांप बरामद, 5 गिरफ्तार

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गौरीचक थाना क्षेत्र के बाकरचक गांव में वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सांप तस्करी के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है.छापेमारी के दौरान वन विभाग ने 30 जहरीले सांप बरामद किए हैं और इस मामले में सपेरों सहित कुल 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार आरोपियों में सत्येंद्र, पप्पू, भालो, तोमर और एक अन्य अहेरी सपेरा शामिल है.सभी आरोपी अहिरी समुदाय से जुड़े बताए जाते हैं जो सांप पकड़ने और दिखाने का पारंपरिक काम करते रहे हैं, लेकिन इस बार इनके ऊपर सांप तस्करी में संलिप्त होने का आरोप है. वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रेम कुमार केसरी ने बताया कि ये सभी आरोपी सांपों को पकड़कर तस्करी की नीयत से जंगल के इलाके में छिपाकर रखे हुए थे.

# स्कॉलर बीएड कॉलेज गिरिडीह में सावन महोत्सव का हुआ आयोजन

## प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने राखी मेकिंग और मेंहदी प्रतियोगिता में लिया भाग





**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बनहत्ती स्थित स्कॉलर बी.एड कॉलेज गिरिडीह में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने बड़ा ही उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने हाउस के अनुसार राखी मेकिंग एवं मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से सावन महोत्सव को आकर्षक स्वरूप प्रदान करने का प्रयास किया। मौके पर प्राचार्य डॉक्टर शालिनी खोवाला ने कहा कि इसका आयोजन का उद्देश्य लोगों में सांस्कृतिक जागरूकता, पारंपरिक मूल्यों का सम्मान तथा रचनात्मकता एवं कलात्मक कौशलों का विकास करना है। इससे छात्रों में टीम भावना का विकास होता है। साथ ही ऐसे आयोजन से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को मूर्त रूप देने में सहायता मिलती है इसलिए ऐसे आयोजन में आपसभी अवश्य भाग लें राखी मेकिंग में स्वामी विवेकानंद हाउस को प्रथम,रविन्द्रनाथ टैगोर हाउस को द्वितीय एवं डॉ राधाकृष्णन हाउस व डी एल एड को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ वहीं मेहंदी प्रतियोगिता में सावित्रीबाई फूले को प्रथम, स्वामी विवेकानंद व डी एल एड को द्वितीय एवं राधाकृष्णन व रविन्द्रनाथ टैगोर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जिन्हें महाविधालय प्राचार्या डॉ शालिनी खोवाला व डॉ हरदीप कौर ने पुरस्कार देकर उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर प्राचार्या डॉ शालिनी खोवाला ने सावन महोत्सव में सहयोग प्रदान करने वाले एवं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं एवं साधुवाद दिया। कार्यक्रम में समन्वयक की भूमिका डॉक्टर सुधांशु शेखर जमैयार एवं डोली कुमारी ने निभाया।

## सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने जवानों को बांधी राखी




**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज पूरे देश भर में राखी का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा । हर बहन अपने भाई की रक्षा के लिए राखी बांधती है। और उसकी लंबी आयु की कामना करती है। वही शुक्रवार को सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने रक्षा बधन का त्यौहार अनूठे अंदाज में मनाया । विद्यालय की कक्षा पांचवी से आठवीं तक छात्रओं ने सीआरपीएफ कैंप पहुंचकर जवानो को तिलक लगाकर उनकी की कलाई पर राखी बांध कर न उन्हें सम्मान दिया, बल्कि उनकी सुरक्षा का वचन भी लिया। इस भावपूर्ण पहल ने पुलिस कर्मियों के चेहरों पर मुस्कान ला दी।वही पुलिस कर्मियो ने भी विद्यालय परिवार और छात्राओं के इस प्रयास की सरहाना की और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में रक्षा, सेवा और समाज के प्रति कर्तव्य भाव को विकसित करना था। विद्यालय की निर्देशक रमनप्रीत कौर सलूजा ने कहा कि पुलिस के ये जवान हमारे समाज व संपत्तियों की सुरक्षा करते हैं। ये जवान अपने घर-परिवार से दूर रह कर अपने कार्य में लगे रहते हैं. इसलिए जरूरी है कि पर्व-त्योहारों में हम उन्हें अपने घर-परिवार की कमी महसूस न होने दें।

## सावन पूर्णिमा पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन पूर्णिमा और रक्षा बंधन के पावन अवसर पर शनिवार को बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु जल, दूध, बेलपत्र एवं पुष्प लेकर मंदिरों में पहुंचने लगे। पूरे वातावरण में घंटा-घड़ियाल की ध्वनि और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा नर्मदेश्वर धाम शिव मंदिर (बेंगाबाद), जगन्नाथ धाम शिव मंदिर (फुरसोडीह), नीलकंठेश्वर धाम शिव मंदिर (सोनबाद), खुटरी ताराटांड़ शिव मंदिर, पांडेश्वर धाम (खुरचुट्टा), सर्वसिद्धी धाम (भंवरडीह), बुढ़वा महादेव (बड़कीटांड़), वंशा महादेव (मानजोरी) सहित कई अन्य शिवालयों में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया मंदिरों में उमड़े आस्था के इस सैलाब में महिला-पुरुष, बच्चे-बूढ़े सभी शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने लंबी कतारों में खड़े होकर बारी-बारी से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और परिवार व समाज की खुशहाली की कामना की। सावन पूर्णिमा और रक्षा बंधन के संगम ने पूरे क्षेत्र को भक्ति के रंग में रंग दिया। वहीं मानजोरी में स्थित बाबा वंशानाथ महादेव मंदिर में आसपास के सैकड़ों युवकों ने बराकर नदी से जल उठाकर पैदल यात्रा कर मंदिर में अहले सुबह जल चढ़ाया। युवकों ने पूरे रास्ते बोल बम का नारा है ,बाबा एक सहारा है,हर हर महादेव के नारे को बुलंद आवाज में दोहराते हुए मंदिर तक पहुंचा मानजोरी में स्थित बाबा वंशानाथ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़।

## कांवरियों को बस व अन्य वाहनों से बराकर धाम पहुंचाया गया



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिव भक्तों की भारी भीड़ शुक्रवार रात को बड़ा चौक से झूमते हुए गिरिडीह-डुमरी रोड स्थित बराकर धाम की और रवाना हुई इस मौके पर गेंरूआ वस्त्र में हजारों शिवभक्त बड़ा चौक पहुंचे, जहां पर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, विश्व हिन्दू परिषद, मानव सेवा परिवार, श्री रामबालक संघ द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया। यहां बता दे कि हर साल बराकर धाम से जल उठाकर बाबा दुखिया महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु इसी रास्ते से गुजरते हैं तथा गिरिडीह शहर के चयनित मुख्य स्थल बड़ा चौक में जुटते हैं । इसी को लेकर के वहां धार्मिक संगठनों द्वाराश्र द्धालुओं के लिए नाश्ते के साथ खीर, चाय, शर्बत के फलों के भी इंतजाम किए थे। इस दौरान शाम सात बजे से ही बड़ा चौक में कांवरियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। जहां कांवरियों ने देर रात बराकर धाम में स्नान के बाद पैदल बाबा दुखिया महादेव मंदिर के लिए रवाना हुए जहां बराकर नदी में स्नान के बाद शिवभक्त कांवरियों ने बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों के साथ बाबा दुखिया पहुंचे तथा वहां स्थापित महादेव शिवलिंग के साथ मंदिर में स्थापित अन्य देवी-देवताओं के मूर्ति पर जलाभिषेक कर विधि संवत तरीके सेपूजा-अर्चना की।

## निराश्रित बच्चों को डालसा ने दिलाई पहचान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नालसा एवं झालसा के निर्देश पर 13 मई 25 से शुरू किए गए निराश्रित बच्चों के लिए योजना साथी का आज समापन हुआ. इस मौके पर आयोजित प्रेस वार्ता में डालसा के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनों ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर गठित साथी टीम की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें 18 साल तक के निराश्रित , झुग्गी - झोपड़ी , फुटपाथ अनाथालय, शेल्टर होम आदि में रह रहे बच्चों को अधिकार मित्र एवं इकाई की टीम ने धनबाद जिले के सभी प्रखंड , पंचायत , ग्रामीण इलाकों में जा जाकर डोर टू डोर एवं जागरूकता शिविरों के माध्यम से बच्चों को चिन्हित किया गया एवं विशेष कैंप का आयोजन कर आधार कार्ड बनवाया गया . उन्होंने बताया कि अब तक 446 बच्चों का आधार कार्ड बनवाया गया जिसमें 135 ऐसे बच्चे हैं जो कि दिव्यांग श्रेणी से आते थे उन सभी का इस योजना के माध्यम से आधार कार्ड बनवाकर हेल्थ चेकअप एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनवा दिया गया, दिव्यांग पेंशन के लिए संबंधित प्रखंडों में आवेदन किया गया है और साथ ही चिन्हित बच्चों का हेल्थ चेकअप एवं जो बच्चे पढ़ाई नहीं कर रहे थे उन सभी बच्चों का नजदीकी स्कूलों में नामांकन कराया गया है ।

# नीरज सिंह हत्याकांड में संजीव सिंह को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह को नीरज हत्याकांड मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय खंडपीठ ने इस मामले में संजीव सिंह को जमानत दे दी है. संजीव सिंह पर अपने चचेरे भाई और पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या की साजिश रचने का आरोप है. वे वर्ष 2017 से धनबाद जेल में बंद थे. उनके अधिवक्ता मो. जावेद ने इस फैसले की जानकारी दी.

**21 मार्च ₹2017 को धनबाद के सरायढेला में कर दी गई थी हत्या**

21 मार्च "2017 को धनबाद के सरायढेला के स्टील गेट में नीरज सिंह, उनके पीए अशोक यादव, ड्राइवर घल्टू महतो और अंगरक्षक मुन्ना तिवारी की हत्या कर दी गई थी. इस घटना ने कोयलांचल को झकझोर दिया था. हत्याकांड में गोलियों की बारिश की गई थी. 21 मार्च '2017 को नीरज सिंह अपनी गाड़ी से अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान घात लगाए अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी. सैकड़ो राउंड फायरिंग की गई. घटनास्थल पर ही चारों लोगों की मौत हो गई थी. इस घटना के बाद कोयलांचल में सन्नाटा पसर गया था. इस घटना में झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह ने थाने में सरेंडर किया था. इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था.

**हत्याकांड के शूटरों के तार उत्तर प्रदेश से जुड़े**

घटना में शूटरों के तार उत्तर प्रदेश से जुड़े. इसी मामले में अमन सिंह को गिरफ्तार कर पुलिस ले आई थी. अमन सिंह की हत्या धनबाद जेल में तीन दिसंबर 2023 को कर दी गई थी. धनबाद आने के बाद अमन सिंह गैंगस्टर बन गया था. नीरज सिंह की हत्या के बाद 2019 में झरिया विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर उनकी पत्नी पूर्णिमा नीरज सिंह ने चुनाव लड़ी और संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह को पराजित कर दिया. कांग्रेस के टिकट पर वह 2019 में विधायक बनी। विधायक बनने के बाद भी दोनों परिवार में समय-समय पर टकराहट होती रही. झरिया को लेकर भी आरोप- प्रत्यारोप लगते रहे. इस बीच सूर्य देव बाबू के भाई पूर्व मंत्री बच्चा सिंह का बीमारी की वजह से निधन हो गया. बच्चा बाबू सिंह मेंशन से अलग पहले से ही रह रहे थे. रामधीर सिंह और सूर्य देव सिंह का परिवार सिंह मेंशन में रह रहा था. लेकिन बाद में रामधीर सिंह का परिवार भी अलग रहने लगा. इस बीच फिर 2024 का चुनाव आया. इस चुनाव में भी झरिया सीट पर पूर्णिमा नीरज सिंह और रागिनी सिंह के बीच आमने-सामने का चुनावी टक्कर हुई. चुनाव के इस रण में इस बार रागिनी सिंह ने बाजी मार ली और पूर्णिमा नीरज सिंह को उन्होंने पराजित कर दिया. रागिनी सिंह फिलहाल झरिया विधानसभा सीट से भाजपा की विधायक है. झरिया विधायक रागिनी सिंह ने पति संजीव सिंह की जमानत की खुशी पर भावुक हुई और मां कुंती सिंह भी अपने आंसू को रोक नहीं पाई। संजीव सिंह की जमानत की खुशी की लहर पूरा सिंह मेंशन में है।

## फारवर्ड ब्लॉक ने बंद पत्थर खदानों को भरवाने या जमा पानी से सिंचाई और मत्स्यपालन करने की मांग

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पत्थर निकालने के बाद यूं ही छोड़ दिए गए खदान सुरक्षा के लिए भी खतरनाक 'ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक' ने गांडेय प्रखंड क्षेत्र में बंद हो चुके सभी पत्थर खदानों को बिना भरवाए यूं ही छोड़ दिए जाने का मामला उठाते हुए उसे भरवाने या फिर माइंस की मजबूत घेराबंदी कर उसमें जमा पानी का सिंचाई और मत्स्य पालन के लिए उपयोग कर स्थानीय किसानों को लाभ पहुंचाने की मांग की है।इस बाबत आज पूर्व जिप सदस्य एवं फारवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव ने गांडेय प्रखंड के कमार्टांड़ इलाके में, पत्थर निकालने के बाद यूं ही छोड़ दिए गए कुछ खदानों को देखने के उपरांत कहा कि, सही अथवा गलत तरीके से माइंस चलाने वालों ने पत्थर निकालने के बाद उसे भरा नहीं और खतरनाक हालत में ही छोड़ दिया है, जिससे कभी-भी जान-माल की क्षति की आशंका बनी रहती है कहा कि, माइंस के आसपास का जल स्रोत भी इसके कारण नीचे चला गया है। दूसरी ओर, अत्यंत गहरे इन खदानों में अथाह जमा पानी का कोई और उपयोग भी नहीं हो रहा, जबकि आसपास के खेतों में माइंस का पानी पहुंचा कर तथा माइंस में मत्स्यपालन कर स्थानीय किसानों को सीधे फायदा पहुंचाया जा सकता है श्री यादव ने कहा कि, माइंस के नाम पर माइंस संचालकों की मनमानी का ही यह नतीजा है। अतः सरकार को ऐसी गतिविधियों पर रोक लगानी चाहिए। पूर्व जिप सदस्य ने ऐलान किया कि, 'ऑल इंडिया अग्रगामी किसान सभा' तथा 'ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक' शीघ्र ही गांडेय प्रखंड के बंद माइंस क्षेत्र के किसानों को गोलबंद कर इसके लिए आंदोलन चलाएगी।

## 30 साल बेमिसाल, सम्पर्क एडवरटाइजर्स

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सम्पर्क एडवरटाइजर्स ने अपना 30वां स्थापना दिवस दिनांक 09 अगस्त को पूरे उत्साह के साथ मनाया। स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर सम्पर्क एडवरटाइजर्स के प्रोप्राइटर, श्री उग्रेश कुमार झा ने अपने सभी क्लाइंट्स, कार्यालय सहयोगियों एवं सभी मीडिया हाउस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही हमारी एजेंसी आज सफलतापूर्वक 31वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। पिछले 30 वर्षों की यात्रा को स्मरण करते हुए उन्होंने बताया कि हमारी एजेंसी ने सरकारी, गैर-सरकारी एवं विभिन्न प्रकार के कॉरपोरेट क्लाइंट्स के साथ सफलतापूर्वक कार्य किया है एवं उनके व्यापार को बुलंदियों तक पहुँचाया। साथ ही उन्होंने बताया कि इन 30 वर्षों में बहुत सारी बाधाएं एवं परेशानियां भी आईं, लेकिन उन बाधाओं को पार कर आज हमारी एजेंसी 31वें वर्ष में प्रवेश कर गई है और आगे भी हमारी एजेंसी पूरी निष्ठा और लगन से क्लाइंट्स के लिए काम करती रहेगी। अंत में अपनी इस सफलता के लिए श्री झा ने पुनः एक बार अपने सहयोगियों एवं अधिकारियों का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया।



## शिबू सोरेन का निधन झारखंडवासियों के लिए अपूरणीय क्षति है : डॉ. अशोक वर्मा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री झारखण्ड आंदोलन क्रांतिकारी दिसोम गुरु शिबु सोरेन की निधन दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में कल सुबह हो गया जो सभी झारखंडवासियों के लिए अपूर्ण छत्ती है, इस पर बेरोजगार रोजगार झारखंड के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक वर्मा ने गहरी शोक व्यक्त कर बताए हैं कि झारखण्ड के निमार्ता झारखण्डी महाजनी प्रथा कॉल्माफि या, भूमाफिया व हंडिया इत्यादि के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के बैनर तले जन आंदोलन कर एक झारखंड राज्य की माँग के लिए आंदोलन किया , जो उन्हीं के प्रयास से आज झारखंड एक अलग राज्य है, जो दिशोम गुरु जी की कड़ी मेहनत व प्रयास से एक झारखंड वासियों को एक अलग पहचान दिलाए, और इस तरह वह अपना एक बेमिसाल नाम कायम किए, इसके साथ साथ देश में भी अपना एक अलग पहचान बनाए।

## आयुर्वेदाचार्य डॉ. सुनील दूबे ने परिवार संग बहनों से बंधायी राखी



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वर्ल्ड फेमस आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर आज परिवार संग अपनी बहनों अंजनी झा, डॉ. जूली पाण्डेय एवं पार्वती तिवारी से राखी बंधवायी। बहनों ने अपने भाई की कलाई पर रेशम से बनी राखी बांधकर उनकी आरती उतारी, चंदन टीका किया एवं मिठाई खिलाई। डॉ. दूबे ने बहनों को आशीर्वाद देते हुए पूरी जिन्दगी उनकी रक्षा का वचन दिया। इसके अतिरिक्त डॉ. दूबे के पुत्र एवं आरोग्य वेलनेस सेन्टर के निदेशक डॉ. साजन दूबे, सागर दूबे, भतीजा साहिल दूबे एवं राज दूबे को उनकी दो बहनों पूजा दूबे एवं शालू सुनील दूबे ने राखी बांधी एवं उनसे अपनी रक्षा का वचन लिया। डॉ. दूबे की भावज रिंकी दूबे ने भी अपने भाई अमर प्रकाश तिवारी को राखी बांधी। इस अवसर पर डॉ. दूबे की पत्नी श्रीमती उषा दूबे एवं बहनोई भोला झा भी मौजूद थे। इस अवसर पर डॉ. दूबे ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस बार यह 09 अगस्त 2025 को मनाया जा रहा है। यह एक पर्व मात्रा नहीं है बल्कि यह भाई और बहन के अटूट प्रेम और बंधन का प्रतीक है। यही वजह है कि प्रतीक के तौर पर बहने अपने भाई की कलाई पर कच्चा धगा बाँध कर उनसे अपनी रक्षा का वचन लेती हैं। मैंने भी अपनी बहनों को आजीवन रक्षा का वचन दिया है एवं नेग स्वरूप उपहार भी दिया ।

# वित्त वर्ष 2025-2026 के अप्रैल-जून के लिए प्रदर्शन अपडेट, कर पश्चात लाभ 5.02% बढ़कर 10,986 करोड़ रुपये हो गया

**मुंबई/पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जीवन बीमा निगम ("एलआईसी") के निदेशक मंडल ने 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए एकल और समेकित वित्तीय परिणामों को स्वीकृति प्रदान की एवं उन्हें अनुमोदित किया। नीचे हमारे एकल परिणामों के मुख्य अंश दिए गए हैं। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए कर-पश्चात लाभ (पीएटी) 10,986 करोड़ रुपये था, जबकि 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए यह 10,461 करोड़ रुपये था, जो 5.02% की वृद्धि दशार्ता है। प्रथम वर्ष की प्रीमियम आय (एफवाईपीआई) (आईआरडीएआई के अनुसार) द्वारा मापी गई बाजार हिस्सेदारी के संदर्भ में, एलआईसी 63.51% की समग्र बाजार हिस्सेदारी के साथ भारतीय जीवन बीमा व्यवसाय में बाजार में अग्रणी बनी हुई है। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए, एलआईसी की व्यक्तिगत व्यवसाय में 38.76% और समूह व्यवसाय में 76.54% बाजार हिस्सेदारी थी। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए कुल प्रीमियम आय 1,19,200 करोड़ रुपये थी, जबकि 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए यह 1,13,770 करोड़ रुपये थी, जो 4.77% की वृद्धि दशार्ती है। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए कुल व्यक्तिगत व्यवसाय प्रीमियम पिछले वर्ष की इसी अवधि के 67,192 करोड़ रुपये से बढ़कर 71,474 करोड़ रुपये हो गया, जो 6.37% की वृद्धि दशार्ता है। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए समूह व्यवसाय की कुल प्रीमियम आय 47,726 करोड़ रुपये थी, जबकि 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए यह 46,578 करोड़ रुपये थी, जो 2.46% की वृद्धि दशार्ती है। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के दौरान व्यक्तिगत रूप से कुल 30,39,709 पॉलिसियाँ बेची गईं, जबकि 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के दौरान 35,65,519 पॉलिसियाँ बेची गईं, यानी 14.75% की कमी दर्ज की गई। वार्षिक प्रीमियम समतुल्य (एपीई) आधार पर, 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए कुल प्रीमियम 12,652 करोड़ रुपये था। इसमें से 55.81% (7,061 करोड़ रुपये) व्यक्तिगत व्यवसाय द्वारा और 44.18% (5,590 करोड़ रुपये) समूह व्यवसाय द्वारा हुआ। व्यक्तिगत व्यवसाय के अंतर्गत, एपीई आधार पर सहभागी (पार) उत्पादों का हिस्सा 69.66% (4,919 करोड़ रुपये) था तथा शेष 30.34% (2,142 करोड़ रुपये) असहभागी (नॉन पार) उत्पादों का था। असहभागी (एपीई) 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के 1,615 करोड़ रुपये से बढ़कर 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए 2,142 करोड़ रुपये हो गया है, जो 32.63% की वृद्धि दशार्ता है। इसलिए, एपीई आधार पर, व्यक्तिगत व्यवसाय का हमारा असहभागी (नॉन पार) हिस्सा, जो 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए 23.94% था, 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए बढ़कर 30.34% हो गया है। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए नए व्यवसाय का मूल्य (वीएनबी) 1,944 करोड़ रुपये था, जबकि 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए यह 1,610 करोड़ रुपये था, जिसमें 20.75% की वृद्धि दर्ज की गई। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए शुद्ध वीएनबी मार्जिन 150 बीपीएस की वृद्धि के साथ 15.4% हो गया, जबकि 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए यह 13.9% था। 30 जून, 2025 को सॉल्वेंसी अनुपात 30 जून, 2024 को 1.99 के मुकाबले बढ़कर 2.17 हो गया। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए, 13वें महीने और 61 वें महीने के लिए प्रीमियम आधार पर स्थायित्व अनुपात क्रमशः 75.63% और 63.85% हैं। 30 जून, 2024 को समाप्त इसी तिमाही के लिए तुलनीय स्थायित्व अनुपात क्रमशः 78.23% और 61.62% थे। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए, 13वें महीने और 61 वें महीने के लिए पॉलिसियों की संख्या के आधार पर स्थायित्व अनुपात क्रमशः 64.35% और 51.12% थे। 30 जून, 2024 को समाप्त इसी अवधि के लिए तुलनात्मक स्थायित्व अनुपात क्रमशः 67.81% और 49.39% थे। प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियाँ (एयूएम) 30 जून, 2025 तक बढ़कर 57,05,341 करोड़ रुपये हो गई, जबकि 30 जून, 2024 को यह 53,58,781 करोड़ रुपये थीं, जो वर्ष-दर-वर्ष 6.47% की वृद्धि दशार्ता है। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए कुल व्यय अनुपात 10.47% था, जबकि 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए यह 11.87% था, यानी 140 आधार अंकों की कमी दर्ज की गई। अप्राप्त लाभ को छोड़कर पॉलिसीधारकों के फंड पर निवेश पर प्रतिफल 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए 8.45% था, जबकि 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए यह 8.54% था।

**एलआईसी के सीईओ एवं एमडी, श्री आर. दुरैस्वामि ने कहा:-**

"इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के दौरान, प्रथम वर्ष प्रीमियम आय के आधार पर हमारी कुल बाजार हिस्सेदारी 63.51% रही और हमने व्यक्तिगत और समूह व्यवसाय, दोनों में अग्रणी स्थिति बनाए रखी। व्यक्तिगत व्यवसाय में नॉन-पार हिस्सेदारी में वृद्धि, वीएनबी मार्जिन में वृद्धि और बैंका हिस्सेदारी में वृद्धि जैसी हमारी रणनीति के प्रमुख तत्व पूरी तरह से सही दिशा में हैं। व्यक्तिगत खंड में नॉन-पार उत्पादों की हिस्सेदारी, एपीई आधार पर, वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में बढ़कर 30.34% हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी तिमाही में यह 23.94% थी। वीएनबी मार्जिन साल-दर-साल आधार पर 150 आधार अंकों से बढ़कर 15.4% हो गया है, जबकि इस तिमाही में हमारा व्यय अनुपात 140 आधार अंकों से घटकर 10.47% हो गया है।

# आहर-पईन का जीर्णोद्धार होने से किसानों को मिलेगी सिंचाई की सुविधा : श्रीकांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** लघु सिंचाई विभाग की महत्वाकांक्षी योजना 'हर खेत को सिंचाई का पानी' के अंतर्गत मदनपुर प्रखंड स्थित डुमरिया आहर-पईन जीर्णोद्धार कार्य का जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने स्थल निरीक्षण किया। यह योजना तीन करोड़ 86 लाख की लागत से पूर्ण की जा चुकी है। इस परियोजना के क्रियान्वयन से ग्राम अजनिया, डुमरिया एवं आसपास के कई गांवों के कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो रही है, जिससे कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है। योजना के तहत निर्मित सिंचाई व्यवस्था से रबी, खरीफ एवं ग्रीष्म-तीनों मौसम की फसलों को सिंचाई उपलब्ध कराना संभव होगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित लोगों को भरोसा दिलाया कि समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई शीघ्र की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक कृषक को योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से मिले जिससे कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिले और किसानों की आमदनी में वृद्धि हो।

# गोह को विकास का नया विकल्प देने की तैयारी में इंजीनियर संजय प्रसाद कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोह(औरंगाबाद)।** बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी और औद्योगिक अवसरों को लेकर नए विज़न के साथ इंजीनियर संजय प्रसाद कुशवाहा गोह विधानसभा क्षेत्र के विकास की राह पर तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। लंबे समय तक एनटीपीसी में अपनी सेवाएं देने के बाद अब वे जन सुराज पार्टी के माध्यम से राजनीति में सक्रिय हुए हैं और पार्टी से टिकट के प्रमुख दावेदार के रूप में उभरे हैं। गोह, हसपुरा और आसपास के गांवों में लोग उनके विचारों, कार्यशैली और ईमानदार छवि से बेहद प्रभावित हैं। पार्टी के भीतर और बाहर उन्हें गोह से टिकट का प्रमुख दावेदार माना जा रहा है और स्थानीय लोग उनके विचारों व कार्यशैली से गहरे प्रभावित हैं। युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक, बड़ी संख्या में लोग मानते हैं कि यदि उन्हें जन सुराज का उम्मीदवार बनाया जाता है तो यह क्षेत्र विकास की नई दिशा और तेज़ रफ्तार पकड़ सकता है। स्थानीय बुद्धिजीवियों का मानना है कि इंजीनियर संजय प्रसाद कुशवाहा का अनुभव और दृष्टिकोण गोह को बिहार के विकास मानचित्र पर एक नई पहचान दिला

**चुनाव विशेष**

सकता है। संजय प्रसाद कुशवाहा की सबसे बड़ी ताकत उनकी हर जाति, वर्ग और समाज में व्यापक स्वीकार्यता है। उनके विकासोन्मुखी विचारों और पारदर्शी कार्यशैली से लोग अत्यंत प्रभावित हैं। ग्रामीण इलाकों में रोजगार सृजन, युवाओं के लिए कौशल विकास, किसानों के लिए आधुनिक खेती की तकनीक, महिलाओं के लिए



उद्यमिता को बढ़ावा और हर घर तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना उनके एजेंडे में सबसे ऊपर है। उनका स्पष्ट मानना है कि गोह को जात-पात और पारंपरिक राजनीति के चक्रव्यूह से निकालकर ठोस समाधान और स्थायी विकास की राह पर ले जाना जरूरी है। यही सोच और जमीनी कार्य उन्हें न केवल जन सुराज पार्टी में टिकट के सबसे प्रबल दावेदार बनाती है बल्कि जनता के बीच भी उन्हें एक भरोसेमंद और दूरदर्शी नेता के रूप में स्थापित करती है। मूल रूप से हसपुरा प्रखंड के इटवां गांव निवासी संजय प्रसाद कुशवाहा ने गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद से इंजीनियरिंग और एमडीआई गुरुग्राम से एमबीए (फाइनांस) की पढ़ाई की है। उनका चयन आईआईएम अहमदाबाद में भी हुआ था, हालांकि पारिवारिक और आर्थिक कारणों से वे वहां प्रवेश नहीं ले सके। इसके बाद उन्होंने यूरोपियन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से इंटरनेशनल फाइनांस और इंटरनेशनल मार्केटिंग की पढ़ाई की और इंग्लैंड स्थित प्रोजेक्ट मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (पीएमआई) से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रमाणन हासिल किया। एनटीपीसी में लगभग तीन दशकों तक सेवाएं देते हुए उन्होंने बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग से जुड़े कई बड़े प्रोजेक्ट का नेतृत्व किया। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू कराने, अवशिष्ट पदार्थों से कोयला उत्पादन और ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा देने जैसी योजनाओं में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। अपने कार्यकाल के दौरान वे दो बार 'उत्कृष्ट सेवा सम्मान' प्राप्त करने वाले एनटीपीसी के इकलौते इंजीनियर रहे, जो उनके असाधारण कार्य और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है। विदेश यात्राओं और पेशेवर सफलता के बावजूद उनका मन हमेशा अपने गांव और समाज की सेवा में लगा रहा। यही कारण है कि अब वे अपने प्रशासनिक अनुभव, विकास के स्पष्ट रोडमैप और जमीनी जुड़ाव के साथ गोह विधानसभा क्षेत्र में एक मजबूत और सक्रिय विकल्प के रूप में उभर रहे हैं।

# भतीजे ने चाचा को मारा चाकू, हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रिसियप थाना क्षेत्र के सुंदरगंज बाजार में भतीजे ने चाचा पर चाकू से हमला कर दिया जिसमें वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। परिजन उन्हें आनन-फानन में लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। परिजन इलाज के लिए उन्हें वाराणसी ले गये हैं। जख्मी की पहचान 65 वर्षीय बैजनाथ साव के रूप में हुई है। वारदात के बाद से आरोपित भतीजा फरार है। हालांकि अब तक घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजन कुछ भी बताने से इंकार कर रहे हैं। बताया जाता है कि बैजनाथ साव चार भाई है। सगे भतीजे भोला ने चाकू मारा है, जो पेशे से इंजीनियर है। पिता प्रयाग साव ने कुछ साल पहले दूसरी शादी कर ली थी। विरोध करने पर प्रयाग साव ने अपने भाई बैजनाथ के साथ मिलकर उसे घर से निकाल दिया था। सुंदरगंज के पास पुनाबार गांव में किराए के मकान पर अपनी मां के साथ रहता है। अभी उसकी शादी नहीं हुई है। शनिवार को बैजनाथ साव दुकान खोलकर अकेले ही दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान भतीजा भोला वहां पहुंचा और किसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर चाकू से मारकर भाग गया। थानाध्यक्ष निशा कुमारी ने बताया कि किसी ने भी घटना की जानकारी नहीं दी है। आवेदन मिलने पर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# कजरी जैसे आयोजन में दिखती है भारतीय संस्कृति की झलक

## ग्लोबल कायस्थ कांन्फ्रेंस ने किया कजरी महोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** ग्लोबल कायस्थ कांन्फ्रेंस (जीकेसी) की ओर से कजरी महोत्सव का आयोजन शुक्रवार की रात शहर के चित्रगुप्त सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कजरी गीतों ने पूरे सभागार को कजरी के रंग में रंग दिया। इस दौरान रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं ने ढोलक-झाल पर मंगल गीत की प्रस्तुति कर विलुप्त हो रही अपनी पुरानी संस्कृति और परंपराओं को बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर जीकेसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ कमल किशोर ने कहा कि हम सभी को अपनी संस्कृति से जुड़े हर पर्व को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। कजरी गीत संवेदनाओं का संप्रेषण दर्शाती है। यह गीत श्रावण मास की पहचान है। विलुप्त हो रही इस परंपरा के संरक्षण की जरूरत है। वक्ताओं ने कहा कि सनातन परंपरा एवं अपने त्योहारों को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रम हर साल होने चाहिए जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी हमारे त्योहार के बारे में जान सकें। इस कार्यक्रम में दानिका संगीत महाविद्यालय के निदेशक डॉ रवीन्द्र कुमार, अंजली और शिवांगी ने शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन कमल किशोर, जीकेसी महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ शीला वर्मा, वरीय अधिवक्ता अजय कुमार संतोष, अजय वर्मा, महेंद्र प्रसाद ने किया। इस मौके पर कामिनी वर्मा, डॉ नीलम रानी, भारती श्रीवास्तव, संजना किशोर, लवली तमन्ना, रश्मि सिन्हा, बबीता सिन्हा, आशा सिन्हा, निभा सिन्हा, नुपूर सिन्हा, सोनम श्रीवास्तव, यशी, विधि, गौरी, साक्षी प्रिया, ममता सिन्हा, अर्पणा सहाय, विमला सिन्हा, अजय कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार वर्मा, महेंद्र प्रसाद, प्रेम कुमार, राजू रंजन सिन्हा, राजेश सिन्हा, दीपक बलजोरी, सुनील सिन्हा, सूर्यकांत, अमित सिन्हा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बाइक पलटने से बुआ-भतीजी समेत तीन जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के जसोइया मोड़ के समीप शनिवार को तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे बुआ-भतीजी समेत तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी लोगों की पहचान रोहतास जिले के नासरीगंज थाना अंतर्गत मंगरांव गांव निवासी गोलू कुमार, उसकी मां लक्ष्मीनी देवी एवं नासरीगंज के ही महीपत बिगहा गांव निवासी मंजू देवी के रूप में की गई है। मंजू और लक्ष्मीनी आपस में बुआ-भतीजी है। दोनों की शादी आसपास के गांव में ही हुई है। उनका मायका माली थाना क्षेत्र के बरियावां गांव में है। शनिवार को लक्ष्मी देवी अपने बेटे गोलू के साथ भाई को राखी बांधने मायके बरियावां गांव जा रही थी। इस दौरान मंजू भी उनके साथ बाइक पर सवार हो गई। तीनों जैसे ही जसोइया मोड़ के समीप पहुंचे, उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सभी को सदर अस्पताल पहुंचा परिजनों को घटना की जानकारी दी गयी। सूचना मिलते ही जख्मी के परिजन अस्पताल पहुंचे तथा आगे इलाज की प्रक्रिया में जुट गए। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने लक्ष्मीनी देवी की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# एसडीओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के प्रारूप प्रकाशन के उपरांत 223-औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र हेतु अनुमंडल कार्यालय सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह ने की। बैठक में मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने अवगत कराया कि प्रारूप प्रकाशन के पश्चात क्षेत्र के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर निर्धारित प्रपत्रों का संकलन किया गया है। कुछ मामलों में आवश्यक दस्तावेजों की कमी पाई गई है जिसके लिए संबंधित बीएलओ पुनः संपर्क कर दस्तावेज संकलित कर रहे हैं। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया। इस पर उपस्थित प्रतिनिधियों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में यह भी बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत प्रखंड कार्यालयों एवं नगर परिषद कार्यालय में विशेष शिविर लगाए गए हैं, जहां नागरिक फॉर्म-6 (नया नाम जोड़ने हेतु), फॉर्म-7 (नाम विलोप हेतु) एवं फॉर्म-8 (संशोधन हेतु) भर सकते हैं। इन शिविरों में गणना प्रपत्रों से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अमित राजन ने स्पष्ट किया कि फॉर्म-6 के साथ 'अनुबंधक-डी' अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा। साथ ही जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्रों की शीघ्र निर्गति हेतु संबंधित अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं ताकि पात्र मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में यह तथ्य सामने आया कि औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र का लिंगानुपात मात्र 886 है, जो राज्य के औसत से काफी कम है। इस गंभीर विषय को देखते हुए महिला एवं युवा मतदाताओं को जोड़ने के लिए विशेष जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत कॉलेजों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं व युवाओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे विशेष शिविरों में भाग लेकर अपने मतदाता पहचान से संबंधित कार्य समय रहते पूर्ण करें ताकि आगामी चुनाव में कोई भी पात्र मतदाता अपने मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

# बाइकों की टक्कर में दो जख्मी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के दानी बिगहा में शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मियों की पहचान शहर के सत्येंद्र नगर मुहल्ला निवासी रोनित कुमार एवं बारून थाना क्षेत्र के पेठारी गांव निवासी रजनीश कुमार के रुप की गई। घटना के बाद वहां मौजूद हिमांशु सिंह समेत अन्य स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया तथा घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही जख्मी के परिजन भी सदर अस्पताल पहुंच गए। दुर्घटना में जख्मी रजनीश ने बताया कि वह शहर के कर्मा रोड में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करता है। शनिवार की सुबह वह अपने गांव राखी बंधवाने गया था। वहां से लौट कर कर्मा रोड जा रहा था तभी दौरान दुर्घटना का शिकार हो गया। वहीं दूसरे बाइक पर सवार रोनित अपनी बहन के साथ बाजार जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही मेन रोड पर पहुंचा, दूसरे लेन में जाने के दौरान जसोइया मोड़ की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बाइक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिसके कारण वह सड़क पर गिरकर जख्मी हो गया। वहीं उसकी बहन बाल-बाल बच गई।

# हमें अपने रिश्तों की अहमियत को समझाता है रक्षाबंधन का त्योहार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों द्वारा शनिवार को रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। जिला मुख्यालय के साथ-साथ प्रखंडों में संचालित ब्रह्माकुमारी सेंटरों की बहनों ने आम आदमी से लेकर अधिकारियों और राजनेताओं को राखी बांधकर रक्षा बंधन का त्योहार मनाया। बारून प्रखंड में संचालित सेंटर की बीके सिंकी दीदी और बीके रंजन भाई ने रक्षाबंधन के अवसर पर नबीनगर स्थित एनटीपीसी में जाकर सीआईएसएफ अधिकारियों और जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर परमात्मा शिव का आशीर्वाद दिया और प्रसाद खिलाई। वहीं विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह एवं उनकी पत्नी दिव्या सिंह को शिव परमात्मा का रक्षा सूत्र बांधी और आशीर्वाद एवं प्रसाद दी। इस दौरान बीके सिंकी दीदी ने कहा कि राखी एक धागा नहीं बल्कि एक भावनात्मक बंधन है। यह त्योहार हमें अपने रिश्तों की अहमियत को समझाता है। कहा कि आपलोग सुबह में परमात्मा को याद करें, आपकी मनोकामना पूर्ण होगी। बीके रंजन भाई ने कहा कि आप जनता के हर सुख-दुःख में खड़ा रहते हैं और आपका कार्य बहुत अच्छा है।

# खेलों का चार दिवसीय महाकुंभ आज से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला स्तरीय प्रतिभा खेल पहचान योजना 'मशाल' प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 13 अगस्त तक गेट स्कूल एवं इंडोर स्टेडियम कैंपस में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन 10 अगस्त को किया जाएगा। मशाल 2024-25 का आयोजन खेल विभाग, शिक्षा विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकार एवं औरंगाबाद जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधधान में किया जा रहा है। मशाल प्रतियोगिता अंडर 14 एवं 16 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के बीच कराया जाएगा। अंडर 14 एवं 16 आयु वर्ग में बालक एवं बालिका वर्ग में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा थ्समें 60 मीटर दौड़, 600 मीटर, 100 मीटर दौड़, 800 दौड़, क्रिकेट बॉल थ्रो, लंबी कूद, साइकिलिंग, फुटबॉल, वॉलीबॉल का आयोजन किया जाएगा। 10 अगस्त को एथेलेटिक्स 60/100/600/800 मीटर दौड़ (सभी वर्ग) एवं फुटबॉल यू/16 (बालक वर्ग) का आयोजन, 11 अगस्त को फुटबॉल यू/14 (बालक वर्ग), वॉलीबॉल यू/16 (बालक वर्ग) एवं साइकिलिंग (सभी वर्गों) का आयोजन, 12 अगस्त को क्रिकेट बाल थ्रो (सभी वर्गो), लंबी कूद (सभी वर्गो) एवं कबड्डी यू/14 एवं यू/16 (बालिका वर्ग) का आयोजन तथा 13 अगस्त को कबड्डी यू/14 एवं यू/16 (बालक वर्ग) का आयोजन किया जा रहा है। जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पु राज ने बताया किजो खिलाड़ी खेलने जा रहे है वो लगता तीन चरणों में प्रथम आए हुए प्रतिभागी हैं। जो प्रतिभागी जिला स्तर पर विभिन्न खेल विधा बार प्रथम आएंगे उन्हें राज्य स्तरीय मशाल प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# नुक्कड़ नाटक कर मतदाताओं को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 के अंतर्गत प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची से संबंधित दावा एवं आपत्ति पंजीकरण प्रक्रिया के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु औरंगाबाद शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। इस दौरान महावीर अखाड़ा बस पड़ाव, सामुदायिक भवन कर्मा भगवान तथा महादलित टोला गांधी मैदान में क्रमवार नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इन नुक्कड़ नाटकों का मंचन ठिठोली सामाजिक एवं सांस्कृतिक दर्पण, औरंगाबाद के टीम लीडर फिरोज अहमद एवं अन्य कलाकारों द्वारा किया गया। कलाकारों ने गीत, संगीत और प्रभावशाली संवादों के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, अपात्र नाम विलोपित कराने तथा पूर्व में दर्ज प्रविष्टियों में संशोधन अथवा स्थानांतरण की प्रक्रिया को सहज और रोचक तरीके से जन-जन तक पहुंचाया। मंचन के दौरान नागरिकों को बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 01 अगस्त से 01 सितंबर तक की अवधि को विशेष दावा एवं आपत्ति दर्ज करने हेतु निर्धारित किया गया है। इस अवधि में सभी पात्र नागरिक अपने नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने, अपात्र प्रविष्टियों को विलोपित कराने अथवा आवश्यक संशोधन एवं स्थानांतरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिले के सभी मतदाताओं एवं पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे इस विशेष अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें ताकि कोई भी योग्य मतदाता मताधिकार के पवित्र अधिकार से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाना न केवल प्रशासन की जिम्मेदारी है, बल्कि प्रत्येक जागरूक नागरिक का भी कर्तव्य है, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके।

